आज का मौसम
30.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.48
सूर्यास्त 06.30

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार
# अमृत विचार
|कानपुर नगर|

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

भाद्रपद शुक्ल पक्ष अष्टमी 12:58 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082
रविवार, 31 अगस्त 2025, वर्ष 4, अंक 11, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 5 रुपये


मराठा आरक्षण को लेकर सरकार के साथ वार्ता विफल- 12


वाणिज्य मंत्रालय शुल्क से निपटने को तैयार -12


भारतीय राज्यों और जापान के प्रांतों के बीच सहयोग बढ़ाने पर सहमति- 13


गिल और रोहित का सीओई में बुमराह, जायसवाल सुंदर के साथ फिटनेस टेस्ट होगा - 14


अमृत विचार
लोक दर्पण
सोशल मीडिया की उपयोगिता के साथ बढ़ती चुनौतियां

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सोशल मीडिया की उपयोगिता के साथ बढ़ती चुनौतियां व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### कालकाजी मंदिर के सेवादार की हत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के कालकाजी मंदिर में 35 वर्षीय एक सेवादार की कुछ लोगों के साथ झगड़े के बाद पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हमलावरों में से एक को पकड़ लिया है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे मंदिर में दर्शन करने आए आरोपियों ने उत्तर प्रदेश के हरदोई निवासी सेवादार योगेंद्र सिंह से चुन्नी प्रसाद मांगा, जिसके बाद विवाद शुरू हुआ। विवाद ने तब हिंसक रूप ले लिया जब समूह ने सिंह पर घूंसे बरसाए और लाठियों से उनकी पिटाई की। उन्हें एम्स के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### पूर्व मुख्य सचिव शंभूनाथ का निधन

**लखनऊ।** यूपी कैडर के 1970 बैच के आईएएस अधिकारी शंभूनाथ का शनिवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उत्तर प्रदेश शासन के विभिन्न पदों से होते हुए वह मुख्य सचिव की कुर्सी तक पहुंचे और वर्ष 2007 में सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के बाद वह साहित्य में पूरी तरह से रम गए थे। वह अच्छे लेखक व वक्ता भी थे। मनोरमा श्रीवास्तव के उपन्यास व्यथा कौन्तेय की के लोकार्पण समारोह में वह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। निराला सभागार में कर्ण की व्यथा, समाज में व्याप्त जातिवादी ताने-बाने से उपजती त्रासदी पर वह धारा प्रवाह बोल रहे थे। यह उनका अंतिम संबोधन था। बोलते-बोलते अचानक सिर टेबल पर रख दिया जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।


तियानजिन हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते चीन के अधिकारी।

# सात साल बाद चीन में मोदी, जिनपिंग से करेंगे वार्ता

- आर्थिक संबंध तथा सीमा विवाद पर बातचीत की संभावना
- एससीओ के दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में भी करेंगे शिरकत

**तियानजिन, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चीन की दो दिवसीय यात्रा पर शनिवार को तियानजिन पहुंचे। सात साल से अधिक समय के बाद चीन की उनकी यह पहली यात्रा है, जो ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति को लेकर भारत और अमेरिका के संबंधों में अचानक गिरावट आई है।

मोदी मुख्य रूप से शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के 31 अगस्त और 1 सितंबर को आयोजित होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए चीन में हैं। हालांकि, उनके रविवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक करने का भी कार्यक्रम है। मोदी और जिनपिंग की बैठक इसलिए अहम मानी जा रही है, क्योंकि भारत और चीन ट्रंप की टैरिफ नीति से वैश्विक व्यापार में उपजे तनाव के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर विचार कर रहे हैं।

बैठक में मोदी और जिनपिंग के भारत-चीन आर्थिक संबंधों का जायजा लेने तथा पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद के बाद रिश्तों में बढ़ी तल्खी को दूर करने के उपायों पर विचार-विमर्श करने की संभावना है। मोदी अपनी दो देशों की यात्रा के दूसरे और अंतिम चरण के तहत जापान से चीन के तियानजिन पहुंचे। एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी के रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और कई अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने की भी संभावना है।

तियानजिन की यात्रा से पहले मोदी ने कहा था कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए भारत और चीन का मिलकर काम करना महत्वपूर्ण है। जापानी अखबार 'द योमिउरी शिंबुन' को शुक्रवार को दिए साक्षात्कार में प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारत और चीन के बीच स्थिर, पूर्वानुमानित और मैत्रीपूर्ण संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति एवं समृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। उन्होंने कहा था कि विश्व अर्थव्यवस्था में मौजूदा अस्थिरता को देखते हुए, भारत और चीन जैसी दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का मिलकर काम करना आवश्यक है, ताकि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाई जा सके।

### सहयोग और दूरदर्शी संबंधों पर सहमति

मोदी की चीन यात्रा चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा के एक पखवाड़े से भी कम समय बाद हो रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ वांग की व्यापक वार्ता के बाद भारत और चीन ने दोनों पक्षों के बीच स्थिर, सहयोगात्मक और दूरदर्शी संबंधों के लिए कई उपायों की घोषणा की। इन उपायों में विवादित सीमा पर संयुक्त रूप से शांति बनाए रखना, सीमाओं को व्यापार के लिए फिर से खोलना और जल्द से जल्द सीधी उड़ान सेवाएं बहाल करना शामिल है।

## यूपी निभा रहा अग्रणी भूमिका

# शस्त्र व शास्त्र के समन्वय से ही राष्ट्र बनेगा शक्तिशाली : योगी

## मुख्यमंत्री ने कहा-ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को भारत के सामर्थ्य का एहसास कराया

- गौतम बुद्ध नगर में रक्षा उपकरण और ड्रोन निर्माण इकाई का किया गया लोकार्पण

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि शस्त्र और शास्त्र के समन्वय से ही राष्ट्र शक्तिशाली बनेगा। गौतमबुद्ध नगर में नोएडा के सेक्टर 80 में राफे एमफ्रिब प्राइवेट लिमिटेड के रक्षा उपकरण इंजन परीक्षण केंद्र के उद्घाटन के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दुनिया को भारत के सामर्थ्य का एहसास कराया। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा उपकरण व ड्रोन निर्माण इकाई, एयरक्राफ्ट इंजन और डिफेंस एयरोस्पेस टेस्ट फेसिलिटी का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश रक्षा उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह नोएडा को डिफेंस हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, जो राष्ट्रीय सुरक्षा को नई ऊंचाई देगा। आज की बढ़ती हुई चुनौतियों को देखते हुए रक्षा क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर का सामना करने के लिए अत्याधुनिक ड्रोन निर्माण के साथ एयरक्राफ्ट इंजन एंड डिफेंस एयरोस्पेस टेस्ट फेसिलिटी विकसित की गई है। पहले हमें दुनिया पर निर्भर रहना पड़ता था, डाटा कैप्चर कर दुश्मन हमें पंगु बनाने की कोशिश करता था। अब ऐसा नहीं होगा। योगी ने यह भी कहा कि वर्ष 1947 से भारत विभिन्न युद्धों का सामना करता रहा है। प्रत्येक युद्ध का पैटर्न बदलता रहा है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने युद्ध के एक नए दौर में प्रवेश किया, जिसने भारत के सामर्थ्य का एहसास दुनिया को कराया। पर इसने हमें भविष्य की चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा भी दी।


गौतम बुद्ध नगर के नोएडा में रक्षा उपकरण और इंजन परीक्षण केंद्र के उद्घाटन के मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य।

### रक्षा विनिर्माण इकाइयों के लिए 12,500 एकड़ भूमि

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में स्थापित किए जा रहे दो रक्षा औद्योगिक गलियारों में से एक उत्तर प्रदेश में विकसित किया जा रहा है। राज्य सरकार ने इसमें रक्षा विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए 12,500 एकड़ भूमि आवंटित की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में गलियारे को अलीगढ़, कानपुर, आगरा और चित्रकूट समेत छह जिलों में विकसित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान अत्याधुनिक ड्रोन और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम का प्रदर्शन किया गया। रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने ड्रोन प्रदर्शनी का दौरा किया, जहां विभिन्न प्रकार के ड्रोन के मॉडल और उनकी क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सीडीएस जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव राजेश कुमार, रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार, सांसद महेश शर्मा समेत कई जनप्रतिनिधि व रक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### ड्रोन को युद्ध नीति का हिस्सा बनाने की जरूरत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ड्रोन को आधुनिक युद्ध नीति का हिस्सा बनाने की जरूरत है। आमतौर पर जब हम 'एयरक्राफ्ट' शब्द सुनते हैं, तो हमारे दिमाग में तेजस, राफेल और लड़ाकू विमानों की तस्वीरें आती हैं। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि ये सभी लड़ाकू विमान हैं। हालांकि, आज के बदलते समय में ड्रोन इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरे हैं। ड्रोन अब उन क्षेत्रों में भी तैनात किए जा रहे हैं, जहां बड़े उपकरण नहीं पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष में ड्रोन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। राजनाथ सिंह ने कहा कि राफे एमफ्रिब प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन विशाल मिश्रा और सीईओ विवेक मिश्रा ने कमाल किया है। इन दोनों ही युवाओं का दावा है कि अमेरिका या चीन दोनों ही हमारे ड्रोन को 'डिटेक्ट' नहीं कर पाएंगे।

# अमेरिकी अदालत ने ट्रंप टैरिफ को बताया मनमाना

- संघीय अदालत ने कहा-राष्ट्रपति ने किया अधिकारों का उल्लंघन
- ट्रंप ने लगाया है भारत, ब्राजील सहित कई देशों पर भारी शुल्क

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के आर्थिक आपातकाल संबंधी कानूनी प्रावधानों का इस्तेमाल कर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शासकीय आदेशों से तमाम देशों के माल पर लगाए गए तरह-तरह के आयात शुल्क को अमेरिका की एक संघीय अपीलीय अदालत ने अधिकारों का उल्लंघन करार देते हुए शुक्रवार को उन्हें गैरकानूनी करार दिया। ट्रंप ने अधिकतर शुल्क अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लगाए थे। विभाजित निर्णय में न्यायालय के सात न्यायाधीशों ने राष्ट्रपति आदेशों के विरुद्ध और चार ने पक्ष में निर्णय दिया। न्यायालय ने इस्पात और एल्युमीनियम पर लगे शुल्कों को छोड़ कर ट्रंप द्वारा लगाए गए अन्य शुल्कों के बारे में कहा कि देश में कोई ऐसी आपदा नहीं है कि इन शुल्कों को उचित करार दिया जाए, जिनसे अरबों डॉलर का आयात प्रभावित हो रहा है। अदालत ने आयात शुल्क को कानून के विपरीत होने के कारण अमान्य घोषित किया है।

अदालत ने हालांकि आयात शुल्क को अस्थायी रूप से लागू रहने दिया, जिससे प्रशासन को इस फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने का समय मिल गया है।



### निर्णय के खिलाफ करेंगे अपील : ट्रंप

ट्रंप ने इस निर्णय के विरुद्ध अपील करने की घोषणा की है। ट्रंप ने भारत और ब्राजील पर सबसे अधिक 50 प्रतिशत का कर लगाया है। अदालत ने कहा है कि राष्ट्रपति ने बहुत से शुल्कों के मामले में अपने अधिकारों का उल्लंघन किया है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर चेतावनी देते हुए लिखा कि सभी आयात शुल्क अब भी लागू हैं! उन्होंने अपीलीय न्यायालय को अत्यधिक पक्षपातपूर्ण बताया।

# चार मेडिकल कॉलेजों में आरक्षण शासनादेश रद्द

- हाईकोर्ट ने दिया नए सिरे से सीटों को भरने का आदेश, कहा, 50 प्रतिशत की आरक्षण सीमा को नहीं लांघ सकते

**विधि संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अंबेडकर नगर, कन्नौज, जालौन व सहारनपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेजों के संबंध में पारित शासनादेशों को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने पाया कि उक्त शासनादेशों के जरिए आरक्षित वर्ग के लिए 79 प्रतिशत से अधिक सीटें सुरक्षित की गई हैं। राज्य सरकार की ओर से अनुरोध किया गया कि उक्त मेडिकल कॉलेजों में सीटें वर्तमान फार्मूले के अनुसार भरी जा चुकी हैं। कोर्ट इससे संतुष्ट नहीं हुई और आदेश दिया है कि उक्त कॉलेजों में आरक्षण अधिनियम, 2006 का अनुपालन करते हुए नए सिरे से सीटें भारी जाएं।

उक्त निर्णय न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने नीट अभ्यर्थी साबरा अहमद की याचिका पर पारित किया है। याची के अधिवक्ता मोतीलाल यादव ने दलील दी कि याची ने नीट-2025 की परीक्षा दी है जिसमें उसे 523 मार्क्स मिले तथा उसकी ऑल इंडिया रैंक 29061 रही। कहा गया कि शासनादेशों दिनांक 20 जनवरी 2010, 21 फरवरी 2011, 13 जुलाई 2011, 19 जुलाई 2012, 17 जुलाई 2013 व 13 जून 2015 के द्वारा उक्त मेडिकल कॉलेजों में आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 79 प्रतिशत से ज्यादा कर दी गई। जो 50 प्रतिशत की सीमा से अधिक आरक्षण न होने संबंधी सिद्धांत के विपरीत है। उक्त मेडिकल कॉलेजों में राज्य सरकार के कोटे की कुल 85-85 सीटें हैं। जबकि सिर्फ 7-7 सीटें अनारक्षित श्रेणी के लिए हैं।

## बेल्जियम में चोकसी की जमानत अर्जी फिर खारिज

**नई दिल्ली।** बेल्जियम की एक अपील अदालत ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से करीब 13000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में भारत में वांछित भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की जमानत याचिका को एक बार फिर खारिज कर दिया है।

यह फैसला चोकसी के प्रत्यर्पण मामले की सुनवाई से ठीक पहले आया है। कोर्ट ने सीबीआई द्वारा बेल्जियम अभियोजन पक्ष को दिए गए ठोस कारणों के आधार पर अपील को खारिज कर दिया। सीबीआई ने जानकारी दी थी कि चोकसी कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए पहले भी कई न्यायालयों के न्यायाधिकार क्षेत्र से भाग चुका है।

**ऑपरेशन सिंदूर** | वायुसेना उप प्रमुख एयर मार्शल तिवारी बोले-भारतीय वायुसेना के लिए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि

# दागे 50 से भी कम अस्त्र...और घुटनों पर आ गया पाकिस्तान

- हमने पाकिस्तानी हमले का दिया माकूल जवाब, चौतरफा निशाना साधकर दिया सही संदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वायुसेना उपप्रमुख एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने शनिवार को कहा कि भारतीय वायुसेना द्वारा पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर 50 से भी कम अस्त्र दागे गए और इसी में 10 मई की दोपहर तक इस्लामाबाद को संघर्ष रोकने का अनुरोध करना पड़ा। वायुसेना उप प्रमुख ने मिशन का जिक्र करते हुए कहा कि नौ और दस मई की मध्य रात्रि पाकिस्तान के हमले के बाद किए गए हमलों के साथ भारतीय वायुसेना पाकिस्तानी सेना पर पूर्ण प्रभुत्व हासिल करने में सक्षम रही। तिवारी ने राजधानी में आयोजित एक डिफेंस समिट में कहा कि यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी कि 50 से भी कम अस्त्रों में हम पूर्ण प्रभुत्व हासिल करने में सक्षम रहे। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ।

ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ वायुसेना अधिकारी ने कहा कि मिशन के दौरान जिन पाकिस्तानी ठिकानों को नष्ट किया गया, उनमें से कुछ ऐसे थे जो 1971 के युद्ध के दौरान भी नष्ट नहीं हुए थे। हमने हर अस्त्र का इस्तेमाल किया और इससे हमारे योजनाकारों तथा मिशन को अंजाम देने वाले लोगों की क्षमता का पता चलता है। भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसके तहत पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया था। दोनों देशों के बीच चार दिन तक भीषण झड़पें हुईं, जो 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति के साथ समाप्त हुईं। वायुसेना उप प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित घटनाक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर भारत की प्रतिक्रिया का भी ब्योरा दिया। एयर मार्शल ने कहा कि भारत सात मई को तड़के पाकिस्तानी आतंकी ढांचे पर हमला करने के बाद स्थिति को और बिगाड़ने का इच्छुक नहीं था। हमें जवाब की उम्मीद थी और हमने उसे संतुलित रखा और हमने सिर्फ़ सैन्य ठिकानों पर ही हमला किया। लेकिन जब 9-10 मई की रात को मुख्य हमला हुआ, तो हमने तय किया कि हमें सही संदेश देना होगा। हमने उन्हें चौतरफा निशाना बनाया।



### 1971 के युद्ध के अछूते ठिकानों को भी किया नष्ट

वायुसेना अधिकारी ने कहा कि ऐसे लक्ष्य नष्ट किए गए, जिन्हें 1971 के युद्ध के दौरान भी नष्ट नहीं किया जा सका था। उन्होंने कहा कि इस हमले के पीछे का उद्देश्य पाकिस्तान की क्षमता को खत्म करना और सही संदेश भेजना था। एयर मार्शल ने कहा कि दुश्मन के लक्ष्यों पर प्रहार करने के लिए लंबी दूरी तक निशाना लगाना जोखिम भरा होता है, लेकिन वायुसेना ने मिशन को पूर्णता के साथ अंजाम दिया। कहा कि इस रेंज से सटीक निशाना लगाना आवश्यक होता है, क्योंकि दूरी जितनी लंबी होगी, नुकसान की संभावना उतनी ही अधिक है।

# जम्मू-कश्मीर में बादल फटने और भूस्खलन की घटना में 11 की मौत

## रियासी जिले में मलबे में दबकर एक ही परिवार के 7 लोगों की गई जान

- रामबन जिले में बादल फटने से दो भाइयों समेत 4 लोगों की हुई मौत

**जम्मू, एजेंसी**

पिछले एक पखवाड़े से कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने के बाद जनजीवन को पटरी पर लाने के लिए जूझ रहे जम्मू-कश्मीर के रियासी और रामबन जिलों में दूरदराज के गांवों में भारी बारिश के कारण बादल फटने और भूस्खलन की दो घटनाओं में एक ही परिवार के सात सदस्यों सहित 11 लोगों की मौत हो गई। जम्मू-कश्मीर में रामबन जिले के खूनी नाला क्षेत्र में गुरुवार को भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ, जिससे बिचालरी नदी का प्रवाह अवरुद्ध हो गया और पानी जमा होने से निचले इलाकों के गांव, खासकर 20 घरों वाले करलाना गांव में अब बाढ़ का खतरा है।

रियासी जिले के एक सुदूरवर्ती गांव में शनिवार तड़के भूस्खलन से एक मकान के ढह जाने के कारण एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि माहोरे के बद्दर गांव में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन की वजह से एक मकान ढह गया। उन्होंने बताया कि परिवार के सातों सदस्यों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मृतकों की पहचान नजीर अहमद, उसकी पत्नी वजीरा बेगम और उनके बेटों बिलाल अहमद, मोहम्मद मुस्तफा, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद मुबारक और मोहम्मद वसीम के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि नजीर और उनका परिवार सो रहा था, तभी पहाड़ी ढलान पर स्थित उनका घर भूस्खलन के कारण गिरे मलबे की चपेट में आ गया। रामबन जिले के एक सुदूर गांव में बादल फटने से दो भाइयों समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला लापता है।

अधिकारियों ने बताया कि बादल फटने के कारण अचानक आई बाढ़ में दो मकान और एक विद्यालय बह गए। अधिकारियों ने बताया कि जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित पर्वतीय क्षेत्र राजगढ़ में रविवार देर रात करीब साढ़े 11 बजे बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। रामबन के उपायुक्त मोहम्मद अलयास खान ने कहा स्थानीय स्वयंसेवकों, पुलिस और एसडीआरएफ सहित बचावकर्मियों ने तलाश अभियान चलाया और मलबे के नीचे से चार लोगों के शव बरामद किए। एक अन्य लापता महिला की तलाश जारी है। खान और रामबन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अरुण गुप्ता बचाव एवं राहत अभियान की निगरानी के लिए तड़के घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने मृतकों की पहचान अश्विनी शर्मा, उसके भाई द्वारका नाथ, उसकी भतीजी विरता देवी और उनके घर आए मेहमान ओम राज के रूप में की है। ओम राज राजगढ़ के बंशारा का निवासी था। बचावकर्मी शर्मा की भाभी विद्या देवी की तलाश कर रहे हैं।


रामबन के राजगढ़ में बचाव कार्य करते पुलिसकर्मी और अन्य लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### कुरीतियों के खिलाफ आगे आएं छात्राएं : राज्यपाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोरखपुर स्थित सरस्वती बालिका विद्यालय की 12 मेधावी छात्राओं व शिक्षिकाओं ने शनिवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। इस मौके पर राज्यपाल ने दहेज प्रथा, बाल विवाह व सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ छात्राओं को आगे आने का आह्वान किया। मुलाकात के दौरान छात्राओं ने राज्यपाल से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे। इनमें कौशल विकास व व्यवसायिक प्रशिक्षण का भविष्य व इसमें सरकारी सहयोग, राज्य के विकास के लिए के लक्ष्य, कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए सरकारी सुविधाएं, युवाओं की राजनीति में सहभागिता का स्वरूप, वर्तमान परिदृश्य में बालिकाओं के लिए राज्यपाल का संदेश, नारी वंदन अधिनियम, उच्च शिक्षा की बढ़ी हुई फीस और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए अवसर आदि शामिल रहे।



### घुमंतू जातियों को लेकर विजन प्रस्तुत करेंगे योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार के प्रयासों से समाज के सबसे निचले पायदान पर स्थित विमुक्त व घुमंतू जातियों तक न केवल मूलभूत सुविधाएं पहुंच रहीं हैं, बल्कि उनके आर्थिक व सामाजिक उन्नयन के अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में, रविवार को 'विमुक्त जाति दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी प्रदेश में विमुक्त व घुमंतू जातियों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख करेंगे। समाज कल्याण विभाग द्वारा भागीदारी भवन में रविवार सुबह साढ़े 10 बजे आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी के साथ मंत्री नरेंद्र कश्यप, असीम अरुण और संजीव कुमार गोंड की मौजूदगी में विकासोन्मुख योजनाओं के बारे में संवाद व चर्चा का आयोजन होगा।

### पुरातत्व हमें अतीत से जोड़ता है : प्रो. मांडवी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ के भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने कहा कि पुरातत्व हमें अतीत से जोड़ता है और वर्तमान में हमारी सांस्कृतिक चेतना को सशक्त बनाता है। यह 11 दिवसीय पुरातत्व अभिरुचि कार्यक्रम न केवल हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को समझने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि इसे सुरक्षित रखने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने की प्रेरणा भी देता है। कुलपति, पुरातत्व विभाग में शनिवार को पुरातत्व अभिरुचि पाठ्यक्रम के 11वें दिन समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। उन्होंने 11 दिनों तक चले पाठ्यक्रम पर आधारित असाइनमेंट प्रतियोगिता में श्रेष्ठ पांच प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए। इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया।

### विभाग को मिले 22 नए एक्स-रे टेक्नीशियन

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग को 22 नए एक्स-रे टेक्नीशियन मिल गए हैं। उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित टेक्नीशियनों का वेतनमान 35400 से 112400 है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन पाल सिंह सुमन ने बताया कि इन टेक्नीशियनों को तैनाती दे दी गयी है, इन्हें एक माह के अंदर संबन्धित अस्पताल में ज्वाइनिंग देनी हैं। उन्होंने बताया कि नए एक्स-रे टेक्नीशियन के आने से अस्पतालों में कमी दूर होगी, मरीजों की सुविधाएं सुलभ होंगी।

# बाढ़ प्रभावितों को न हो असुविधा

## मुख्यमंत्री ने गाजीपुर में बाढ़ का हवाई सर्वे कर दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



गाजीपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वे करते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को वाराणसी प्रवास के बाद गाजीपुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हेलीकॉप्टर से हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने हेलीकॉप्टर से बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के बाद जिला व मंडल स्तर के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रशासनिक अमला सतत निगरानी में रहे। शरणालयों में रहने वाले लोगों को भोजन, पानी और स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार हर नागरिक के साथ खड़ी है और आपदा की इस घड़ी में किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने मवेशियों के चारे, पीने के पानी की शुद्धता और स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने बाढ़ग्रस्त गांवों में दवाओं, एंटी स्नेक वैनम और एंटी रैबिज टीकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# योगी ने वाराणसी में सुनीं लोगों की समस्याएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



वाराणसी में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी प्रवास के दौरान शनिवार को जनता दर्शन में 100 से अधिक लोगों की फरियाद सुनीं। उन्होंने तत्काल समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने आयुक्त, पुलिस आयुक्त, जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों को समस्या का त्वरित निस्तारण कराने व पीड़ितों से 'फीडबैक' लेने का निर्देश दिया।

जनता दर्शन में पहुंचे एक दिव्यांग फरियादी ने नेत्रहीनों के लिए डिजिटल लाइब्रेरी व एक कलाकार ने प्रदर्शनी लगाने के लिए उचित दर पर हॉल की मांग की। सीवर कनेक्शन, कच्ची सड़कों के पक्का करने, जमीन व चक रोड से सम्बंधित मामले भी आए। राजस्व से संबंधित शिकायतें भी पहुंचीं। चंदौली से आए फरियादी ने मुआवजा न मिलने की शिकायत की। पुलिस से जुड़ीं शिकायतें भी लेकर लोग यहां पहुंचे। मुख्यमंत्री पीड़ितों के साथ आए बच्चों से भी मिले। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने व उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# मंदिर को बाबर ने मस्जिद में बदला

## संभल मुददे पर न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट को कैबिनेट में ले जाएंगे : ब्रजेश पाठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लोकभवन में पत्रकारों को जानकारी देते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि संभल मुददे पर न्यायिक जांच आयोग ने रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप दी है। जांच रिपोर्ट अभी सार्वजनिक नहीं हुई है। हम इसे कैबिनेट में ले जाएंगे, इसके उपरांत कार्रवाई के लिए उसे आगे भेजेंगे। उप मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि आज की बातचीत न जांच रिपोर्ट से प्रेरित है और न ही उसका संदर्भ लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के पहले और 2024 से लेकर कई बार संभल की चर्चा आई है।

उप मुख्यमंत्री शनिवार को लोकभवन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संभल में डेमोग्राफी बदलने के बारे में समय-समय पर मीडिया रिपोर्ट आती रहती है। डेमोग्राफी बदलने के लिए कुछ गिरोह विदेशी ताकतों के इशारे पर करते हैं। हम किसी भी स्थिति में डेमोग्राफी बदलने नहीं देंगे और पूर्ववर्ती स्थिति मेंटेन करेंगे। उन्होंने कहा कि 1924 में संभल में दंगा हुआ था। कई हिंदू परिवारों को मौत के घाट उतारा गया था। उस समय महात्मा गांधी ने जवाहर लाल नेहरू से कहा था कि आप वहां का दौरा कीजिए। नेहरू ने 8-10 सितंबर 1924 को दौरा किया और 12 सितंबर को 13 पन्नों की रिपोर्ट महात्मा गांधी को सौंपी थी।

### नेहरू की रिपोर्ट में भी था संभल में हिंदुओं का उत्पीड़न

ब्रजेश पाठक ने नेहरू की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि रिपोर्ट में स्पष्ट है कि संभल में हिंदू सदा पीड़ित रहे। तुष्टिकरण और समाज को बांटने वाली सरकारों ने जनसंख्या संतुलन को बिगड़ने दिया। इतना ही नहीं, रिपोर्ट में नेहरू ने कहा था कि हरिहर मंदिर महाराज पृथ्वीराज चौहान ने बनवाया था। बाबर ने इसे मस्जिद में बदलने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि सनातन ग्रंथों में जानकारी मिलती है कि संभल में भगवान कल्कि का अवतार होने वाला है, इसलिए हर भारतवासी के मन में संभल के प्रति अटूट आस्था रही है।

### काम्पिल्य के पर्यटन विकास को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** केंद्र सरकार ने महाभारत सर्किट के अंतर्गत फर्रूखाबाद के पौराणिक स्थल काम्पिल्य (कम्पिल) के पर्यटन विकास योजना को मंजूरी दे दी है। इसके लिए राज्य सरकार ने चार करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि महाभारत काल में काम्पिल्य, पांचाल की राजधानी रही है। मान्यता है कि यहीं द्रौपदी का जन्म और बाद में स्वयंवर हुआ था। द्रौपदी कुंड आज भी यहां विद्यमान है। जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विकास के अंतर्गत प्रवेश द्वार, सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था, सूचना केंद्र, शौचालय, पेयजल व्यवस्था, विश्राम स्थल का निर्माण आदि सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

# थारू जनजाति के 371 समूह गठित, मिलेगा फंड

- लखीमपुर खीरी में थारू हस्तशिल्प कंपनी का गठन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा, चाहे वह वनवासी हों, वंचित वर्ग हो या विशेष जनजातियां, सभी को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आजीविका से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। थारू जनजाति को एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। भविष्य में अन्य विशेष जनजातियों और वनवासी समुदायों को भी इसी पैटर्न पर सशक्त बनाया जाएगा।

उक्त क्रम में ही, शासकीय अधिकारी ने शनिवार को बताया कि तीन जिलों में थारू जनजाति के कुल 371 समूह गठित किए गए हैं। प्रत्येक समूह को 30 हजार रुपये का रिवॉल्विंग फंड और 1.5 लाख रुपये का कम्युनिटी इंवेस्टमेंट फंड (सीआईएफ) दिया गया है। उन्होंने बताया कि थारू समुदाय को राष्ट्रीय एवं वैश्विक मंच देने के लिए लखीमपुर खीरी के पलिया ब्लॉक में थारू हस्तशिल्प कंपनी की स्थापना की गई है। यह कंपनी एफडीआरवीसी के सहयोग से स्थापित हुई है।

# कानपुर के पुलिस आयुक्त को तत्काल करें कार्यमुक्त

- केंद्र सरकार ने प्रदेश सरकार को भेजा पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को पत्र भेजकर कानपुर के पुलिस आयुक्त अखिल कुमार को तत्काल कार्यमुक्त करने का निर्देश दिया है। केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय की ओर से मुख्य सचिव को पत्र लिखा गया है।

पिछले दिनों 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी अखिल कुमार का स्थानांतरण किया गया था। बीती 25 अगस्त की रात को अखिल कुमार का स्थानांतरण केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन में प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद पर किया गया। यह नियुक्ति अतिरिक्त सचिव के रैंक में है। अखिल कुमार कानपुर में 'ऑपरेशन महाकाल' के तहत अखिलेश दुबे जैसे प्रभावशाली व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए चर्चित हैं। सामान्य प्रक्रिया के तहत राज्य सरकार को अखिल कुमार को नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) के साथ कार्यमुक्त करना था, जिसमें एक महीने तक का समय लग सकता था, पर गृह मंत्रालय के पत्र ने उनकी नई तैनाती की प्रक्रिया को तेज कर दिया है।

# भाजपा का 'जुगाड़ आयोग' बन गया चुनाव आयोग

- बिहार में इंडिया गठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा में शामिल हुए सपा प्रमुख

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान आयोजित सभा के दौरान जनसमूह को संबोधित करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

**अमृत विचार:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि देश की जनता को उम्मीद रहती है कि चुनाव आयोग निष्पक्ष कार्य करेगा। संविधान में दिए गये वोट के अधिकार को बचाएगा, लेकिन आयोग भाजपा से मिलकर कार्य कर रहा है। भाजपा ने चुनाव आयोग को अपना जुगाड़ आयोग बना लिया है। चुनाव आयोग भाजपा का जुगाड़ आयोग बन गया है।

सपा प्रमुख शनिवार को बिहार के सिवान-छपरा-आरा में वोटर अधिकार यात्रा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार में जो एसआईआर हो रहा है, उससे सिरफिरा कोई दूसरा फैसला नहीं हो सकता है। यह सिरफिरा फैसला भाजपा के इशारे पर हुआ है। बिहार की जनता से वोट के अधिकार को छीना जा रहा है। जनता चुनाव में भाजपा को इसका जवाब देगी। बिहार की जनता तेजस्वी यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार को उखाड़ फेकेंगी। इस बार भाजपा का पलायन होगा। इंडिया गठबंधन भाजपा, चुनाव आयोग और अधिकारियों के तीन तिगाड़ा को तोड़ने का काम करेगा। अखिलेश यादव ने कहा, इसी बिहार ने पहले भी भाजपा का रथ रोका था।

### कांग्रेस नेताओं ने काली पट्टी बांध किया विरोध

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिहार में सदाकत आश्रम पर भाजपा कार्यकर्ताओं के हमले के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने शनिवार को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों पर काली पट्टी बांधकर रामधुन गाकर अपना विरोध जताया। प्रदर्शन में पूर्व सांसद पीएल पुनिया, पूर्व विधायक सतीश अजमानी, राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह बब्लू, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ. शहजाद आलम, डॉ. जियाराम वर्मा आदि शामिल रहे।

# रूफटॉप सोलर पर मिलेगी छूट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** पीएम सूर्यघर योजना में अधिक से अधिक सोलर पैनल स्थापित करने के लिए प्रदेश में 10 किलोवाट बिजली भार तक के रूफटॉप सोलर उपभोक्ताओं को छूट मिलेगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने शनिवार को इस सिलसिले में आदेश जारी किया।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग ने हाल ही में एक आदेश जारी कर राज्य में नए रूफटॉप सौर ऊर्जा उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कुछ छूटों को मंजूरी दी है। यह आदेश उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (यूपीएनईडीए) की एक याचिका के बाद आया है। इसमें रूफटॉप सौर ऊर्जा कार्यक्रम के तहत उपभोक्ताओं को अपनाने में तेजी लाने के लिए कई छूटों की मांग की गई थी।

पावर कॉर्पोरेशन और नोएडा पावर कंपनी ने वितरण निगमों पर प्रतिकूल वित्तीय प्रभाव का हवाला देते हुए आपत्ति जताई थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद आयोग ने कुछ छूट दी, पर कुछ को अस्वीकार कर दिया। नियामक आयोग ने यूपीएनईडीए और वितरण निगमों को राज्य में रूफटॉप सौर परियोजनाओं के सुचारू कार्यान्वयन के लिए संयुक्त रूप से एक मानक संचालन प्रोटोकॉल (एसओपी) तैयार करने का भी निर्देश दिया है।

**ये छूट मिलेगी**

- रूफटॉप सौर उपभोक्ताओं के लिए आवेदन और पंजीकरण शुल्क माफ।
- अंतर्संयोजन समझौते पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता से छूट।
- नेट-मीटर परीक्षण शुल्क माफ किया जाएगा।
- रूफटॉप प्रणालियों के लिए अधिकतम एसी-साइड संयंत्र क्षमता डीसी-साइड क्षमता के 90 प्रतिशत के बराबर होगी।

### मेडिकल कॉलेजों में शुल्क वृद्धि से रोष

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के निजी मेडिकल कॉलेजों में अध्ययनरत एमबीबीएस व पीजी छात्रों के लिए शुल्क को लेकर समस्या खड़ी हो गयी है। इस साल मेडिकल कॉलेजों द्वारा शुल्क बढ़ा दिया गया था, जिसके बाद छात्रों के अभिभावकों ने मनमाने तरीके से फीस वसूलने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पूर्व में निर्धारित शुल्क बहाल करने की गुहार लगाई है। कई मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने न्यायालय की शरण ली और बीच में फीस बढ़ा दी गई। अब कॉलेजों ने साफ कह दिया है कि बढ़ी हुई फीस जमा नहीं करने वाले छात्रों को परीक्षा में नहीं बैठने दिया जाएगा। अभिभावकों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर बीच सत्र में ही अतिरिक्त फीस वसूली रोकने की मांग की है।

# वाहन की फिटनेस जांचने को लखनऊ समेत चार जिलों में दूसरा एटीएस

- ऑटोमेटिक टेस्ट स्टेशन के जरिए और पारदर्शी होगी प्रक्रिया
- आगरा, कानपुर नगर व मिर्जापुर में हो गए दो-दो एटीएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने के लिए राजधानी समेत प्रदेश में चार नए स्वचालित परीक्षण स्टेशन (एटीएस) स्थापित हुए हैं, जिसके बाद प्रदेश में कुल एटीएस की संख्या 14 हो गई है। नए एटीएस उन्हीं जिलों में दिए गए हैं, जहां वाहनों की संख्या अधिक है और प्रमाण पत्र जारी होने में देर हो रही है। इस संबन्ध में परिवहन आयुक्त द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।

परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने शनिवार को बताया कि राजधानी में एकेआरएस एटीएस प्राइवेट लि., आगरा में शार्प-एन-इंडिया विद ट्रिपलिया टेक इंटीग्रेटर, कानपुर में मेसर्स एयर सेल्स कार्पोरेशन और मिर्जापुर में मेसर्स ममता हाइजीन प्रोडक्ट्स प्राइवेट लि. को एटीएस की स्वीकृति दी गयी है। अब इन जिलों में वाहनों का फिटनेस परीक्षण के लिए दो एटीएस उपलब्ध हो चुके हैं। इसके अलावा प्रदेश में फिरोजाबाद, बिजनौर, झांसी, मुरादाबाद, कानपुर देहात, वाराणसी, बरेली, मुरादाबाद (द्वितीय), फतेहपुर और रामपुर में एटीएस कार्यरत हैं। ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि किसी भी जिले में अधिकतम तीन एटीएस स्थापित किए जा सकते हैं। यह पहले आओ, पहले पाओ के सिद्धांत पर पात्र आवेदनों को प्राथमिकता दी जाती है। इसके लिए वाहन जांच के लिए प्रत्येक लेन के लिए निर्धारित भूमि, बतौर आवेदन शुल्क 50 हजार रुपये ऑनलाइन जमा करना होता है, पांच लाख रुपये की बैंक गारंटी देनी होती है। आवेदन पोर्टल के माध्यम से किया जाता है।

# मत्स्य पालकों के बनाएं क्रेडिट कार्ड

- समीक्षा बैठक में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बैठक करते मंत्री डॉ. संजय निषाद।

**अमृत विचार :** मत्स्य विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने निर्देश दिए कि मत्स्य पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित किया जाए, इसके लिए बैंकों से संपर्क कर स्वीकृति कराई जाए। साथ ही मछुआ दुर्घटना बीमा योजना का प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक मत्स्य पालकों-मछुआरों को लाभान्वित कराया जा सके।

मत्स्य विकास मंत्री शनिवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मत्स्य विभाग अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत जारी बजट का उपभोग प्रमाण पत्र भारत सरकार को प्रेषित किया जाए, ताकि अगली किश्त जारी हो सके और चयनित परियोजनाएं यथा समय पूर्ण हों। डॉ. संजय निषाद ने कहा कि मत्स्य पालकों के प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम, मत्स्य पालक कल्याण कोष एवं एनएफडीबी के माध्यम से कराया जाए ताकि उन्हें नई तकनीकी की जानकारी प्राप्त हो। बैठक में संचालित केंद्र पुरोनिधानित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं राज्य सेक्टर की योजनाओं के बारे विमर्श हुआ।

**आयोजन**

**भोजपुरी, अवधी, बुंदेली और थारू जैसी लोक परंपराओं का होगा प्रदर्शन**

# सांस्कृतिक रंगों से सराबोर होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 सांस्कृतिक रंगों से सराबोर होगा। यह सिर्फ व्यापार ही नहीं, कला-संस्कृति का भी संगम बनेगा। इस मेगा आयोजन की हर शाम रंगारंग प्रस्तुतियों से सराबोर होगी। भोजपुरी, अवधी, बुंदेली और थारू जैसी लोक परंपराओं का प्रदर्शन होगा। सूफी गायन, कथक नृत्य और सुगम संगीत तक का संगम देखने को मिलेगा। 'निरहुआ' से लेकर पद्मश्री मालिनी अवस्थी अपनी-अपनी प्रस्तुतियां देंगी।

**पहला दिन : भोजपुरी और कथक का संगम**

25 सितंबर की शाम की शुरुआत भोजपुरी सुपर स्टार दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' की गायकी से होगा। इसी दिन वाराणसी की सोनी सेठ 'राम रामेति रामायाः' शीर्षक कथक नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगी। इसके साथ ही संस्कृति गाथा गर्ल्स बैंड की मोहिनी, सोनल और अनन्या लोकधुनों की मधुरता बिखेरेंगी, जबकि मेरठ के पवन धानक अपनी शहनाई की प्रस्तुति देंगे।

**दूसरा दिन : सूफी और रसिया की जुगलबंदी**

26 सितंबर को सूफी और ब्रज संस्कृति के नाम मंच होगा। रीवा की गायिका प्रतिभा सिंह बघेल अपने सूफी गायन से समां बांधेंगी, वहीं मथुरा के मुरारी लाल शर्मा चरकुला नृत्य के जरिए ब्रज की अनूठी परंपरा दिखाएंगे। गजेन्द्र सिंह रसिया गायन और नोएडा की नीलाक्षी राय सूफी नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगी।

**तीसरा दिन : अवधी लोकगायन और थारू नृत्य**

27 सितंबर की शाम लखनऊ की पद्मश्री मालिनी अवस्थी के अवधी लोकगायन से सराबोर होगी। साथ ही महाराजगंज के अमित अंजन लोक गायन प्रस्तुत करेंगे। अयोध्या की संगम लता बधावा नृत्य से दर्शकों को लुभाएंगी, जबकि पीलीभीत की रिंकू देवी थारू नृत्य के जरिए आदिवासी परंपरा का जादू बिखेरेंगी।

**चौथा दिन : बुंदेली और राई-सैरा की झलक**

28 सितंबर को मंच पर बुंदेलखंड और उसकी सांस्कृतिक धरोहर आएंगे। बस्ती के ब्रजेश शाण्डिल्य भजन गायन से भक्तिभाव का माहौल बनाएंगे। अंबेडकरनगर की मानसी सिंह रघुवंशी लोकगायन करेंगी। ललितपुर के जितेन्द्र कुमार बुंदेली गायन से मन मोह लेंगे और मोहिनी राई-सैरा लोकनृत्य प्रस्तुत करेंगी।

**पांचवा दिन : सुगम संगीत और कबीर गायन से समापन**

29 सितंबर की अंतिम शाम को आधुनिक और आध्यात्मिक संगीत का संगम देखने को मिलेगा। लखनऊ की लोकप्रिय जोड़ी सचेत-परम्परा सुगम संगीत से समां बांधेंगे। सोनभद्र के संतोष मादल सिंहा नृत्य से लोकजीवन की ऊर्जा दिखाएंगे। प्रयागराज के जलज श्रीवास्तव कबीर गायन से संत परंपरा को जीवंत करेंगे और नोएडा की अनुराधा शर्मा कथक नृत्य से कार्यक्रम का भव्य समापन करेंगी।

न्यूज ब्रीफ


सड़क पर घूमते अन्ना गोवंश।

### क्षेत्र की सड़कों पर घूम रहे अन्ना गोवंश

**सिकंदरा।** तहसील क्षेत्र के यमुना नदी में बाढ़ की वजह से छोड़े गए गोवंश कस्बे तक पहुंच गए हैं। इसकी संख्या बढ़ने से आसपास के गांवों में फसलों की सुरक्षा की चिंता बढ़ गई है। कस्बे के इच्छाराम दुबे, नाथूराम कटियार, रामबाबू कटियार, संदीप कटियार, अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि सरकार के निर्देशों का अधिकारी अनदेखा करते हैं, जिससे गोवंश नई मुगल रोड पर बसेरा बन लेते हैं। इससे हादसे भी होते हैं। ईओ कहते हैं, जल्द ही गौशाला का निर्माण पूरा कराकर निजात दिलाई जाएगी।

### शराब माफिया को ले गई एसटीएफ टीम

**रसूलाबाद।** क्षेत्र के कुरंगना गांव के रहने वाले एक व्यक्ति को शुक्रवार की शाम एसटीएफ की टीम उठा ले गई। ग्रामीणों की मानें तो सपा शासन काल में अच्छी रसूख और पैठ रखने वाले इस व्यक्ति को क्षेत्र में शराब माफिया निर्देश यादव के रूप में जाना जाता है। इस संबंध में थाना प्रभारी हरमीत सिंह ने बताया कि एसटीएफ की टीम उसे ले गई है। उसे किन आरोपों में ले गया है, इसके बारे में पुलिस को विशेष जानकारी नहीं है।

### बाढ़ सिमटी, पर चारे कीचड़ की समस्या

**कानपुर देहात।** यमुना की बाढ़ सिमट गई है, मगर पीड़ितों को कई दुश्वारियां दे गई है। सबसे ज्यादा गलियों में कीचड़ और पशुओं के लिए चारे की समस्या है। नयापुरवा और मुसरिया गांव के रास्ते खुलने के बाद जिंदगी पटरी पर लौट रही है, मगर जाइन पधार गांव के रास्त पर पानी भरा होने से मुसीबत खत्म नहीं हुई है। पड़ाव, नगीना मोड़ सहित कई गांवों के लोग गृहस्थी को पटरी पर लाने की कोशिश कर रहे हैं।


हादसे के बाद अस्पताल में एकत्र हुई भीड़ के बीच घिरे पुलिस के अधिकारी। अमृत विचार


तीनों युवकों के जिला अस्पताल पहुंचने पर परिवार और पड़ोस के लोग भी पहुंच गए। अमृत विचार


हादसे में बचे इसरार से अस्पताल में जानकारी लेते एसपी और नायब तहसीलदार। अमृत विचार

# टैंक में जहरीली गैस से तीन मजदूरों की मौत

## अकबरपुर के कंहैया नगर में सीवर टैंक की शटरिंग खोलते समय हुआ हादसा, एक मजदूर की हालत अभी भी नाजुक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार:** अकबरपुर के कन्हैया नगर में निर्माणाधीन मकान के सीवर टैंक की शटरिंग खोलने के लिए उतरे ठेकेदार और तीन मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए। पुलिस ने फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से चारों को टैंक से बहार निकालकर जिला अस्पताल भेजा, जहां ईएमओ ने परीक्षण के बाद तीन को मृत घोषित कर दिया, जबकि चौथे की हालत नाजुक बनी हुई है। एसपी और एएसपी ने घटनास्थल के साथ जिला अस्पताल पहुंचकर छानबीन की।

अकबरपुर के कन्हैया नगर मोहल्ले में रामनारायण का नया मकान निर्माणाधीन है। मकान में करीब एक माह पहले सीवर टैंक की ढलाई हुई थी। शनिवार को शटरिंग हटाने के लिए सबसे पहले ठेकेदार अमन टैंक में उतरा, लेकिन जहरीली गैस की चपेट में आने से वह बाहर नहीं निकल पाया। उसे बचाने के लिए उसके साथी मजदूर इसरार, मोबिन और सर्वेश भी टैंक में उतर गए, लेकिन ये तीनों भी बेहोश होकर गिर पड़े। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई।

हादसे की सूचना मिलते ही अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की टीम को मौके पर बुलाकर बांस आदि के सहारे किसी तरह सभी मजदूरों को बाहर निकालवाया और फौरन एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने अमन, मोबिन और सर्वेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि इसरार की हालत नाजुक बनी हुई है। जिला अस्पताल में अभी भी उसका इलाज चल रहा है। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार पांडेय के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौके पर तहकीकात करने के बाद जिला अस्पताल गए।

- निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे थे तीन मजदूर और ठेकेदार
- फायर ब्रिगेड के साथ एसपी और एएसपी घटनास्थल पर पहुंचे


ठेकेदार अमन।


मोबीन।


सर्वेश।


जिला अस्पताल पहुंचे एसपी और सीएमओ ने पूरी जानकारी ली। अमृत विचार


हादसे के बाद बिलखती रहीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार


बदहवाश हुई महिला को पानी पिलाकर होश में लाया गया।

## जिला अस्पताल में गूंजती रहीं चीखें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार:** कन्हैया नगर में तहरीली गैस से एक साथ तीन युवकों की मौत पर घरों से लेकर जिला अस्पताल तक चीख-पुकार मची रही। हादसे की खबर मिलते ही तीनों के परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए, जहां पूरा अस्पताल परिसर चीख-पुकार से गूंज उठा।

इस हादसे में किसी मां का लाल छिन गया तो किसी बहन का भाई चला गया। किसी का पति असमय काल के गाल में समा जाने से परिजनों की आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे। वहीं स्थानीय नागरिकों की भारी भीड़ अस्पताल के बाहर जमा हो गई। माहौल इतना गमगीन था कि हर किसी की आंखें नम हो गईं।

- राजमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने परिवार वालों को दिया मदद का भरोसा


सीवर चैंबर देखते एसपी और एएसपी।

तीन परिवारों पर अचानक दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, जिनके घरों में रोटी कमाने वाले बेटे और भाई अब कभी वापस नहीं लौटेंगे। वहीं इसरार की हालत को लेकर सभी लोग दुआएं कर रहे हैं कि वह जिंदगी की जंग जीतकर बाहर आ सके। अमन के चचेरे भाई नसीम ने रोते हुए कहा, अमन तो सिर्फ काम करने गया था, किसी को क्या पता था कि वह लौटकर घर नहीं आएगा। हम सब बर्बाद हो गए। हादसे की सूचना पर सदर विधायक एवं प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला अकबरपुर पोस्टमार्टम पहुंचीं और ने पीड़ित परिवारों के लोगों से संवेदना जताकर मदद का भरोसा दिया।

### घटनाक्रम पर एक नजर

- 4 :00 बजे शटरिंग खोलने अमन टैंक में नीचे उतरा
- 4 :10 बजे कोई हलचल न होने तीन मजदूर नीचे उतरे
- 4 :20 बजे मकान मालिक ने पुलिस व पड़ोसियों को बुलाया
- 4 :30 पुलिस पहुंची, गैस रिसाव की फायर ब्रिगेड को सूचना दी
- 5 :00 बजे माती से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची
- 5 :10 बजे मास्क लगाकर टैंक में बचाव कार्य शुरू हुआ
- 5 :20 बजे बेहोश मजदूरों को जिला अस्पताल भेजा गया
- 5 :30 बजे अस्पताल में तीन को मृत घोषित कर दिया गया
- 5 :50 एसपी और एएसपी ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की

### क्या बोले अफसर

"सीवर चैंबर की शटरिंग खोलते समय हादसा हुआ है। प्रारंभिक छानबीन में सीवर टैंक में जहरीली गैस का रिसाव होने और उसकी चपेट में आने से तीनों की मौत होने की बात सामने आई है। हादसे की गहराई से जांच की जाएगी।

**-अरविंद मिश्रा,** पुलिस अधीक्षक

"कन्हैयानगर में निर्माणाधीन मकान के सीवर चैंबर की शटरिंग खोलते समय हादसा हुआ है। प्रारंभिक जांच-पड़ताल में जहरीली गैस से मौत होना बताया गया है। पुलिस के अधिकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कारण बताने को कह रहे हैं।

**-नीलिमा यादव,** एसडीएम सदर

लंबोदर की आराधना


रसूलाबाद क्षेत्र के सलेमपुर महेरा गांव स्थित शिव धाम में गणेश महोत्सव की धूम रही है। सुबह और शाम की आरती में श्रद्धालु पहुंचते हैं और भक्ति भाव में डूबकर उत्साह के साथ आरती में भाग लेते हैं। दिन भर कीर्तन-भजन गूंज रहे हैं।

## शिक्षित समाज ही विकास का आधार

**रसूलाबाद।** समाज के लिए शिक्षा जरूरी है। शिक्षित समाज ही विकास का आधार है। उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षित होना आवश्यक है।

यह बात शनिवार को नैला गांव में शिव नादर फाउंडेशन व श्रमिक भारती के विशेष शिक्षा अभियान के दौरान मुख्य वक्ता अंकित यादव ने कही। कार्यक्रम में ग्रामीण बुजुर्गों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। लोगों को अभियान के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व से अवगत करागया गया। आए हुए वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज के विकास के लिए आवश्यक है। सुपरवाइजर रोहित पांडेय ने आए हुए बुजुर्गों को शिक्षा से जुड़े प्रेरक संदेश दिए।

# चोरी की 14 बाइकों के साथ पकड़ा गिरोह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार:** भोगनीपुर पुलिस ने एक बड़े बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर बड़ी सफलता हासिल की है।मुखबिर की सूचना पर सीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीन शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार करके चोरी की 14 बाइकें और एक बाइक का इंजन बरामद करने में कामयाबी हासिल की है। इनमें एक जालौन का रहे वाला है।

भोगनीपुर के कोतवाल अमरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि,अपराधिक घटनाओ को रोकथाम व खुलासे हेतु चलाए जा रहे,विशेष अभियान को लेकर एक बड़े बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर बड़ी सफलता हासिल हुई है। मुखबिर की सूचना पर सीओ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में 30 अगस्त 2025 को पिपरी मोड़ अमरौधा से जालौन जनपद के सिरसा कलार थाना क्षेत्र के पिथऊपुर गांव सत्यम पुत्र बालमुकुंद, कानपुर देहात के राजपुर थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव के सुरजीत सिंह और गुलशन उर्फ गोलू सिंह को चोरी की 14 बाईकें और एक बाइक इंजन के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने कबूल किया कि वे लंबे समय से बाइक चोरी कर रहे थे और चोरी की गाड़ियों को बेचने के लिए जालौन लेकर जा रहे थे। जब गाड़ी नहीं बिकती थी, तो वे उसे कबूतर डेरा में एक खंडहर मकान में छुपा देते थे। कोतवाल ने बताया कि इन चोरों ने पुखरायां और आसपास के इलाकों से कई बाइकें चुराई थीं, जिनमें से कुछ गाड़ियों के मामले में पहले ही पुलिस में शिकायत दर्ज की जा चुकी थी। तीनों अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।



चोरी की बाइकों के साथ भोगनीपुर पुलिस की हिरासत में चोर। अमृत विचार

- पुखरायां क्षेत्र से चोरी की थीं बाइकें, जालौन में बेचते थे

## फौजी बनकर ठगे पांच हजार रुपये

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र में ठगों ने आर्मी जवान बनकर एक कारोबारी से ठगी कर डाली। पीड़ित कारोबारी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थना क्षेत्र के ग्राम जैतापुर निवासी जयराम सिंह की मनकापुर संदलपुर में मौरम व सीमेंट, गिट्टी की दुकान है। जयराम सिंह ने बताया कि उन्हें मोबाइल पर कॉल करने वाले ने खुद को फौजी और हिसांवा गांव का निवासी बताया। उसने दस ट्राली मौरंग की मांग की और तत्काल दो ट्रॉली मौरंग के साथ 25 बोरी सीमेंट भेजने को कहा। पीड़ित ने शनिवार को ऑर्डर समझ माल स्कूल के पास भिजवा दिया। जब भुगतान की बात आई तो कॉल करने वाले ने कहा कि आर्मी में केवल ऑनलाइन पेमेंट होता है। इसी बहाने जयराम ने अपने साथी सर्वेश के मोबाइल से 5 हजार रुपये डालने को कहा तो उन्होंने एक लिंक दिया और उसके खाते से पांच हजार रुपये कट गए तो पीड़ित को ठगी का अहसास होने पर उसने तुरंत मौरंग और सीमेंट उठवा लिया, लेकिन रुपये वापस नहीं मिले। इस मामले में जयराम सिंह ने हेल्पलाइन नंबर 1930 पर जानकारी देकर थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

## पहले पति खोया, अब बेटी ने फंदा लगा दी जान

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार:** क्षेत्र के बनीपारा जौहर गांव में शनिवार सुबह पहर किशोरी का शव कमरे में लटका मिला, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू कर दी।

रूरा थाना क्षेत्र के बनीपारा जौहर गांव की रहने वाली सीमा के पति संजू की तीन वर्ष पहले बीमारी से मौत हो गई थी। वह गांव में अपने तीन बच्चों के साथ रहती है। शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद सब लोग सोने चले गए। उसकी पुत्री शिवानी (14) भी कमरे के अंदर लेट गई। सुबह जब मां सीमा सोकर उठी तो उसने कमरे का दरवाजा खटखटाया, मगर दरवाजा नहीं खुला। आसपास के लोगों को बुलवाकर दरवाजा तोड़कर खुलवाया तो शिवानी का शव दुपट्टे के सहारे पंखे के कुंडे से लटका देख मां सीमा बदहवाश हो गई, जबकि भाई पुष्पेंद्र और प्रिंस बिलख पड़े। सूचना पर पहुंचे दरोगा जितेंद्र सिंह ने छानबीन कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष अमित शुक्ला ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


बेटी की मौत के बाद गमगीन बैठीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

- रात में मां के साथ खाना खाने के बाद कमरे में सोई थी शिवानी

# पॉक्सो कोर्ट में एक माह में पेश हुए 107 गवाह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार:** शासन की ओर से पॉक्सो एक्ट के मामलों में शीघ्र सुनवाई के दिए गए दिशा निर्देशों पर अभियोजन पक्ष की ओर से इन मामलों में तत्परता दिखाई गई है। ए डी जे 13/ पॉक्सो कोर्ट में इस माह रिकार्ड 107 गवाह गुजरे जिसमें 17 गवाहों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपने बयान दर्ज कराए।

विशेष लोक अभियोजक विकास सिंह ने बताया कि ऑपरेशन कनविक्शन के तहत शासन की ओर से महिलाओं और अवयस्कों के साथ होने वाले अपराधों को शीघ्र निस्तारण करवाने और अपराधियों को दण्ड दिलवाए जाने के लिए अभियोजन को सख्त निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के अनुपालन में अगस्त महीने में अपर जिला जज-13/ पॉक्सो एक्ट शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत में 107 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए हैं, जिसमें नए कानून के तहत 17 गवाही के बयान वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दर्ज कराए गए।

शासन की मंशा अनुरूप मुकदमे की सुनवाई जल्द से जल्द गुण दोष के आधार पर कराए जाने हेतु सभी थाना के पैरोंकारों की ओर से विचाराधीन मुकदमों से संबंधित गवाहों को अदालत में पेश करने के लिए समय से समन तामील कराया जा रहा है जिससे विचारण समय से पूरा हो सके और अपराधियों को उनके अपराध के अनुपात में अदालत से दण्ड दिलाया जा सके।

भक्ति की बयार | धर्मगढ़ बाबा मंदिर परिसर में श्रीराम कथा की अमृत वर्षा से सराबोर हुए श्रद्धालु, कथावाचक ने मानस की चौपाई की महत्ता बताई

# कलयुग में केवल राम का नाम ही मनुष्य जीवन का आधार


धर्मगढ़ बाबा मंदिर परिसर में शनिवार को श्रीराम कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन रहे। अमृत विचार

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार:** धर्मगढ़ बाबा मंदिर परिसर में चल रहे गणेश महोत्सव के तहत श्रीराम कथा के दौरान कथावाचक आलोक अवस्थी ने 'कलयुग केवल नाम अधारा, सुमिरि सुमिरि नर उतरहि पारा' चौपाई की महिमा का वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब मनुष्य रोजी-रोजगार एवं सांसारिक कर्मों में अत्यंत व्यस्त है, ऐसे समय में जप तप साधन संभव नहीं है। ऐसी अवस्था में संतों ने केवल नाम जप करना ही भक्ति एवं आराधना का आधार बताया है। केवल नाम संकीर्तन से ही मनुष्य सांसारिक भव बंधनों से मुक्ति पा सकता है। अन्य युगों की अपेक्षा भगवान ने कलयुग में यह वरदान सांसारिक प्राणियों को दिया है। भागदौड़ की जिंदगी में केवल राम नाम का स्मरण करके मनुष्य दुखों से निजात पा सकता है। राम नाम महिमा के तहत उन्होंने बाल्मीकि के जीवन का उदाहरण दिया। इस अवसर पर गदन मिश्रा, रामू गुप्ता, दीपू गुप्ता, राम दर्शन पांडेय, संजय मिश्रा, सीता देवी, सुधा देवी, शांति देवी, शगुन, किरन, गुनगुन आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।


श्रीराम कथा सुनाते आलोक अवस्थी।

New DASTAK Classes
दस्तक, आपके सफलता की
The classes are known for preparing students for various exams like
SSC, BANK, UPSI, UPP
Address: Sharada Nagar Crossing No 9, Infront of Anurag Hospital, Kakadeo Kanpur Uttar Pradesh.
CONTACT: 7607780084, 7080270066
Vikash Pathak



## न्यूज ब्रीफ

### सेवानिवृत्त होने पर स्कूलकर्मी को दी विदाई

**घाटमपुर ।** घाटमपुर के भीतरगांव ब्लॉक के अन्तर्गत सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल पासीखेड़ा में कर्मचारी उपेंद्रनाथ दीक्षित को स्टाफ ने फूल माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर पूरे स्टाफ द्वारा उनके सेवाकाल को याद किया गया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मनोज सचान ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्त होना सर्विस का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी उपेंद्रनाथ दीक्षित का कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा। उनका कार्यकाल लगभग 40 वर्षों का रहा है।

### प्रदर्शन कर वेतन वृद्धि की रखी मांग

**घाटमपुर ।** तहसील में शनिवार को 78 ग्राम पंचायतों के रोजगार सेवक और पंचायत सहायकों ने विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना है कि वे शासन के सभी कार्य करते हैं लेकिन उन्हें कोई बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलती हैं। रोजगार सेवक रामजीवन तिवारी ने बताया कि उन्हें न तो फोन मिला है और न ही डाटा की सुविधा दी गई हैं। कम वेतन में सभी खर्चे स्वयं वहन करने पड़ते हैं। गांवों में काम करते समय जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। कई कर्मचारी पहले ही जंगली जानवरों के हमले में घायल हो चुके हैं। कर्मचारियों ने बीमा सुविधा और वेतन वृद्धि की मांग की है।

### पत्नी ने पति पर खुरपी से किया हमला

**घाटमपुर ।** घाटमपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के उदईपुर गांव में घरेलू विवाद ने शुक्रवार शाम हिंसक का रूप ले लिया। भूख लगने पर पति द्वारा मैगी बनाने पर नाराज हुई पत्नी ने खुरपी से उसके सिर पर कई वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। गंभीर रूप से घायल पति को पुलिस ने उपचार के लिए भीतरगांव अस्पताल में भर्ती कराया है। उदयपुर गांव निवासी गौड़ ने बताया कि शुक्रवार शाम वह भूख लगने पर घर में मैगी बना रहा था। इसी दौरान उसकी पत्नी रसोई में आकर झगड़ा करने लगी और रसोई से हटने की बात कहने लगी। विवाद होने पर पत्नी ने अचानक खुरपी उठाकर पति की खोपड़ी पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। इससे पति मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया है।

# खड़े ट्रक में पीछे से घुसा ट्रक एक की मौत, दो लोग घायल

## सीएचसी में घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार।** कानपुर अलीगढ़ हाईवे के छतरपुर गांव के बाईपास पर रोड किनारे खड़े ट्रक का टायर बदलते समय पीछे से एक दूसरे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और हादसे में खड़े ट्रक के क्लीनर की मौत हो गई। वहीं पीछे से टकराने वाले ट्रक का चालक व क्लीनर घायल हो गया।

शनिवार भोर पहर कानपुर से कन्नौज की तरफ जा रहे एक ट्रक का टायर पंचर हो गया। इसके चलते ट्रक के चालक ने शिवराजपुर के छतरपुर बाईपास के पास ट्रक को सड़क के किनारे खड़ा कर दिया और टायर बदलने लगे। तभी पीछे से आ रहे एक दूसरे ट्रक ने उनके ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी।


ट्रक में फंसे ड्राइवर और क्लीनर को निकालते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

इस हादसे में पीछे से टकराए ट्रक के अगले हिस्से के परखचे उड़ गए और उसका चालक हरियाणा निवासी आजाद पुत्र अब्दुल सरताज और परिचालक वकील पुत्र छोटेलाल घायल हो गए। घायल चालक व परिचालक उसी में फंस गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और अग्निशमन टीम ने जेसीबी और हाइड्रा को बुलवाकर ट्रक चालक व परिचालक को बाहर निकाला। वहीं घटना में खड़े ट्रक का टायर बदल रहा क्लीनर मैनपुरी जनपद के परी नगला निवासी अभिषेक यादव भी घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां पर मौजूद डाक्टरों ने क्लीनर अभिषेक को मृत घोषित कर दिया और दोनों अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जिसमें आजाद की हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना अध्यक्ष वरुण शर्मा ने बताया दोनों ट्रकों को कब्जे में ले लिया गया है ।

### अस्पताल परिसर से बाइक चोरी

**चौबेपुर।** शनिवार सुबह कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पत्नी का प्रसव कराने आए युवक की बाइक चोरों ने पार कर दी।

क्षेत्र के जादेपुर घस्सा गांव निवासी पंकज यादव शनिवार सुबह अपनी पत्नी का प्रसव कराने के लिए कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आया था। बताया गया कि अस्पताल परिसर में बाइक खड़ी कर वह पत्नी को लेकर डॉक्टर के पास चला गया , तभी मौका पाकर वाहन चोरों ने बाइक पार कर दी। कुछ देर बाद अस्पताल से बाहर निकलने पर बाइक मौके पर न देख उसके होश उड़ गए। आसपास तलाश के बावजूद कुछ पता न लगने पर मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें एक युवक बाइक ले जाते नजर आ रहा है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया की बाइक आपस में बदल जाने की बात सामने आई है।

# मवेशी चराने गये ममेरे भाई तालाब में डूबे, थमीं सांसें

संवाददाता बिधनू

- हरबसपुर गांव में हुआ हादसा दोनों परिवारों में मचा कोहराम

**अमृत विचार।** बिधनू हरबसपुर गांव में शनिवार शाम को गांव के बाहर मवेशी चराने गए दो ममेरे भाइयों की तालाब में डूबकर मौत हो गई। दोनों तालाब में उतरे मवेसी को बाहर निकालने के लिए कूदे थे। अधिक गहराई पर जाकर दोनों डूब गए। साथी चरवाहों की सूचना पर पहुंचे स्वजनों ने ग्रामीणों की मदद से दोनों के शवों को बाहर निकाला।

हरबसपुर निवासी राकेश व उनके पड़ोसी बहनोई सुनील कबाड़ बिनकर बेचने का काम करते हैं। साथ ही मवेसी पालन करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। शनिवार शाम राकेश का सात वर्षीय बेटा मनीष व सुनील का छह वर्षीय बेटा हिमांशु साथ साथ मवेशी चराने गांव के बाहर स्थित खुटहा बाबा तालाब के पास गए थे। इस दौरान दोनों के मवेशी तालाब में उतर गए। मवेशियों को बाहर निकालने के लिए मनीष व हिमांशु तालाब में कूद गए और अधिक गहराई में जाने पर दोनों डूबने लगे।

इसपर साथ में मवेशी चराने गए गांव के अन्य साथियों ने दोनों के घर जाकर घटना की जानकारी दी। जबतक स्वजन तालाब के पास पहुंचे दोनों बच्चे डूब चुके थे। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से दोनों के शव बाहर निकालकर पुलिस को जानकारी दी। बच्चों के शव देखकर दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

मनीष की मां मीना व हिमांशु की मां मनकी बेटों के शव देखकर बेहोश हो गई। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत

**घाटमपुर।** कस्बे के जहानाबाद रोड पर स्थित एक ढाबे के पास शनिवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

जनपद फतेहपुर के कोड़ा जहानाबाद निवासी शमशेर 40 वर्ष कस्बे में होटल चलाता था।शनिवार सुबह हुए अपने होटल के लिए सब्जी लेने बाइक से घाटमपुर मंडी आ रहा था। तभी जाहनाबाद रोड रेलवे क्रॉसिंग के आगे होटल के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में शमशेर की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरो की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के अवशेषों को मोबाइल फोन के जरिए परिजनों को जानकारी दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडे ने बताया कि परिजनों को सूचना दे। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चोर समझ युवक को पीटने के बाद पोल से बांधा

संवाददाता, चौबेपुर

- कन्नौज से कुछ युवक जन्मदिन की पार्टी करने आये थे
- आपस में कहासुनी के बाद एक युवक अनजाने में पहुंच गया गांव

**अमृत विचार ।** क्षेत्र के भवानीपुर गांव स्थित एक ढाबे पर शुक्रवार रात दोस्त का जन्मदिन मनाने आए युवक को पार्टी काफी महंगी पड़ गई। देर रात गलतफहमी के चलते ग्रामीणों ने उसे चोर समझकर पकड़ लिया और जमकर पीटने के बाद खंभे से बांध दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा पूछताछ के बाद मामले की सही जानकारी हो सकी, जिसके बाद पुलिस ने युवक व साथ रहे दोस्तों को कड़ी हिदायत देकर उनके परिजनों के सुपुर्द किया।

कन्नौज निवासी आलोक दुबे शुक्रवार को अपना जन्मदिन मनाने के लिए अपने दोस्तों सिद्धांत राय, देवांश बिसरिया, प्रशांत गौतम व आशुतोष पाल के साथ घर से कार से किसी ढाबे के लिए निकला था। सभी युवक पहले उत्तरीपुरा स्थित हरियाली हवेली पहुंचे, लेकिन यहां बात न बनने पर वह चौबेपुर क्षेत्र के भवानीपुर स्थित रमैया ढाबा (बाजपेई ढाबा) आ गए। बताया गया है कि रात में शराब व भोजन आदि के दौरान आपसी कहासुनी हो जाने पर सिद्धांत नाराज हो गया और रोडवेज बस से जाने की बात कहकर वह पैदल ही हाईवे के रास्ते भवानीपुर गांव की ओर चला गया। जहां देर रात करीब 2:30 बजे रेलवे क्रॉसिंग के समीप लगे हैंड पंप पर पानी पीने के दौरान ग्रामीणों ने चोर समझकर उसे पकड़ लिया और जमकर पीटने के बाद निकट ही स्थित एक खंभे से बांध दिया।

इस दौरान उसे खोजते हुए पहुंचे एक अन्य दोस्त प्रशांत गौतम ने स्थिति को देखते हुए मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में युवकों द्वारा बताई गई सारी कहानी सुन ग्रामीण शांत हुए । मामले में प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि पकड़े गए किसी भी युवक का आपराधिक इतिहास नहीं पाया गया है। दोस्तों के बीच आपसी नाराजगी व ग्रामीणों की गलतफहमी के चलते घटना हुई है। युवकों को कड़ी हिदायत देकर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### चौबेपुर में चोरों से परेशान ग्रामीण अनजान लोगों को बना रहे निशाना, जिम्मेदार बेखबर

**चौबेपुर।** क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। चोरों की बढ़ती सक्रियता के चलते सुरक्षा को लेकर लोग रात रात भर पहरा देने को विवश हैं। इस दौरान घटनाओं से आजिज ग्रामीण अब अनजान लोगों को किसी भी सूरत में छोड़ नहीं रहे हैं और पकड़कर जमकर पीटने के बाद पुलिस के हवाले कर रहे हैं। बीते दिनों क्षेत्र में हुई चोरी की कुछ बड़ी घटनाओं समेत आए दिन होती वारदातों से लोगों में असुरक्षा की भावना व्याप्त हो गई है। पूर्व में हुई घटनाओं का खुलासा न हो पाने व चोरों के भय से ग्रामीण रात रात भर पहरा दे रहे हैं। इस दौरान किसी भी अंजान व्यक्ति को गांव के आसपास देख लोग चोर समझ उसे पुलिस के सुपुर्द कर रहे हैं। भवानीपुर गांव में शुक्रवार रात बर्थडे पार्टी मनाने आए युवक को ग्रामीणों ने चोर समझ उसको जमकर पीटा और पोल से बांध दिया। बाद में पुलिस के पहुंचने पर मामले का पटाक्षेप हुआ। इतना ही नहीं दो दिन पहले भी तमसहा गांव में पहरा दे रहे लोगों ने निकट ही स्थित अंडरपास के नीचे बैठे दो युवकों व एक महिला को जमकर पीटने के बाद पुलिस को सौंपा था। छानबीन में मालूम हुआ था कि दोनों युवक फर्रुखाबाद के रहने वाले हैं और वह कस्बा निवासी एक रिश्तेदार से मिलने के लिए आए थे। जहां शराब पीने व नशा अधिक हो जाने से वह अंडरपास के नीचे बैठ गए थे। वहीं पकड़ी गई महिला विक्षिप्त पाई गई थी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शपथिनी ने अपने पुत्र अमरनाथ पुत्र प्रेम नारायन व वधु लालती के चाल चलन ठीक न होने से 11 अगस्त 2025 को अपनी सारी चल अचल संपति से बेदखल कर दिया था अब शपथिनी का पुत्र अमरनाथ तथा पुत्र वधु लालती गलत आचरण छोड चुकी है। आज दिनांक से शपथिनीअपने पुत्र व पुत्र वधु को अपनी सारी चल अचल संपति से बेदखली वापस ले रही हूं आज से शपथिनी व उसकी पुत्र व पुत्र वधु से वास्ता सरोकार पूर्व की भांति रहेगा शपथिनी कलावती पत्नी प्रेम नारायन ग्राम पोस्ट भखरी तहसील बल्दीराय सुलतानपुर।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं पंकज कुमार अवस्थी पुत्र सुरेश चन्द्र अवस्थी निवासी–सी–2951, राजाजीपुरम, लखनऊ उ0प्र0, मै दीवा अवस्थी (DIVA AWASTHI) का पिता एवं संरक्षक हूँ। मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड संख्या–6432 1245 6580 में मान्या अवस्थी अंकित हो गया है जो कि घरेलू नाम है, पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम दीवा अवस्थी (DIVA AWASTHI) है जो उसके शैक्षिक अभिलेखों में भी अंकित है। मेरी पुत्री को भविष्य में उसके सही नाम दीवा अवस्थी (DIVA AWASTHI) पुत्री, पंकज कुमार अवस्थी के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**
सूचित किया जाता है मैं देवी दत्त नगरकोटी (Devi datt nagarkoti) पुत्र केशव दत्त नगरकोटी निवासी 92, दोला, बिण डोला पिथौरागढ़ उत्तराखंड 262501 मेरे पुत्र शशि शेखर आर्मी न0 4202891P के सैन्य रिकार्ड व सरकारी दस्तावेज में मेरा नाम Devi dutt nagarkoti दर्ज है जबकि आधार कार्ड में devi datt nagarkoti दर्ज है जो कि सही है अत:मेरे पुत्र के सरकारी दस्तावेज में Devi datt nagarkoti नाम दर्ज किया जाए।

**सूचना**
सूचना–सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम मो. अली (MD ALI) है जोकि सही। मेरे पुत्र के विद्यालय के रिकॉर्डस में मो0 अली (MOHD ALI) अंकित हो गया है, जो कि गलत है। मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड संख्या– 552168730229 में मो. अली (MOHD ALI) दर्ज है, जोकि सही है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। प्रार्थी मो0 अमीर पुत्र मो0 अमीम निवासी– ग्राम– शरीपपुर, पोस्ट– फतेहपुर जनपद– सुलतानपुर।

# मनमाने दाम वसूल रहे खाद दुकानदार

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र में किसानों को इन दिनों महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। सरकार द्वारा निर्धारित दरों के बावजूद, दुकानदार यूरिया और डीएपी जैसी प्रमुख खादों को मनमाने दामों पर बेच रहे हैं। इससे किसान आर्थिक रूप से परेशान हो रहे हैं । वहीं ग्रामीणों ने कमसान गांव के दुकानदार द्वारा शनिवार को ऊंचे दामों पर खाद बेचें जाने का आरोप लगाया। किसानों ने आरोप लगाया कि दुकानदार प्रति बोरी यूरिया पर 50 से 100 रुपये और डीएपी पर 300 से 500 रुपये तक अधिक वसूल रहे हैं।


ई– रिक्शा में रखी खाद की बोरियां। अमृत विचार

**जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी:** किसानों का आरोप है कि इस संबंध में कृषि विभाग और स्थानीय प्रशासन से कई बार शिकायत की गई है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। दुकानदारों पर कोई लगाम न होने से उनके हौसले बुलंद हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी खराब है, वहीं मामले में जिला कृषि अधिकारी अमर सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

# दरोगा पर रिश्वत मांगने का आरोप, ऑडियो वायरल

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** सजेती थाने में तैनात एक दरोगा का रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। इस वायरल ऑडियो में दरोगा द्वारा चार्जसीट लगाने के नाम पर पीड़ित से डेढ़ हजार रुपये और आधा लीटर दूध की डिमांड की जा रही है। सूत्रों के अनुसार आधा लीटर दूध रिश्वतखोरी का कोड वर्ड था। ताकि फोन पर सीधे पैसे मांगने का आरोप साबित ना हो सके। हालांकि अमृत विचार इस वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है।

घाटमपुर तहसील के सजेती थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोहरा गांव निवासी राजेंद्र सिंह की पत्नी सुमित्रा देवी ने 9 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 अगस्त को उसकी बेटी रीना और दामाद धर्मेंद्र पर गांव के जय गोपाल व परिजनों ने हमला कर दिया था। मारपीट के दौरान जेवरात से भरा बैग भी लूट लेने का आरोप लगाया था।

इस मामले की विवेचना आरोपी दरोगा के द्वारा की जा रही थी। वहीं वायरल ऑडियो में आरोपी दरोगा के द्वारा दूसरे पक्ष से रिश्वत की मांग की जा रही है।

**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद– कन्नौज**

पंत्राक / एस0एस0ए0–वाहन /3981–84/2025–26 दिनांक– 29/08/25

**विज्ञप्ति**

वित्तीय वर्ष 2025 26 मे विद्यालयों के निरीक्षण, कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन व पर्यवेक्षण हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक वित्त एंव लेखाधिकारी हेतु अधिकतम धनराशि रु0 36000/– प्रतिमाह प्रतिवाहन की सीमा के अन्दर 02 (दो) चार पहिया वाहन एंव खण्ड शिक्षा अधिकारीयों व जिला समन्वयको हेतु अधिकतम धनराशि रु0 30000/– प्रतिमाह प्रतिवाहन की सीमा के अन्दर 10 (दस) चार पहिया वाहन (ईधन, ड्राइवर, मेन्टीनेंस, व सभी प्रकार के खर्चो सहित) की आवश्यकता है। इस हेतु जेम पोर्टल पर विड नम्बर GEM/2025/B/6616165 दिनांक 29.08.2025 के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्मे दिनांक 08.09.2025 की अपरान्ह 02.00 बजे तक निविदा अपलोड कर सकते है। जो दिनांक 08.09.2025 की अपरान्ह 02.30 बजे कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद कन्नौज के कार्यालय में गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी।

(अमित कुमार)
सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी
जनपद–कन्नौज

(संदीप कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जनपद–कन्नौज

**विरोध –प्रदर्शन** | सपाई अरौल में कर रहे थे प्रदर्शन ,एसीपी ,एसडीएम से हुई झड़प ,मुकदमा दर्ज

# कोठी गंगा घाट खोलने के लिए धरने पर बैठे सपाई

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर विधानसभा की सपा नेता रचना सिंह ने कोठी घाट को फिर से खोलने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। उनके साथ हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे। विरोध प्रदर्शन का मुख्य कारण कोठी घाट का बंद होना था, जिसे कई साल पहले भाजपा सरकार ने बंद कर दिया था। इस वजह से स्थानीय लोगों को बहुत परेशानी हो रही थी।

धरना प्रदर्शन के दौरान सपा नेता रचना सिंह ने सरकार के सामने अपनी मांगों को रखते हुए कहा कि प्राचीन कोठी घाट को फिर से खोला जाए। जीटी रोड से कोठी घाट तक जाने वाली सड़क को चौड़ा किया जाए। कोठी घाट को पक्का किया जाए और सुरक्षा के लिए जंजीरें लगाई जाएं। घाट पर गोताखोरों को तैनात किया जाए। कोठी घाट का सौंदर्यीकरण किया जाए और शमशान घाट तक की सड़क को पक्का किया जाए। सपाइयों का धरना शांतिपूर्ण था, लेकिन पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रास्ते में ही रोक दिया। इसके बाद उपजिलाधिकारी ने प्रदर्शन स्थल पर आकर ज्ञापन लेने से मना कर दिया, जिससे एसीपी और रचना सिंह गौतम के बीच तीखी बहस हुई। आखिरकार, रचना सिंह ने उपजिलाधिकारी को गंगाजल भेंट करके धरना समाप्त किया। वहीं उपजिलाधिकारी ने कारण ज्ञापन नहीं लिया । धरने में विनय यादव (विधानसभा अध्यक्ष) सहित तमाम पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।



विरोध–प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

> हम शांतिपूर्ण ढंग से लोगों की दिक्कतों की आवाज उठा रहे थे और सालों से बंद घाट के कारण दूर दराज गांव के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है , समाजवादी मुकादमों से नहीं डरते है जनता से जुड़े मुद्दों पर प्रदर्शन होगा इसके लिए चाहे जेल जाना पड़े।
> –विनय यादव ( विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष)

> सालोंसे बंद घाट को खुलवाने के लिए प्रदर्शन हो रहा था जनता से जुड़े समस्याओं को उठाना ही हमारी पहचान है। हमने प्रशासन से महज घाट खुलवाने की मांग की थी और बनवाने का काम समाजवादी करेगें लेकिन बिल्हौर एसडीएम आज तक घाट नहीं खुलवा सके है। हमने आज भी ज्ञापन दिया है।
> – रचना सिंह ( सपा नेता )

### बगैर अनुमति धरना देने पर सपाइयों पर मुकदमा दर्ज

अरौल के एक मैदान मे धरना देने पर सपाइयों पर मुकादमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी जनार्दन यादव ने बताया कि धारा 163 लागू होने के बाद धरने के लिए प्रशासन से अनुमति लेनी पड़ती है लेकिन सपा के कार्यकर्ताओं द्वारा कोई अनुमति नहीं ली गई है, जिसके चलते रचना सिंह गौतम , कंचन पाल , पंकज यादव , राधे श्याम कटियार , विनय यादव विधानसभा अध्यक्ष , महेश चंद्र कटियार, रामप्रकाश कटियार, सूर्या उर्फ सौरभ , हरेन्द्र गौतम , आशीष कटियार , ज्ञान सिंह यादव व अन्य करीब 100–150 अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है ।

**एसीपी से हुई झड़प :** धरने के दौरान धारा 163 की जानकारी देने पहुंचे एसीपी अमरनाथ यादव की पंकज यादव से झड़प हो गई जिसके बाद सपाई अक्रोशित हो गए और नारेबाजी करने लगे और पुलिस के सामने ही मुख्यमंत्री योगी के खिलाफ नारे लगाने लगे, जिस पर फोर्स ने सपाइयों को डांटकर मौके से हटाया।

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति कर्वी (चित्रकूट)**

पत्रांक– ( कृ0उ0म0स0/कैन्टीन नीलामी/2025–143 दिनांक–28/08/2025

**कैन्टीन नीलामी की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन मण्डी स्थल कर्वी में एक नग कैन्टीन (जलपान गृह) की नीलामी दिनांक– 18.09.2025 को समय 01.00 बजे (अपरान्ह) कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कर्वी में किया जाना नियत है।

कैन्टीन नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति आवेदन पत्र रू0–500.00 (जी0एस0टी0 सहित) में दिनांक: 28.08.2025 से प्राप्त कर वांछित प्रपत्रो के साथ रू0–25,000.00 (रू0 पच्चीस हजार मात्र) की जमानत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट, एफ0डी0/ बैंक गारन्टी जो कृषि उत्पादन मण्डी के पक्ष में बन्धक हो के रूप में दिनांक: 17.09.2025 तक जमा करने के उपरान्त नीलामी में भाग ले सकते हैं। आवंटन तीन वर्ष के लिये उच्चतम बोली के आधार पर किया जायेगा, जिसमें दूसरे और तीसरे वर्ष 10–10 प्रतिशत की वृद्धि कर धनराशि जमा करना होगा। अत: इच्छुक व्यक्ति कार्यालय में नीलामी तिथि में उपास्थित होकर भाग ले। शेष नियम व शर्ते यथावत रहेंगी।

रामकुमार
सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
कर्वी (चित्रकूट)

पूजा साहू
सभापति/उपजिलाधिकारी सदर
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
कर्वी (चित्रकूट)



आपको किसी भी क्रिया के मध्य में रहना चाहिये और प्रतिक्रिया देते समय जोश से भरा हुआ होना चाहिये।

-इंदिरा गांधी


# अमृत विचार

कानपुर महानगर

www.amritvichar.com

कानपुर, रविवार, 31 अगस्त 2025


## कानपुर के प्रमुख समाचार


- राहत की बात: 15 सितंबर से खराब सड़कें सुधरने लगेंगी- II
- हुनर पर भारी टैरिफ का भंवर, कामगारों पर असर- III
- जय जय गणपति करो कृपा, बप्पा को किया विदा- IV



अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


# अखिलेश दुबे के मददगार चार इंस्पेक्टर-दो दरोगा सस्पेंड

## मानवेंद्र सिंह, आशीष कुमार द्विवेदी, अमान, नीरज ओझा, आदेश यादव, सनोज निपटे





अखिलेश दुबे। अमृत विचार



मानवेंद्र सिंह।



आशीष द्विवेदी।



नीरज ओझा।



अमान।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ऑपरेशन महाकाल के तहत पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने अधिवक्ता अखिलेश दुबे और उसके गैंग के मददगार चार इंस्पेक्टर और दो दरोगा को निलंबित किया है। कई अन्य पुलिस कर्मियों की विभागीय जांच भी चालू है।

**पहली कार्रवाई** पनकी थाने से दो दिन पहले हटाए गए इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह कीशिकायत हुई थी कि तैनाती के दौरान भूमि विवाद मामले में कार्रवाई नहीं की गई। अखिलेश दुबे और सहयोगियों से साठगांठ कर आरोपियों को लाभ पहुंचाया गया है। साक्ष्य छिपाकर उच्च अधिकारियों को भी नहीं बताया गया।

**दूसरी कार्रवाई** फजलगंज व नवाबगंज थाने में तैनात रहे चर्चित इंस्पेक्टर आशीष कुमार द्विवेदी के खिलाफ हुई। उन पर दोनों थानों में तैनाती के दौरान भू माफिया और अखिलेश दुबे, उसके गैंग से सांठगांठ का आरोप है। अखिलेश के कारनामों में आशीष द्विवेदी की भूमिका पाई गई है। **तीसरी कार्रवाई** में ग्वालटोली थाना प्रभारी अमान पर भी अखिलेश व उसके साथियों को लाभ पहुंचने का आरोप लगा। शिकायत के अनुसार अमान ने अखिलेश के करीबी लवी मिश्रा, लकी मिश्रा, सौरभ द्विवेदी, प्रशांत व 2-3 अन्य के खिलाफ दर्ज केस में लाभ पहुंचाया और अधिकारियों को बिना सूचना दिए बेल कमेंट कोर्ट में भेज दी। **चौथी कार्रवाई** बर्रा के तत्कालीन थानाध्यक्ष नीरज ओझा के खिलाफ हुई। तैनाती के दौरान नीरज की भूमाफिया और अपराधी अखिलेश दुबे से सांठगांठ व पीड़ित रवि सतीजा पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला को उनकी पुत्रवधू बताकर झूठे साक्ष्य दिए गए। इसी क्रम में **पांचवीं कार्रवाई** दरोगा आदेश कुमार यादव के खिलाफ हुई। नौबस्ता के आवास विकास चौकी में तैनात रहे दरोगा ने चौकी क्षेत्र में कई कारनामे किए। जनता के साथ पुलिस से भी खराब व्यवहार रहा। जिससे पुलिस की छवि धूमिल हुई। वहीं ग्वालटोली में तैनाती के दौरान दरोगा सनोज पटेल ने विवेचना के दौरान अखिलेश दुबे के सिंडिकेट को लाभ पहुंचाने के लिए लवी मिश्रा, लकी मिश्रा, सौरभ द्विवेदी, प्रशांत आदि के खिलाफ दर्ज मामले में लाभ पहुंचाया। जांच में यह बात सामने आने पर कार्रवाई हुई।

- फजलगंज व नवाबगंज थाने में तैनाती के दौरान इंस्पेक्टर आशीष कुमार पर साठ-गांठ का आरोप

### बयान के लिए नहीं आए तीन डिप्टी एसपी और इंस्पेक्टर, दोबारा जारी होगी नोटिस

- अखिलेश दुबे और उनके सिंडिकेट के कारनामों की जांच में कानपुर कमिश्नरेट में तैनात रहे डिप्टी एसपी संतोष कुमार सिंह, विकास पांडेय और इंस्पेक्टर ऋषिकांत शुक्ला (मौजूदा डिप्टी एसपी) और एक अन्य इंस्पेक्टर को मिलीभगत में शामिल पाया गया था। इन सबको बयान देने के लिए नोटिस जारी किया गया था। तीनों डिप्टी एसपी व इंस्पेक्टर को 29 व 30 अगस्त को बुलाया गया था। जिसमें दो लोगों ने नोटिस लेने से मना कर दिया था। उनके जिले के एसपी को नोटिस उपलब्ध कराया गया था। निर्धारित समय गुजरने के बाद भी चारों अधिकारी बयान दर्ज कराने के लिए कानपुर एसआईटी के समझ नहीं पहुंचे। इस बारे में स्टॉफ अफसर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि अब दोबारा नोटिस जारी किया जाएगा।

# करोड़ों के जमीन घोटाले में साहब लारी, दो सगे भाई गिरफ्तार, गए जेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जाजमऊ में दर्ज हुई थी रिपोर्ट उन्नाव के रेवेन्यू विभाग को लिखा जाएगा पत्र
- चमड़ा कारोबारी के चौकीदार ने दर्ज कराई थी आठ लोगों पर एफआईआर

**अमृत विचार।** नौकर के आधार कार्ड में हेरफेर कर करोड़ों की जमीन का खरीद-फरोख्त करने वाले साहब लारी, शाहनवाज बेग और सलमान बेग को जाजमऊ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एक दिन पहले ही मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें आठ लोग आरोपी थे। मामले में एक आरोपी अखिलेश दुबे का करीबी लवी मिश्रा पहले से जेल में है। डीसीपी ईस्ट सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि इस मामले में उन्नाव के रेवेन्यू विभाग को पत्र लिखकर जांच के लिए कहा जाएगा। जानकारी लेंगे कि जिस छह बीघा जमीन का बैनामा चौकीदार ने किया, क्या वह छह बीघा जमीन उसकी है।

जाजमऊ के चमड़ा कारोबारी के चौकीदार हाशमी रोड निवासी श्रीराम ने आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चौकीदार का आरोप है कि उसके नाम फर्जी आधार व पैन कार्ड बनवाकर करोड़ों की जमीन का खरीद-फरोख्त किया जा रहा है। जिसमें जेल में बंद अखिलेश का करीबी लवी मिश्रा, उन्नाव का गैंगस्टर साहब लारी समेत कई लोग शामिल हैं। मामले की गंभीरता को देखते पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की और अगले ही दिन तीन की गिरफ्तारी की। श्रीराम का आरोप है कि वह करीब 40 सालों से चमड़ा कारोबारी सिराज गद्दी, रियाज गद्दी और शमशाद गद्दी के यहां चौकीदार हैं। तीनों भाई एक ही मकान में रहते हैं। सिराज की मौत के बाद उनका सारा काम उनके बेटे सोहेल, शहनवाज व सलमान गद्दी देख रहे हैं। श्रीराम ने बताया कि उन्होंने कई साल पहले अपना आधार कार्ड हरिजन बस्ती में लगे कैंप में बनवाया था। करीब तीन साल पहले सोहेल, शहनवाज व सलमान उसे अपनी कार में बैठाकर दादामिया मजार के पास स्थित जन सेवा केंद्र ले गए, जहां उनका अंगूठा लगवाया। पूछने पर कुछ नहीं बताया। बतादें पूरा मामला किसान निधि खाते में आना बंद होने पर खुला था।

### कचहरी ले जाकर रजिस्ट्री पर लगवाई फोटो

- श्रीराम के अनुसार जुलाई 2023 को रियाज, शमशाद, सोहेल, सलमान और रियाज के बेटे कामरान ने उन्हें कार्यालय बुलाया और कहा कि तुम्हे उन्नाव कचहरी एक जमीन के काम से जाना है। सलमान, सोहेल और कामरान उन्हें ले गए। वहां पर पहले से साहब लारी और अखिलेश दुबे का साथी लवी मिश्रा मौजूद थे। आरोपियों ने उन्हें एक लिफाफे में रखा उनका फर्जी आधार व पैनकार्ड दिया। इसके बाद पहले से तैयार रजिस्ट्री देकर उनकी फोटो लगा दी।

## सिटी ब्रीफ



शाहिद अब्बास। अमृत विचार

### शाहिद चेयरमैन मनोनीत

**कानपुर।** चुन्नीगंज में आल इंडिया केमिकल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन की बैठक हुई जिसमें सवर्सम्मत से शाहिद अब्बास चेयरमैन मनोनीत किये गये।

### जुलूस के दिन शराब की दुकानें बंद कराएं

**कानपुर।** एमएमए जौहर फैंस एसोसिएशन की प्रेम नगर कार्यालय में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता करते हुए एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हयात जफर हाशमी ने जिला प्रशासन से मांग की है कि 4 व 5 सितंबर को पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्मदिन धूम-धाम से मनाया जाएगा लिहाजा दोनों दिन शराब के ठेकों को बंद कराएं।

### ट्रेनों में पकड़े गए 1396 बेटिकट यात्री

**कानपुर।** उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह के निर्देश पर सेंट्रल स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया गया। झांसी रूट, प्रयागराज रूट, इटावा रूट की ट्रेनों में की गई चेकिंग के दौरान 1396 बेटिकट यात्री पकड़े गए। इन सभी से जुर्माना वसूला गया।

### चुन्नीगंज बस अड्डे पर सीवर समस्या

**कानपुर।** चुन्नीगंज बस अड्डे पर बीते कई माह से सीवर का गंदा पानी भर रहा है लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते ये समस्या हल नहीं हो पा रही है। गंदगी के चलते बस अड्डे का एक गेट सिर्फ बसों के आवागमन के लिए है, जबकि दूसरे गेट से ही यात्री बस अड्डा के अंदर प्रवेश करते हैं।

### उद्यमियों ने जताया विरोध

**कानपुर।** फीटा की ओर से एक प्रतिनिधि मंडल राज्य जीएसटी के अधिकारियों से मिला। गलत तरह से एक उद्यमी के ट्रक को रोके जाने का उद्यमियों ने विरोध किया। फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल ने कहा कि एक उद्यमी का ट्रक छोटी सी गलती बताकर अधिकारियों ने पकड़ा है। तीन दिन बीत जाने के बावजूद भी ट्रक को छोड़ा नहीं गया है।

# नगर निगम स्कूलों के शिक्षकों की पत्रावलियों की जांच शुरू, हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- नियुक्ति और शैक्षिक योग्यता के प्रपत्र शिक्षा विभाग ने एकत्र करने किए शुरू
- नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त को दी जिम्मेदारी शिकायत से हलचल

**अमृत विचार।** नगर निगम के स्कूलों में तैनात आउटसोर्स, नियमित शिक्षक-शिक्षिकाओं की नियुक्ति व शैक्षिक योग्यता के अभिलेखों की जांच शुरू की गई है। शिक्षिकों की भर्ती और अभिलेखों में अनियमितता की शिकायत पर नगर निगम के शिक्षा विभाग ने अपने सभी 12 स्कूलों में तैनात शिक्षकों की पत्रावलियां तलब की हैं। अपर नगर आयुक्त को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। सभी विद्यालयों से प्रपत्रों को एकत्र कर जांच की जा रही है।

नगर निगम में हुई शिकायत का संज्ञान लेते हुए नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने स्कूलों में तैनात शिक्षिकों की जांच शुरू की है। इससे पहले पिछले वर्ष नगर निगम स्कूल में तैनात 5 शिक्षकों को अयोग्य घोषित किश गया था। इन सभी शिक्षकों की आउटसोर्सिंग पर भर्ती की गई थी। अब एक बार फिर से सभी पत्रावलियों को तलब किया गया है। नगर निगम के विद्यालय और कालेजों में 128 आउटसोर्सिंग शिक्षकों की तैनाती गई थी, इसमें बड़े पैमाने में अनियमितताएं बरती गईं। मामला पकड़ में आने के बाद नगर निगम के अधिकारी अन्य विद्यालयों में तैनात आउटसोर्सिंग शिक्षकों के योग्यता प्रमाण पत्रों की जांच की गई। इस दौरान डीपीएस इंटर कॉलेज, नवाबगंज में अयोग्य मिले 5 शिक्षकों की सेवा समाप्त की जा चुकी है।

9 महीने से मामला शांत था, लेकिन इस प्रकरण में दोबारा शिकायतों का दौर शुरू हुआ तो नगर आयुक्त ने आउटसोर्स, नियमित शिक्षक-शिक्षिकाओं की नियुक्ति व शैक्षिक योग्यता के अभिलेखों की जांच शुरू कराई है। नगर निगम स्कूलों में तैनात शिक्षकों के दस्तावेज चेक करने का सिलसिला शुरू है। अपर नगर आयुक्त मो. आवेश के अनुसार अभी 10 स्कूलों (विद्यालयों) में तैनात शिक्षिकों का डाटा एकत्र कर लिया गया है। अभी दो विद्यालयों का डाटा नहीं आया है। उसे भी मंगाया जा रहा है।

**जेटीएन कंपनी उपलब्ध कराती आउटसोर्स शिक्षक:** नगर निगम को जेटीएन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से आउटसोर्सिंग शिक्षकों की तैनाती की जा रही है। शिकायत है कि नगर निगम के स्कूलों में क्षमता से अधिक शिक्षकों को तैनात किया गया। मौजूदा समय में नगर निगम के 12 स्कूलों में नियमित, अंशकालिक और आउट सोर्सिंग शिक्षकों के 208 पद हैं। यह शिक्षक 3,405 बच्चों को पढ़ा रहे हैं।

### नगर निगम के ये स्कूल हैं

- गांधी स्मारक इंटर कॉलेज गोविंद नगर, श्री रतन शुक्ल इंटर कॉलेज जूही, नगर निगम महिला इंटर कॉलेज नवाबगंज, नगर निगम महिला इंटर कॉलेज सिविल लाइंस, नगर निगम महिला इंटर कॉलेज हीरामनपुरवा, नगर निगम बालिका विद्यालय चुन्नीगंज, नगर निगम बालिका विद्यालय काकादेव, नगर निगम बालिका विद्यालय किदवई नगर, नगर निगम बालिका विद्यालय जूही, नगर निगम गांधी संगीत महाविद्यालय। आरबीआरडी नगर निगम बालिका इंटर कालेज नवाबगंज, नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज सर्वोदयनगर

### जय गणेश



गोविंद नगर 4 ब्लॉक स्थित हनुमान पार्क में श्री गणेश लक्ष्मी मित्र सेवा समिति की ओर से आयोजित गणपति महोत्सव में महा आरती करते श्रद्धालु। कृष्ण गोपाल शैली दिलीप पिपलानी हरप्रीत सिंह अनु मल्होत्रा शमी मल्होत्रा महेश ढुकराल बृजेंद्र मक्कल राजेश कपूर आदि मौजूद रहे। (विस्तृत पैकेज पेज-IV पर) अमृत विचार

# बिक्री केंद्रों तक यूरिया पहुंचाने के लिए नो इंट्री समाप्त

**कानपुर।** यूरिया उर्वरक के बिक्री केंद्रों पर पैनी निगाह रखने के लिए टीम गठित की गई है। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने उर्वरकों के परिवहन में सुविधा के लिए नो-एंट्री व्यवस्था 27 अगस्त से समाप्त कर दी है। जनपद में यूरिया उर्वरक का 5581 मीट्रिक टन तथा फास्फेटिक उर्वरक का 14360 मीट्रिक टन स्टॉक कृषकों के लिए उपलब्ध है।

जिलाधिकारी ने बताया कि अगस्त 2025 में यूरिया उर्वरक का 4878 मीट्रिक टन, एनपीके उर्वरक का 1293 मीट्रिक टन तथा डीएपी उर्वरक का 2136 मीट्रिक टन आवंटित किया गया है।

# कानपुर परिक्षेत्र की 107 रोडवेज बसें काफिले से हटीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- उम्र पूरी करने के बाद भी दौड़ रही थीं रूटों पर, सर्वे के बाद हटाया

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के कानपुर परिक्षेत्र की 107 बसों को रूट से बाहर करने के निर्देश दिये गये हैं। ये बसें अपनी उम्र पूरी कर चुकी हैं और यात्रियों के लिए सुरक्षित नहीं हैं। परिवहन के प्रबंध निदेशक ने इन सभी 107 बसों को नीलाम करने के निर्देश दिये हैं।

कानपुर परिवहन परिक्षेत्र में फजलगंज डिपो, विकास नगर डिपो, आजाद नगर डिपो, किदवई नगर, उन्नाव डिपो, फतेहपुर डिपो आता है। इन बसों में कुल 614 बसों का बेड़ा है जिनमें 107 बसों की उम्र पूरी हो चुकी है। ऐसी बसों को अभी तक कानपुर से 100 किमी की परिधि में चलाया जा रहा है लेकिन अब इन बसों की नीलामी होगी। परिवहन निगम ने इसके लिए संभागीय परिवहन अधिकारी से बसों को नीलाम करने की औपचारिकता को पूरा करने की कवायद शुरू कर दी है।

**कानपुर बेड़े में होगी नई बसें :** कानपुर परिक्षेत्र के बेड़े में 100 से अधिक नई बसों को शामिल करने का काम शुरू हो गया है। कुछ बसें आ चुकी हैं और कुछ बसें जल्द ही परिक्षेत्र को मिलेंगी। बताते चलें कि केंद्रीय कार्यशाला रावतपुर और डॉ. राम मनोहर लोहिया कार्यशाला आजाद नगर में नई बसों का निर्माण चल रहा है। बड़ी संख्या में दोनों कार्यशाला में बसें तैयार हो चुकी हैं और उत्तर प्रदेश के विभिन्न परिक्षेत्र में नई बसों को भेजने का काम तेजी से चल रहा है।

इस संबंध में डॉ. राम मनोहर लोहिया कार्यशाला के महाप्रबंधक गौरव पांडेय का कहना है कि बड़ी संख्या में नई बसों का निर्माण हो रहा है। जो बसें अपनी उम्र पूरी कर चुकी हैं, उन्हें रूट से बाहर किया जा रहा है और यात्री सुविधाओं से लैस बसों को रूट पर उतारा जा रहा है।

## तीर्थयात्रा

आईआरसीटीसी की भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन के माध्यम से यात्रा कराएंगे

# गया, पुरी, कोणार्क मंदिर, पुरी गंगासागर की यात्रा करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विष्णुपद मंदिर (गया), पुरी जगन्नाथ मंदिर, कोणार्क मंदिर (उड़ीसा), कोलकाता, गंगासागर, बैजनाथ धाम (जसीडीह), काशी विश्वनाथ मंदिर (वाराणसी), राम मंदिर, हनुमानगढ़ी सरयू आरती (अयोध्या) की यात्रा के लिए विशेष ट्रेन 13 सितंबर को रवाना होगी। 22 सितंबर तक 9 रात एवं 10 दिन का टूर होगा।

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) आगरा कैंट रेलवे स्टेशन से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन चलाएगा। ये वाया गया, पुरी जगन्नाथ, कोणार्क मंदिर, कोलकाता, गंगासागर, बैजनाथ धाम, वाराणसी, अयोध्या की यात्रा का संचालन किया जा रहा है। ये ट्रेन कानपुर भी आएगी और यहां के यात्रियों को लेकर जाएगी। इस विशेष ट्रेन में कुल बर्थों की संख्या 767 है। 2 एसी (कुल 49 सीटें), 3 एसी (कुल 70 सीटें) एवं स्लीपर की कुल 648 सीटें हैं। यात्रियों के उतरने व चढ़ने के लिए कानपुर सेंट्रल स्टेशन, आगरा कैंट - ग्वालियर - वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी - उरई - लखनऊ - अयोध्या – वाराणसी प्रमुख हैं।

**यात्रियों को ट्रेन में ये सुविधाएं:** इस पैकेज में 2 एसी, 3 एसी एवं स्लीपर क्लास यात्रा, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, एसी/ नॉन एसी बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण सम्मिलित है। इस यात्रा सेवा में एलटीसी और ईएमआई सुविधा भी उपलब्ध है। ईएमआई की सुविधा आईआरसीटीसी पोर्टल पर उपलब्ध सरकारी एवं गैर सरकारी बैंक से ली जा सकती है।

### पुणे-जम्मूतवी समेत कई गाड़ियां निरस्त



- उत्तर रेलवे में कुछ जरूरी कारणों से कई गाड़ियों के संचालन में परिवर्तन किया है। इनमें पुणे-जम्मूतवी एक्सप्रेस समेत कई गाड़ियां शामिल हैं। गाड़ी संख्या 11077 पुणे-जम्मू तवी एक्सप्रेस यात्रा आरंभ तिथि अनुसार 30.8.25 तथा 31.08.25 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 11078 जम्मू तवी-पुणे एक्सप्रेस झेलम यात्रा आरंभ तिथि अनुसार 30.8.25 तथा 31.08.25) को रद्द रहेगी। गाड़ी 12919 डॉ अंबेडकर नगर -श्री वैष्णो देवी धाम कटरा मालवा एक्सप्रेस यात्रा आरंभ तिथि अनुसार 31.8.2025 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 12920 श्री वैष्णो देवी धाम कटरा - नई दिल्ली एक्सप्रेस यात्रा आरंभ तिथि 31.8.2025 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 16031 मद्रास-श्री वैष्णो देवी धाम कटरा एक्सप्रेस यात्रा आरंभ तिथि 31.8.2025 को रद्द रहेगी।

### पहले आओ-पहले पाओ योजना

इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी। उक्त यात्रा की बुकिंग पर्यटन भवन, गोमती नगर, लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट से आनलाइन बुकिंग भी कराई जा सकती है। इन मोबाइल नंबरों 9236391908, 8287930908, 8595924300, 9305111763, 8595924294, 8595924299, 8287930926, 8595924293 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# कांटों भरे रास्तों से गुजरेगा जुलूस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



नई सड़क पर धंसी सड़क। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर जमीअत उलमा के द्वारा 5 सितंबर को परेड ग्राउंड से एशिया का सबसे बड़ा जुलूस-ए-मोहम्मदी निकलेगा जिसमें लाखों लोग शिरकत करेंगे लेकिन जुलूस के रास्ते की हालत बहुत खराब है। इन रास्तों से जुलूस का निकलना कठिन होगा।

परेड से जुलूस जब नई सड़क पहुंचेगा तो वहां दो स्थानों पर सड़क धंसी हुई है, पेचबाग में कीचड़, जलभराव समेत नालियां बजबजा रही हैं। दादामियां चौराहा से यतीमखाना तिराहा तक सड़क टूटी फूटी है। रहमानी मार्केट के पास सड़क में बड़े बड़े गड्ढे हैं। कंघी मोहाल में नाजिम ढाल से नाला रोड गुलाब घोसी मस्जिद तक सड़क का अता पता नही है। बिजली के तार जगह जगह लटक रहे हैं और सड़क अतिक्रमण के चलते तंग गली में तब्दील हो चुकी है। मोहम्मद अली पार्क के पास सड़क ठीक नहीं है। फहिमाबाद में सड़क पर खोदाई करके छोड़ दिया गया है। टुकनिया पुरवा से बासमंडी तक सड़क ठीक नहीं है। यही हाल लाटूश रोड का है, शिवाला से रामनारायन बाजार तक समस्याएं हैं।

## सिटी ब्रीफ

### निवेश के नाम पर 16 लाख हड़पने का आरोप

कानपुर। नवाबगंज में महिला डॉक्टर ने एनजीओ व फाइनेंस कंपनी पर निवेश के नाम पर 16 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगा कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। दीन दयालनगर निवासी डॉ. कुमकुम शर्मा के अनुसार लार्जड फाइनेंस कंपनी व चाइल्ड फ्यूचर एनजीओ में निवेश की बात हुई थी। इस पर उन्होंने 16 मई 2024 को लार्जड कंपनी में दस लाख व 21 मई को चाइल्ड फ्यूचर एनजीओं के खाते में छह लाख रुपये निवेश किया। कुछ समय बाद कंपनियों का व्यहार उनके प्रति बदलने लगा। उन्होंने रुपये मांगे तो कई माह बीत जाने पर भी पैसे नहीं लौटाए। इस पर उन्हें धोखाधड़ी का अहसास हुआ। इस पर उन्होंने मामले की शिकायत नवाबगंज थाने में की। पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। नवाबगंज थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच व कार्रवाई की जा रही है।

### युवक को पीटा, छह के खिलाफ रिपोर्ट

कानपुर। कोहना में दीवार का निर्माण करा रहे युवक को दबंगों ने पीटा और धमकाया कि झूठे मुकदमे में फंसा देंगे। इस पर पीड़ित ने महिला आरोपी समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुराना कानपुर धुबियाना निवासी मोहम्मद युनुस के अनुसार 19 अगस्त को वह अपने घर की दीवार बनवा रहे थे। तभी क्षेत्र के रहने वाले आमीन, उसकी पत्नी अजमेरी, बेटा अजूबा, रोशनी बानो, शमा बानो व खुद को एक पार्टी की नेता बताने वाली मदीना बेगम ने गाली-गलौज कर मारपीट की। काम बंद कराने की धमकी दी। कहा झूठे मुकदमे में फंसा देंगे। पीड़ित के अनुसार अजूबा हुसैन पर कन्नौज के गुरसहायगंज में गैंगस्टर की कार्रवाई हुई है। कोहना थाने में भी मुकदमे दर्ज है। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोहना थाने में की। थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### घर में घुसे चोर समेट ले गए माल, दो पहचाने गए

कल्याणपुर। रावतपुर में एक घर से माल समेट कर भाग रहें चोरों से महिला भिड़ गई। चोरों ने महिला को लात मारकर उसे जमीन पर पटक दिया और माल लेकर भाग निकले। महिला ने दो चोरों को पहचान लिया। मसवानपुर धामीखेड़ा दौलतपुर गांव निवासी रजोला सोनकर के अनुसार बीती तीन जुलाई की रात वह छत पर सो रही थीं। तभी देर रात उन्हें नीचे से खटपट की आवाज सुनाई दी। जिसपर वह उतरकर नीचे पहुंचीं तो घर में घुसे चार चोर उन्हें देखकर भागने का प्रयास करने लगे। उन्होंने दो चोरों को पकड़ लिया। तभी तीसरे ने उन्हें लात मारकर जमीन पर पटक दिया और मौके से भाग निकले। महिला ने कुलदीप सोनकर व बलवान कुशवाहा समेत दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### मेट्रो की बेरीकेडिंग संकरी, फंसते वाहन

कानपुर। शास्त्री चौक से लेकर डबल पुलिया तक जगह-जगह मेट्रो के काम से राहगीरों को परेशानी हो रही है। कई जगह तो मेट्रो की बेरिकेडिंग सड़क पर ज्यादा जगह पसर गई है जिससे चौड़े वाहन रगड़ जाते हैं। विजय नगर फलमंडी के पास ऐसी दिक्कत ज्यादा है। अति संकरी रोड के कारण दिन में कई बार जाम लगता है। सड़क किनारे लगी फल मंडी से रास्ता और संकरा हो गया है।

# राहत की बात: 15 सितंबर से खराब सड़कें सुधरने लगेंगी

## नगर आयुक्त ने सुनीं समस्याएं, सड़कों का काम जल्द शुरू करने के दिए निर्देश, 242 मार्गों की टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई

अमृत विचार IMPACT

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नगर आयुक्त सुधीर कुमार को शनिवार को निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण, गड्ढामुक्त सड़क, जलभराव एवं रखरखाव से संबंधित समस्याएं बताईं। इस पर नगर आयुक्त ने जनता को आश्वस्त किया कि जल्द ही सड़कों का निर्माण शुरू हो जाएगा। उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों को शुरू करने के साथ ही गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। त्योहारों से पहले कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने बताया कि 15 सितंबर से शहर की सड़कें गड्ढामुक्त होना शुरू हो जाएंगी।

बारिश के बाद शहर की सड़कों का बुरा हाल है। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं और गिट्टी-बजरी निकल कर बाहर आ गई है। नगर आयुक्त ने बताया कि 26 अगस्त को 242 मार्गों की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इनमें 38 मार्ग हॉट मिक्स प्लांट से निर्मित होंगे। शेष 184 मार्ग इंटरलॉकिंग एवं सी.सी. (कंक्रीट) से बनाए जाएंगे। इन कार्यों पर कुल 13.40 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त 19 करोड़ की धनराशि से 220 मार्गों की वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान की गई है। अगले 15 दिनों के भीतर निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर इन कार्यों को धरातल पर उतारा जाएगा।



काकादेव में सड़क पूरी तरह टूट चुकी है। अमृत विचार



सड़क पर फैली गिट्टी पर वाहन सवार गिरकर चुटहिल हो जाते हैं। अमृत विचार

### काकादेव हरी गर्ल्स हॉस्टल के पास गड्ढे में फंसते वाहन

- काकादेव हरी गर्ल्स हॉस्टल के पास सड़क न सिर्फ गड्ढे में तब्दील हो गई बल्कि उसमे जलभराव भी रहता है। कई बार तो बाइक व स्कूटी सवार लोग गड्ढों में फंसकर गिरने से चुटहिल तक हो जाते हैं। आसपास के दुकानदार या मौजूद लोगों को उनको उठाना और अस्तपाल ले जाना पड़ता है। लेकिन नगर निगम या लोक निर्माण विभाग और न ही जनप्रतिनिधि व अधिकारी सड़क की मरम्मत कराने की सुध ले रहे हैं, जबकि इस मार्ग से वह भी गुजरतें हैं।

### कॉडियोलाजी अस्पताल के पास फैली बजरी

- जीटी रोड की हालत सुधरने के बजाय दिन पर दिन और खराब होती जा रही है। अधिकारियों द्वारा मरम्मत कार्य कराने का सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है, लेकिन हकीकत में मरम्मत होती नहीं दिख रही है। ऐसे में न सिर्फ आम लोगों को दिक्कत हो रही है, बल्कि मरीजों को जेके कैंसर संस्थान, डॉ. मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल और कार्डियोलॉजी पहुंचने में दिक्कत हो रही है। गड्ढे में वाहन जाने से लगने वाला झटका मरीजों की पीड़ा बढ़ा रहा है।



झकरकटी के पास सड़क का नामो-निशां मिट गया है।

### शहरी सड़कें बनीं गांव का गालियारा

- टूटी सड़क में गड्ढे ही गड्ढे, उड़ती धूल में राहगीरों का चलना हुआ दूभर। हैलट अस्पताल के मुख्य द्वार के बाहर टूटी सड़क से उड़ रही धूल, झकरकटी बस स्टैंड के बाहर जीटी रोड किनारे की सड़क किसी गांव का गलियारा लग रही। जाजमऊ में शहर के स्वागत द्वार पर टूटी सड़क दिख रही।

फोटो-मनोज तिवारी



जाजमऊ में सड़क पर गिट्टी पसरी है।

### डिफेंस से सेवानिवृत्त बुजुर्ग ने दे दी जान

कानपुर। डिफेंस से सेवानिवृत्त बुजुर्ग ने मुरे कंपनी पुल के नीचे ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने जांच-पड़ताल की। जीआरपी की सूचना पर सचिवालय में कार्यरत बेटे ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की। पुलिस के अनुसार बुजुर्ग मानसिक रूप से कमजोर थे, सुबह लखनऊ से कैंट स्थित घर आने के लिए निकले थे। शव के समीप ही सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें बुजुर्ग ने अपनी मर्जी से आत्महत्या करने की बात लिखी है।

कैंट के लालकुर्ती बाजार निवासी 62 वर्षीय गौरीशंकर डिफेंस से सेवानिवृत्त थे। उनका बेटा विनीत सचिवालय में कार्यरत है और लखनऊ में ही रहता है। जीआरपी के अनुसार बुजुर्ग भी बेटे के साथ लखनऊ में रह रहे थे। शनिवार सुबह परिजनों से बिना कुछ बताए घर से निकले थे। ट्रेन से कैंट स्थित घर आ रहे थे। मुरे कंपनी पुल के पास ट्रेन की गति धीमी होने पर उतर गए। जीआरपी को आसपास के लोगों ने बताया कि गौरीशंकर कुछ देर तक वहीं बैठे रहे, इसके बाद दूसरी ट्रेन आते देखकर रेलवे पर गर्दन रखकर आत्महत्या कर ली। यह देख लोगों ने जीआरपी को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। समीप ही बुजुर्ग का मोबाइल पड़ा मिला। जिससे बेटे विनीत को खबर दी। मौके पर पहुंचकर उन्होंने शव की शिनाख्त की। बुजुर्ग के पास एक सुसाइड नोट मिला है, जिस पर लिखा है कि मैं अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रहा हूं। मेरे बच्चों को परेशान न किया जाए। जीआरपी के अनुसार परिजनों का कहना है कि उम्र के कारण गौरीशंकर कुछ मानसिक कमजोर हो गए थे।

# 55 करोड़ से भवसिंह से कूड़े का पहाड़ होगा खत्म

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**12.75** लाख घन मीटर कूड़ा प्लांट में एकत्र | **44.65** करोड़ रुपये मांगे थे शासन से | **01** सप्ताह में टेंडर की तैयारी

अमृत विचार। भवसिंह पनकी कूड़ा डंप में एकत्र लीगेसी वेस्ट (कूड़े) का 55 करोड़ से निस्तारण होगा। 15वें वित्त आयोग के तहत नगर निगम ने राशि को स्वीकृत कर दी है। अगले सप्ताह तक टेंडर कराकर कंपनी का चयन किया जाएगा। नगर आयुक्त सुधीर कुमार के अनुसार पनकी कूड़ा प्लांट पर अभी 12.75 लाख घन मीटर कूड़ा एकत्र है। पूरी तरह से कूड़े को हटाने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है।

कूड़े के पहाड़ों को हटाने के लिए इससे पहले नगर निगम ने शासन से 44.65 करोड़ रुपये मांगे थे। स्वच्छ भारत मिशन के तहत पुराने कूड़े के पहाड़ों को निस्तारित करने के लिये यह बजट मांगा गया था। इस पर शासन ने नगर निगम के प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी भी दी, काम शुरू हुआ तो कूड़े का निस्तारण शुरू हुआ, लेकिन बीच में काम बजट न होने की से रोक दिया गया। पूर्व से पड़े पुराने कूड़े के निस्तारण के लिये सितंबर 2021 को ई-निविदा आमंत्रित की गयी थी। निविदादाता मेसर्स इकोस्टन इंफ्रा को दे दी। 380 रुपये प्रति घन मीटर की दर पर कुल 1748937.95 घन मीटर कूड़े का निस्तारण कार्य शुरू किया गया। जिसका व्यय नगर निगम कानपुर द्वारा स्वयं स्रोतों से वहन किया जाना था। लेकिन कुल 459274.180 मीट्रिक टन कूड़े के निस्तारण में 21 करोड़ रुपये से ज्यादा का व्यय हुआ। धन अभाव के कारण पूरा कार्य नहीं हो पाया। वर्तमान में लगभग 12.75 लाख घन मीटर लिगेसी वेस्ट का निस्तारण कराया जाना शेष है। पुराने कूड़े की वास्तविक मात्रा के मूल्यांकन के लिये आईआईटी कानपुर की ड्रोन मैपिंग सर्वे के माध्यम से विस्तृत गणना की गई।




भवसिंह पनकी में डंप कूड़ा। अमृत विचार

# पैतृक मकान हड़पने को पड़ोसियों ने बनाए फर्जी कागजात, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों ने दी धमकी, 50 लाख रुपये रंगदारी मांगी
- आपरेशन महाकाल के तहत पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट आरोपी की गिरफ्तारी

अमृत विचार। चमनगंज में फर्जी दस्तावेज बनाकर पैतृक मकान हड़पने व 50 लाख रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित के बाबा की मौत के बाद आरोपियों ने किसी दूसरे को सामने खड़ा करके मकान अपने नाम करा लिया। पीड़ित जब नगरनिगम कार्यालय गृहकर जमा करने गए तो बाबा का नाम खारिज होने का पता चला। इस पर तत्काल चमनगंज पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

चमनगंज निवासी अरफात खान के अनुसार उनका पैतृक मकान बाबा स्व. नजर अली खां के नाम था। 26 जून 1980 को बाबा का निधन हो गया। उसके बाद से वह लगातार बाबा के नाम से नगर निगम में गृहकर जमा करते आ रहे है। 2025-26 में जब वह गृहकर जमा करने नगरनिगम कार्यालय पहुंचे तो उन्हें जानकारी हुई कि उनके बाबा का नाम खारिज कर इश्तियाक अहमद का नाम अंकित हो गया है। आरोप है कि जब उन्होंने मामले की जानकारी कि तो पता चला कि इश्तियाक अहमद ने अपने भाई गुलाब वारिस व मुश्ताक अहमद के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए। बाबा की मौत 1980 में होने के बावजूद आरोपियों ने एक जनवरी 1990 में बाबा की ओर से फर्जी हिबानामा (उपहार में) इश्तियाक अहमद के पिता असहाक के नाम होना दिखाया है। दोबारा 1996 में हिबानामा कर मुशब्बिर अहमद व खुर्शीद उल्ला का नाम दिखाया। पैतृक मकान हड़पने के उद्देश्य से फर्जी दस्तावेज तैयार कर 2022 में कोर्ट में वाद दाखिल कर दिया। सबकुछ पता चलने पर बीती छह अगस्त को पड़ोसी इश्तियाक और उसके भाइयों से नगरनिगम में उनका नाम अंकित होने की जानकारी करने गए तो मकान छोड़ने की धमकी दी। विरोध पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। जान से मारने की धमकी दी। इस पर 25 हजार रुपये आरोपियों को देकर जान बचाई। बाकी रकम बाद में देने का भरोसा दिया। थाना प्रभारी संजय राय ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

# फंदे से लटका युवक, दरवाजा तोड़ निकाला

कानपुर। बर्रा में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव फंदे से उतारा। मूलरूप से हमीरपुर मौदहा के खुसियारी निवासी 35 वर्षीय संतराम उर्फ लाली पत्थर घिसाई का काम करता था और बर्रा दो स्थित छेदी सिंह का पुरवा में किराये पर अकेले रहता था। परिवार में पत्नी सुमन, बेटी नंदिनी, साक्षी व दो वर्षीय बेटा सागर है। संतराम ठेकेदार विनोद के साथ काम करता था। सुमन ने बताया कि तीन साल पहले तबियत बिगड़ने पर पति उन्हें गांव छोड़ गए थे। जिसके बाद से वह अकेले रह रहे थे। शुक्रवार देर रात संतराम ने संदिग्ध हालात में पंखे से फांसी लाकर जान दे दी। शुक्रवार सुबह काम के सिलसिले में ठेकेदार उसके घर पहुंचा तो काफी देर तक दरवाजा पीटने पर नहीं खुला। उसने घटना की जानकारी बर्रा पुलिस को दी। पुलिस दरवाजा तोड़कर कमरे में पहुंची तो शव लटका पाया।

# रेकी कर की थी चोरी, आरोपियों के करीब पहुंची पुलिस

संवाददाता, कल्याणपुर। पनकी में सेवानिवृत्ति प्रतिरक्षाकर्मी के सूने घर में हुई चोरी के मामले में सीसीटीवी कैमरे में कैद तीन युवकों की तलाश में पुलिस की तीन टीमें जुटी है। शातिरों ने रेकी की थी।

पनकी बी ब्लॉक निवासी रिटायर प्रतिरक्षाकर्मी सुनील कुमार गुप्ता कुछ दिन पहले किडनी ट्रांसप्लांट के लिए बेटे दीपांशु के पास पत्नी समेत नोएडा गए हुए थे। इस बीच उनके सूने पड़े घर में हुई 15 लाख की चोरी के मामले में पुलिस की टीमें घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है। जिसमें तीन युवक घर की रेकी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जिनके संबंध पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। जिसके चलते पुलिस आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर सकती है। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की मदद से कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं।

### करीबी हो सकता है घटना में शामिल

घर के अंदर दाखिले हुए चोरों अंदर लगे कैमरे से बचते हुए घटना को अंजाम दिया था। घटना में किसी करीबी के शामिल होने के एंगल से भी पुलिस जांच कर रही है।



जीटी रोड कई जगह छलनी हो गई है। अमृत विचार

# वाहनों का लोड अधिक होने से नहीं टिक पा रही सड़क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। वाहनों के अधिक लोड के कारण जीटी रोड की हालत खराब है। एनएच लोक निर्माण विभाग का पैचवर्क औसतन 12 घंटे में ही खराब हो रहा है।

रामादेवी से लेकर कल्याणपुर आईआईटी तक जीटी रोड की हालत काफी खराब है। इस रोड से करीब पांच लाख वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं। एनएच लोक निर्माण विभाग ने मोटरेबल कार्य कुछ दिनों पहले किया था। साथ ही कच्चे पैच भी जगह-जगह बनाए थे। लेकिन यह पैच पूरे 24 घंटे तक भी नहीं टिक पा रहे हैं। एनएच लोक निर्माण के अभियंताओं ने एक सर्वे किया है, जहां-जहां विभाग ने पैच वर्क किया, वह कच्चे पैच औसतन 12 घंटे तक भी नहीं टिक सके। इसकी मुख्य वजह अभियंताओं के मुताबिक जीटी रोड पर वाहनों का लोड बढ़ना बताया जा रहा है। जीटी रोड पर सबसे ज्यादा 65 हजार से ज्यादा पीसीयू (पैसेंजर कार यूनिट) का लोड पड़ रहा है। जिसके कारण पैच भी नहीं टिक पा रहे हैं। अधिशासी अभियंता अरुण कुमार के मुताबिक जल्द ही मरम्मत कराई जाएगी।

हेल्थ जोन | मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग की ओपीडी में पहुंच रहे मरीज

# बारिश से बढ़े अल्सर, इंफेक्शन व डायबिटीज के रोगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर और कानपुर मंडल व उसके आसपास के जिलों में झमाझम बारिश के बाद न सिर्फ संचारी रोगों का खतरा बढ़ा है, बल्कि अल्सर, इंफेक्शन और डायबिटीज के रोगियों में घाव की समस्या भी बढ़ गई है। इलाज के लिए मरीज हैलट अस्पताल के सर्जरी विभाग पहुंच रहे हैं।

हैलट अस्पताल में सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.जीडी यादव ने बताया कि बारिश के मौसम में हवा में नमी बढ़ जाती है, जिससे पैरों की त्वचा कमजोर होकर फटने लगती है। इसके बाद फंगस व अन्य सूक्ष्मजीवों के पनपने का खतरा बढ़ जाता है। गीले और नम वातावरण में छोटे घाव और चोट आसानी से संक्रमित होते हैं, जिससे अल्सर बनने की आशंका अधिक हो जाती है। इसके अलावा डायबिटीज मरीजों के लिए यह मौसम जोखिम भरा रहता है। क्योंकि डायबिटीज में रक्त संचार बाधित होता है और प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है, जिससे घावों को भरने में बहुत समय लगता है। डायबिटीज से पैरों की तंत्रिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे मरीज को चोट, दर्द या संक्रमण का पता नहीं चल पाता। घावों में अगर सही समय पर इलाज न हो तो ये सेल्युलाइटिस, गैंग्रीन या सेप्टिसीमिया जैसी गंभीर समस्याओं का कारण तक बन जाते हैं। तुरंत इलाज शुरू कराना चाहिए।

### डायबिटीज रोगी ऐसे करें बचाव

- बारिश के मौसम में पैरों को सूखा रखना बहुत जरूरी
- व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें, खासकर डायबिटीज मरीज
- पैरों पर छोटे घाव, चोट या संक्रमण के लक्षणों पर ध्यान दें
- बारिश या जलजमाव वाली जगह जाने से बचें
- जितना हो सके धूम्रपान से करने से बचें।
- आहार में पर्याप्त प्रोटीन, विटामिन व मिनरल युक्त भोजन शामिल करें।
- सही साइज के जूते और मोजे पहनें।




पुलिस वालों को सीपीआर की ट्रेनिंग दी गई। अमृत विचार

### पुलिस कर्मियों की स्वास्थ्य जांच

- कानपुर। आईएमए की ओर से शनिवार को पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने खासतौर पर मोटापा को कंट्रोल करने के लिए और फिटनेस को ध्यान देने की सीख दी। आईएमए हॉल परेड में लगे शिविर में पुलिस कर्मियों को लगातार ड्यूटी के दौरान समय निकालकर व्यायाम करने की भी सलाह दी। शिविर में लिवर, रक्तचाप, हृदय रोग सहित अन्य जांच की गई। इस दौरान आईएमए अध्यक्ष डॉ. नंदिनी रस्तोगी, डॉ. कुणाल सहाय सहित अन्य मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### प्रधानमंत्री को गाली देने पर आज घेराव

**कानपुर।** बिहार में कांग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के बाद भाजपा महिला मोर्चा 31 अगस्त एवं 1 सितंबर को कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी जिलों में कांग्रेस के जिला मुख्यालयों का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन करेगी। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि कांग्रेस के विदेशी फाइनेंसर जॉर्ज सोरेस ने 2024 में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए अरबों रुपये खर्च किए थे, लेकिन राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनने योग्य सीटें तक नहीं ला पाए। अब अपने चाचा जॉर्ज सोरेस को खुश करने के लिए कांग्रेस, प्रधानमंत्री मोदी जी को सार्वजनिक मंचों से गालियां दिलवा रही है। यह भारतीय लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है। भाजपा उत्तर व दक्षिण महिला मोर्चा द्वारा रविवार को कांग्रेस मुख्यालय तिलक हाल का घेराव एवं प्रदर्शन किया जायेगा। भाजपा नवीन मार्केट कार्यालय से दोपहर ढाई बजे मोर्चा के एकत्र होकर मेस्टन रोड पहुंचेंगे।

### उपकरणों के लिए रजिस्ट्रेशन

**कानपुर।** भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की एडिप एवं व्योदश्री योजना के कैम्प का उदघाटन किया। सीसामऊ विधानसभा द्वारा कम्युनिटी सेंटर गीता पार्क में लगाया गया। वृद्धजनों एवं दिव्यागजनों ने जीवन सहायक उपकरणों के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया। अनिल दीक्षित ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को सभी पंजीकृत दिव्यांगों एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा।

### दो स्पेशल चाइल्ड को व्हीलचेयर

**कानपुर।** इनरव्हील एवलान द्वारा डिस्ट्रिक वाइस चेयरमैन मनीषा वाजपेयी एवं पास्ट एसोसिएशन प्रेसीडेंट सरोज कटियार के नेतृत्व में दो स्पेशल चाइल्ड को व्हीलचेयर और वाकिंग स्टिक दी गई। शनिवार का गैंजेज क्लब आर्यनगर में आयोजित कार्यक्रम में क्लब सदस्यों द्वारा संकल्प लिया गया कि आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित करते रहेंगे।

# हुनर डुबो रहा टैरिफ का भंवर, कामगारों पर गंभीर असर

## निर्यात रुकने से हाथ के कारीगरों का काम हुआ आधा, अमेरिका में सबसे अधिक हैंडमेड उत्पादों का किया जाता है निर्यात

**टैरिफ की मार फंसा कारोबार**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमेरिका की बाजार में शहर के हाथ के बने उत्पादों की काफी मांग रही है। इनमें लेदर व टेक्सटाइल के उत्पादों को वहां के खरीदार मुंहमांगी कीमत पर अक्सर खरीदते हैं। इस काम में बड़ी संख्या में ऐसे हुनरमंद जुड़े हैं जो हाथ से उत्पादों को तैयार करते हैं। अब टैरिफ व पेनाल्टी लागू होने से वे भंवर मे फंस गए हैं। अमेरिका से निर्यातकों के ऑर्डर रुकने से शहर के हुनरमंदों का काम तो आधा हो ही गया है, भविष्य में भी औसत से कम ऑर्डर मिलने के डर से वे परेशान हैं।

शहर में सबसे अधिक हाथ के हुनरकार लेदर सेक्टर में हैं। यहां पर लगभग 6 हजार हुनरकार हाथ के जरिये चमड़े पर कारीगरी दिखाते हैं। टेक्सटाइल उद्योग में भी इस तरह के कारीगरों की संख्या लगभग 5 हजार है। निर्यात पर प्रभाव पड़ने से 8 से 12 घंटे तक काम करने वाले इन कारीगरों के पास काम धीरे-धीरे कम हो गया है। लेदर की बेल्ट, बैग, कॉरपोरेट प्रोडक्ट, घोडे की जीन के नीचे बिछाई जाने वाली दरी, घरों में सजाने वाले डिजाइनर आइटम और लग्जरी आइटम में उकेरी जाने वाली हाथ की डिजाइन का काम 70 फीसदी कम हो गया है। दूसरा कोई काम न जानने वाले इन कारीगरों का दर्द यह भी है कि यदि जल्द ही स्थिति न सुधरी तो उनके पास मजदूरी के अलावा कोई दूसरा काम नहीं बचेगा। इन्हें चमड़ा उत्पादकों और निर्यातकों की ओर से आर्थिक सहायता का वादा किया जा रहा है। बावजूद इसके कारीगर दो से तीन महीने के बाद की स्थिति को लेकर काफी चिंतित हैं।


हैंडमेड उत्पादों की विदेशों में भारी मांग है।


हैंडमेड बैग।


चमड़े का बैग।


सजावटी सामान।

- **10,401** करोड़ रुपये का शहर से होता है कुल निर्यात
- **2500** करोड़ का शहर से अमेरिका का निर्यात
- **30%** हाथ के बने उत्पादों का होता है निर्यात
- **50 %** काम टैरिफ के बाद आना हुआ बंद
- **6 %** शहर का प्रदेश में निर्यात में सहयोग
- **60-70** फीसदी निर्यात का चमड़ा उद्योग के पास
- **5000** हाथ के हुनरमंद सिर्फ चमड़ा उद्योग से जुड़े
- **90 %** हुनरमंद ऑर्डर पर करते काम

### कारोबारियों का दर्द


लेदर पर डिजाइन के उत्पाद सबसे अधिक निर्यात अमेरिका में ही होता है। वहां की सरकार ने टैरिफ लगा दिया जिससे इस महीने पहले के मुकाबले आधा काम हो गया है। ऑर्डर है नहीं तो हम लोगों के पास भी डिजाइन का काम आना बंद हो गया है। यही स्थिति रही तो 10 फीसदी भी काम नहीं बचेगा।

-मोहम्मद आसिफ


क्रिसमस से पहले इस वक्त हम लोगों के पास काम इतना होता था कि किसी और काम के लिए समय ही नहीं निकल पाता था। इस बार स्थिति बहुत खराब हो गई है। हम लोगों के पास आधा काम भी नहीं बचा है। क्रिसमस से पहले यह स्थिति है तो आगे और क्या होगी यह सोचकर मन घबरा जाता है।

-संजय कुमार


डिजाइन का काम इससे पहले कोरोना काल के समय कम हुआ था। उस वक्त एक उम्मीद थी कि कभी न कभी कोरोना खत्म होगा और दोबारा काम शुरू होगा। इस बार ऐसा नहीं लग रहा है। अब सरकार से उम्मींद है कि वे कोई ठोस कदम जल्द ही निकालेगी जिससे हम लोगों का काम पहले की तरह हो सकेगा।

-सुनील कुमार


ऑर्डर के हालात देखकर ऐसा लग रहा है कि दो से तीन महीने तक अभी यह स्थिति बनी रहेगी। अमेरिका सबसे बड़ी बाजार है और सरकार इसके लिए कुछ न कुछ हल जरूर निकालेगी। हम लोगों के पास फिर से पहले जैसा काम आएगा। फिलहाल इस वक्त की स्थिति को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि अब घर चलाना तक मुश्किल होगा।

-मोहम्मद इम्तियाज


अमेरिका की ओर से टैरिफ लगा जरूर है लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि जल्द ही इसे हटाया भी जाएगा। जल्द ही पहले जैसे ऑर्डर फिर से मिलने लगेंगे। हम लोगों को काम करना आता है, ऐसे में काम की कमी हो सकती है लेकिन काम कभी खत्म नहीं होगा। कुछ न कुछ काम हमेशा ही आता रहेगा।

-नीरज गौतम


हम लोग ऐसे उत्पादों पर काम करते हैं जो विदेश में बहुत महंगे मिलते हैं। जब पहले अमेरिका के लोग महंगे चमड़े के डिजाइनर उत्पाद खरीद सकते थे तो टैरिफ लगने के बाद बढ़े हुए दामों पर भी शौकीन लोग इसे खरीदेंगे। काम प्रभावित जरूरत हुआ है वहां के लोग भी उत्पादों की कम कीमत का इंतजार कर रहे होंगे। यदि नहीं होती है तो ऑर्डर तो वे लोग देते ही रहेंगे।

-राजा गौतम

### हुनर के अनुसार मेहनताना

- शहर के लेदर सेक्टर की बात की जाए तो यहां पर चमड़े के उत्पादों में हाथ की कारीगरी करने वाले हुनरमंदों को उनके हुनर के अनुसार मेहनताना मिलता है। कुछ कारीगर वेतनभोगी भी हैं। कारीगरों का दर्द यह भी है उनके काम की बारीकियों के अनुसार उन्हें काम मिलता है। निर्यात पर असर पड़ने से बड़े कारीगर तो कहीं न कहीं ठिकाना हासिल कर लेंगे। छोटे कारीगरों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ेगी। उत्पादों में कम काम होने से सिर्फ हुनरमंद कारीगरों को ही अब काम मिल सकेगा।

### खो सकता है हुनर

- चमड़े के उत्पादों की कारीगरी में अभी भी जाजमऊ क्षेत्र में गुरु शिष्य परंपरा कायम है। इस स्थिति में पुराने कारीगरों को डर यह भी सता रहा है कि लगातार काम आने से यह गुरु-शिष्य परंपरा कायम है। यदि काम ही कम होगा तो नए कारीगर इस क्षेत्र से किनारा कर लेंगे। ऐसी स्थिति में बाजार में सिर्फ पुराने कारीगर ही बचेंगे। एक समय बाद शहर में यह हाथ की कारीगरी का हुनर धीरे-धीरे खत्म हो जाएगा।

### बारीकी के लिए मशहूर

- पूरे देश में शहर सबसे अधिक चमड़े के उत्पादों में हाथ की बारीक कारीगरी के लिए मशहूर है। अन्य राज्यों से भी छोटे उत्पादों पर डिजाइन कराए जाने के लिए कच्चे 'रफ' उत्पादों को शहर भेजा जाता है। यहां पर खासतौर पर अमेरिका के खरीदारों की पसंदीदा डिजाइन 'पत्तियां, किनारा, फिनिशिंग जैसी डिजाइन बनाई जाती है। इसी तरह घरों में सजाने वाले लेदर के लग्जरी प्रोडक्ट में बनाई जाने वाली डिजाइन के लिए भी शहर के कारीगर मशहूर है।

# उद्यमी और व्यापारी अब नहीं भूल पाएंगे सत्यापन कराने की तिथि

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विधिक माप विज्ञान विभाग की ओर से कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में उद्यमियों व व्यापारियों को विभाग की ओर से उन्हें दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया गया। इस दौरान ऐसे नियम जिनकी वजह से उद्यमियों व व्यापारियों को परेशानी होती थी उनकी चर्चा भी की गई।

उपायुक्त उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र सभागार में हुई कार्यशाला में ऑनलाइन सेवाओं के बारे में बताया गया। कार्यशाला में विधिक माप विज्ञान विभाग की सहायक नियंत्रक कानपुर संभाग प्रणिता तिवारी व उपायुक्त उद्योग अंजनेश प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। उद्यमियों को बताया गया कि व्यापारियों व उद्यमियों के पास दो तरह की वजन लेने की मशीनें होती है। इनमें इलेक्ट्रॉनिक का एक वर्ष व मेन्युवल को दो वर्ष में सत्यापन कराना होता है। अब विभाग की ओर से उन्हें ऑनलाइन सुविधा प्रदान की गई है। इस सुविधा के तहत उद्यमी व व्यापारी सत्यापन की तिथियों व मापन यंत्रों की फोटो यदि वेबसाइट पर अपलोड कर दे तो सत्यापन तिथि के एक महीने पहले से उन्हें सूचना हासिल होने लगने लगती है।


कार्यशाला में मौजूद उद्यमी और व्यापारी। अमृत विचार

- **विधिक माप विज्ञान विभाग की ओर से शुरू की गई ऑनलाइन सुविधा**

कार्यशाला के दौरान फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल, उद्यमी आईआईए अध्यक्ष दिनेश बरसिया, आलोक अग्रवाल, मनोज बंका, शिव प्रसाद गुप्ता व दिनेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।


बच्चों को स्कूल बैग, लेखन सामग्री का वितरण अमृत विचार

# रोटरी क्लब ने बच्चों को बैग और लेखन सामग्री बांटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** डिस्ट्रिक शिक्षा उदय कार्यक्रम के अन्तर्गत रोटरी क्लब कानपुर ईस्ट एवं सामाजिक संस्था आशा की किरण के सहयोग से गरीब बच्चों को पनकी मंदिर प्रांगण में स्कूल बैग एवं लेखन सामग्री वितरित की गई।

शनिवार को पनकी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक गर्वनर (एन) रोटेरियन जसवीर भाटिया ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गरीब व बेसहारा बच्चों में शिक्षा के प्रति ललक जगाना ही इस कार्यक्रम का उद्देश्य था। कार्यक्रम में क्लब पैट्रॉन नरेंद्र ओमर ने बताया कि रोटरी क्लब कानपुर ईस्ट समाज के पिछड़े तथा गरीब समुदाय की समय समय पर मदद करता है। इस अवसर पर रोटरी अध्यक्ष अक्षय गुप्ता, सचिव अनवीश दुबे, नरेंद्र ओमर, मोतीलाल अग्रवाल, अशोक सिंह, अंशू अग्रवाल, विपुल जैन आदि उपस्थित रहे।

# बिहार हिंसा के विरोध में कांग्रेसियों ने काली पट्टी बांधी, रामधुन गाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिहार के कांग्रेस प्रदेश कार्यालय पर हुए हमले के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराते हुए कांग्रेसियों ने काली पट्टी बांधी और रामधुन गाकर विरोध प्रकट किया।

शनिवार को फूलबाग स्थित गांधी प्रतिमा पर हाथों में काली पट्टी बांधकर और राम धुन गाते हुए कानपुर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने गांधीवादी तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि शुक्रवार को पटना में कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय पर हमले के लिए भाजपा पूरी तरह से जिम्मेदार है। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोगों द्वारा अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए पटना स्थित बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी, सदाकत आश्रम पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हिंसात्मक हमला व अराजकता की गयी, वह निंदनीय है।



गांधी प्रतिमा फूलबाग में कांग्रेसियों का विरोध प्रदर्शन। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि जब से वोट चोरी का खुलासा हुआ है भाजपा बौखला गई है। भाजपा के इन हमलों से हम न तो डरेंगे, न रुकेंगे, न झुकेंगे। ये काफिला ऐसे ही बढ़ता रहेगा। पूर्व नगर अध्यक्ष हर प्रकाश अग्निहोत्री, पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, नरेश चंद त्रिपाठी, नरेंद्र शर्मा, इकबाल अहमद, शंकर दत्त मिश्रा, निजामुद्दीन खान, अतीक अहमद शहजादे, राकेश साहू,राम शंकर राय, पूजा भारद्वाज, संतोष त्रिपाठी, रोशनी चौधरी, मोना गुप्ता, राजीव द्विवेदी, रितेश यादव, अजय प्रकाश तिवारी, संजय दीक्षित, मुन्ना शाकिर, आसिफ इकबाल, पदम मोहन मिश्रा, विवेक पाल, महेश चन्द त्रिपाठी, उमा शंकर तिवारी, धर्मेंद्र चौहान, नरेंद्र चंचल आदि थे।

**जानकारी** | होटल रॉयल क्लिफ में दो दिवसीय एकेडमिक कार्यशाला

# तकनीक से आंखों की जांच और इलाज हुआ आसान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर ऑफ्थैल्मिक सोसाइटी की ओर से शनिवार को स्वरूप नगर स्थित होटल रॉयल क्लिफ में दो दिवसीय एकेडमिक कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यशाला में नेत्र चिकित्सकों ने नई तकनीकों को इलाज में काफी सहायक बताया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक से नेत्रों की बारीक जांच को चिकित्सा क्षेत्र में सरलीकरण की संज्ञा दी गई। विशेषज्ञों ने नेत्र रोग के लिए मोबाइल को भी जिम्मेदार बताया।

सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ.मनीष महेंद्रा ने बताया कि कार्यशाला में करीब 200 नेत्र रोग विशेषज्ञ व सर्जन शामिल हुए। सचिव डॉ.मोहित खत्री ने बताया कि कोयंबटूर से डॉ.डी राममूर्ति, मुंबई से डॉ.सुहास हल्दीपुरकर व देहरादून से डॉ.गौरव लूथरा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ वैज्ञानिक सत्रों में चश्मा हटाने की नई तकनीक, उन्नत मोतियाबिंद, शल्य चिकित्सा, नेत्र विजन में कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) की भूमिका और रेटिना रोगों के प्रबंधन जैसे विषयों पर चर्चा हुई। कोयंबटूर से आए वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. डी. रामामूर्ति ने फेकिक लेंस को आज के समय में दृष्टिदोष का सबसे उन्नत उपचार बताया। उन्होंने कहा कि इसका प्रयोग न्यूनतम से लेकर अत्यधिक नंबर वाली आंखों तक में सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इसमें लगभग 50 हजार रुपये का खर्च आता है।


कार्यशाला में मौजूद डॉक्टर। अमृत विचार


जानकारी देते डॉक्टर्स। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि भारत आंखों के इलाज में दुनिया में शीर्ष पर है, जहां हर साल करीब 8 मिलियन मोतियाबिंद ऑपरेशन होते हैं। पहले जहां हर पांच में से एक व्यक्ति अंधापन का शिकार होता था, वहीं अब आधुनिक तकनीकों से यह स्थिति काफी बदली है। डॉ. रामामूर्ति ने लोगों को चेतावनी दी कि मेडिकल स्टोर से दवा लेकर आंखों में कभी न डालें।

बच्चों को स्वस्थ आंखों के लिए प्रतिदिन 2-3 घंटे बाहर खेलने के लिए प्रेरित करने की सलाह भी उन्होंने दी। कार्यशाला में ट्रेजरार डॉ.उमा अग्रवाल, डॉ.संगीता शुक्ला ने भी विचार व्यक्त किए।


आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक आंखों की बीमारियों के लिए काफी लाभदायक साबित हो रही है। इस तकनीक से आंख की काफी बारीक जांच भी हो सकती है। इस तकनीक के आने से पहले यह जांच काफी मुश्किल थी।

-डॉ. प्रशांत बावनकुले


डायबटीज के रोगियों को आंखों का खास ख्याल रखना चाहिए। डायबटीज में नसों की समस्या आम होती है इससे आंखों में रक्तप्रवाह सही से नहीं हो पाता है। ऐसे में यह जरूरी है कि डायबटीज रोगी नियम पूर्वक अपनी आंखों की जांच चिकित्सक से कराएं।

-डॉ. दिनेश तलवार

# मंदिरों पर सरकारी हस्तक्षेप गलत, आस्था का अनादर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **विश्व हिन्दू परिषद् के स्थापना दिवस पर आयोजन**

**अमृत विचार।** विश्व हिन्दू परिषद् (विहिप) के स्थापना दिवस पर आयोजन किया गया। विहिप के प्रांत अध्यक्ष मुख्य वक्ता राजीव महाना ने विहिप की स्थापना का उद्देश्य, हिन्दू समाज की एकता, मंदिरों की स्थिति, और 'मंदिर मुक्ति अभियान' की आवश्यकता बताते हुए कहा कि विश्व हिन्दू परिषद् की स्थापना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 29 अगस्त 1964 को मुंबई में हुई। इसका उद्देश्य हिन्दू समाज को संगठित कर, सनातन धर्म, संस्कृति और परंपरा की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि मंदिरों पर सरकारी हस्तक्षेप गलत है।

उन्होंने बताया कि कैसे लोग समाज में भूगोल को परिवर्तित कर रहे, हमें इसको लेकर समाज को जगाना पड़ेगा। हमें संयुक्त परिवार की ओर ध्यान देना होगा। राजीव महाना ने कहा, कि देश के कई राज्यों में हजारों प्राचीन मंदिर आज भी सरकारी नियंत्रण में हैं, जहां सरकारें उनके धार्मिक, प्रशासनिक और आर्थिक कार्यों में हस्तक्षेप कर रही हैं।

यह हिन्दू समाज की आस्था और परंपरा का अनादर है। हमारा अभियान 'सरकारी नियंत्रण से मंदिरों की मुक्ति इसी दिशा में एक शांतिपूर्ण, कानूनी और सामाजिक जागरण का प्रयास है। कार्यक्रम में महंत परानंद जी महाराज, विभागाध्यक्ष नरेश माहेश्वरी, प्रांत से अनुराग दुबे, जिलामंत्री युवराज द्विवेदी, प्रखंड अध्यक्ष अवधेश, कालीचरण, विनय, मोहित आदि रहे।

## सिटी ब्रीफ

### अप्रेंटिसशिप मेले में 65 का हुआ चयन

**कानपुर।** राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर में शनिवार को अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया गया। मेले में सरस्वती इंजीनियरिंग, बजरंग सोलर, विशाल इंडस्ट्रीज, अल्का इंटरप्राइज़ेज, प्रदीप इलेक्ट्रिकल, ट्राइडेंट, दुर्गा मैन्युफ़ैक्चरिंग सहित अन्य उद्योग शामिल रहे। मेले में लगभग 95 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। 65 अभ्यर्थियों को अप्रेंटिसशिप के लिए चयनित किया गया।

### आविष्कार से जुड़ें युवा

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कैम्पस स्थित स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग में शनिवार को प्रोफेसर ऑफ प्रेक्टिस का सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में डॉ जीएन सिंह, पूर्व ड्रग कंट्रोलर ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ जीएन सिंह ने छात्रों को फार्मेसी सेक्टर के माध्यम से नित्य नये आविष्कार कर समाज में अपने योगदान के लिए प्रोत्साहित किया।

### पर्सनालिटी डेवलपमेंट वर्कशॉप 1 को

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में 1 सितंबर को कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्रों के लिए पर्सनालिटी डेवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन विवि के सीनेट हॉल, सीएसजेएमयू में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में डॉ. अंगना सेनगुप्ता बच्चों को विशेष व्याख्यान देंगी। विशेष वक्ता ने यूनिवर्सिटी ऑफ वारशॉ अर्थशास्त्र में पीएचडी की है और वर्तमान में एनपीटीईएल, आईआईटी कानपुर में वरिष्ठ परियोजना वैज्ञानिक के रूप में कार्यरत हैं।


स्वरूप नगर में पंडाल में गणेश जी की पूजा करते भक्त। अमृत विचार


बाबा दिल्लेश्वर नवयुवक संघ के उत्सव में महाकाल की झांकी।


एचटू ब्लॉक किदवई नगर में स्थापित विघ्नहर्ता की प्रतिमा।

# जय जय गणपति करो कृपा, बप्पा को किया विदा

## गणेश महोत्सव के चौथे दिन पंडालों में हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, दिनभर पूजा-अर्चना और शाम को हुई आरती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में गणेश महोत्सव के चौथे दिन शनिवार को गणेश पंडालों में विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। वहीं, सैकड़ों घरों में विराजे बप्पा को भावुक मन से श्रद्धालुओं ने विदा किया। शहर के विभिन्न कृत्रिम घाटों पर ढ़ोल-ताशे के साथ रंग खेलकर गणेश जी की विदाई की और अगले वर्ष फिर से घर में विराजने की कामना की। पंडालों में देर शाम से विभिन्न आयोजनों में स्थानीय कलाकारों ने प्रदर्शन किया।


घरों में स्थापित गणेश प्रतिमा का विसर्जन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

महाराष्ट्र मंडल कानपुर में गणेशोत्सव के चौथे दिन एक मराठी नाटक का मंचन किया गया। कथा कुनाची व्यथा कुणा नाम के नाटक में एक रहस्यमयी हत्या के पर्दाफाश पर आधारित नाटक का मंचन हुआ। नाटक में अमृता करकरे, अनुपम घाणेकर, गौरव केलकर, निशा देव, वैशाली फाल्के, अभिनव गणपुले, विजय डाहले, श्याम फड़के, प्रदीप फाल्के, आशुतोष फाल्के, वरुण पुसालकर, मनोज देवस्थली और शशांक फाल्के जैसे अनुभवी और प्रतिभाशाली कलाकारों ने अभिनय किया।

इसके अलावा सुतरखाना स्थित सिद्धि वियनाक मंदिर में भी सांस्कृतिक आयोजन हुए। शाम को आरती में सैकड़ों भक्त जुटे। एचटू ब्लॉक किदवई नगर में स्थापित विघ्नहर्ता को श्रद्धालुओं ने मनाया।

### श्री बाबा दिल्लेश्वर महादेव का वार्षिकोत्सव मनाया

■ शनिवार को श्री बाबा दिल्लेश्वर नवयुवक संघ ने 25वां वार्षिकोत्सव व महाकाल जी का महोत्सव मनाया। नानाराव पार्क में आयोजित महोत्सव में बाबा महाकाल का विशाल स्वरूप विराजमान कराकर साथ बिहारी जी वा वीरभ्द्र जी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। गणेश वन्दना से भजन संध्या प्रारंभ हुई। भजनगायक गजेंद्र नेन भजन सुनाए। मंडल के जतिन गौड़, ज्ञानेंद्र विश्नोई, शिवम बाबा, सर्वेश गोड, अभिषेक द्विवेदी, यश ओमर, कृष्णा जायसवाल आदि रहे।

- महाराष्ट्र मंडल के पंडाल में मराठी नाटक का मंचन

यहां संदीप सिंह, गुड्डे, अक्षत दीक्षित, गगन, हर्ष अवस्थी, चित्रांकुश सिंह, पंकज अवस्थी, कमलेश मिश्रा समेत श्री सिद्ध विनायक सेवा समिति के लोगों ने गणेश जी प्रसाद भी वितरित किया। जूही लाल कॉलोनी में छप्पन चौराहे पर आयोजित गणेश पूजन कार्यक्रम में आरती और भजन कीर्तन हुआ। यहां राजू पतंगवाले, अक्षय यादव समेत स्थानीय लोगों ने पूजा की। आवास विकास में श्रीश्री सिद्धि विनायक सेवा समिति द्वारा गणेश महोत्सव में अलग-अलग कार्यक्रम हुए।

## कल रामादेवी से शहर में प्रवेश करेगा नगर कीर्तन

**कानपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत शताब्दी पर असम से रवाना हुआ नगर कीर्तन विभिन्न शहरों से होते हुए 1 सिंतबर को रामादेवी पहुंचेगा।

श्री गुरु सिंह सभा लाटूश रोड के प्रधान सरदार हरविंदर सिंह लार्ड ने बताया कि नौवें पातशाह हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब की 350वीं शहादत शताब्दी पर गुवाहाटी से ऐतिहासिक शहीद नगर कीर्तन प्रारंभ हुआ है जो प्रयागराज होते हुए सोमवार 1 सितंबर को कानपुर पहुंचेगा। कानपुर में गुरुद्वारा भाई बन्नो साहिब, गुरुद्वारा कीर्तनगढ़ के अतिरिक्त गुरुद्वारा रणजीत सिंह समेत शहर के गुमटी नंबर 5, संत नगर चौराहा, हरवंश सिंह भल्ला चौक समेत विभिन्न स्थानों पर नगर कीर्तन का स्वागत किया जाएगा। नगर कीर्तन रात में कानपुर में विश्राम के बाद 2 सितंबर को आगे के लिए रवाना होगा।

### गोविंद नगर से नगर कीर्तन आज

■ बाबा श्री चंद गुरुद्वारा गोविंद नगर से रविवार 31 अगस्त को सायं 4 बजे नगर कीर्तन निकाला जाएगा जो विभिन्न मार्गों से होते हुए देर शाम किदवई नगर स्थित गुरुद्वारा बाबा नामदेव में समाप्त होगा। ये कार्यक्रम गुरुद्वारा बाबा श्रीचंद कमेटी, बाबा नामदेव समिति, सिख पंजाबी वेलफेयर सोसायटी व समूह साध संगत के द्वारा आयोजित किया जाएगा। गुरुद्वारा बाबा नामदेव के प्रधान सरदार नीतू सिंह ने बताया कि नगर कीतर्न गोविंद नगर से नजराज, दुर्गा मंदिर, चावला चौराहा, जूही कांटा, जूही डिपो, बारादेवी होते हुए रात 8 बजे गुरुद्वारा बाबा नामदेव में समाप्त होगा।


प्रभु का अभिषेक करते भक्त। अमृत विचार

# कुटिलता, छल-कपट का त्याग ही उत्तम आर्जव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पर्युषण महापर्व के तीसरे दिन शनिवार को जैन मंदिरों से उत्तम आर्जव का संदेश दिया गया। इस दौरान मंदिरों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। प्रभु का अभिषेक व शांतिधारा कर माहौल को भव्य किया गया। देर रात तक मंदिरों में कार्यक्रम हुए।

दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मतंदिर जनरलगंज में हुए आयोजन में हुए प्रवचन में पियूष सागर जी महाराज ने तीसरे तरण का महत्व बताया। कहा कि छल-कपट के आवेश पर विजय प्राप्त करके जीवन में छल-मुक्त जीवन का अभ्यास करना ही उत्तम आर्जव धर्म है। मंदिर में सुबह जलाभिषेक के साथ-साथ नित्यनियम पूजा-पाठ, प्रारंभ पंडित महावीर जैन शास्त्री जी गिरीडीह के द्वारा हुआ। इसके बाद शान्तिधारा हुई। प्रदीप जैन, कमलेश जैन पहाड़िया एवं शैलेश जैन मौजूद थे। मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम लवेंचवाल महिला मण्डल के क्षरा आचार्य मानुतंग जी कथानक नाटक के रूप में भक्तामर रचना की महिमा का वर्णन किया गया। जिसका संचालन शिवांगी जैन ने किया और नाटक मे अतुल जैन, अरिहंत जैन, वैशाली जैन , सुरभि जैन, कविता जैन, मीना जैन, अंजलि जैन, वीरेन्द्र जैन, सुनील जैन मौजूद रहे।

### कवि सम्मेलन हुआ

समारोह के दौरान समाज के लोगों द्वारा कवि सम्मेलन भी आयोजित हुआ। जिसमें कुमारी ऐश्वर्या ने भगवान नेमीनाथ जी का संपूर्ण वर्णन सुनाया। तान्या जैन ने हास्य रस पर आधारित कविता सुनाई। अनूप जैन ने ,प्यास लगी थी गजब कि, मगर पानी में जहर था अगर पीते तो मर जाते सुनाकर सभा को आनंदित किया।

# कोमल को कुलाधिपति स्वर्ण पदक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसजेएमयू दीक्षांत समारोह के लिए मेरिट सूची जारी हुई
- विश्वविद्यालय की ओर से 2 सितंबर तक मांगी गईं आपत्तियां

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय की ओर से दीक्षांत समारोह के पदकधारकों की सूची जारी कर दी गई है। सूची में पदकधारकों के नामों पर 2 सितंबर तक आपत्तियां मांगी गई हैं। मेरिट सूची में कोमल कमल को कुलाधिपति स्वर्ण पदक हासिल होगा। यह पदक उन्हें सभी संकायों में सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के लिए दिया गया है।

छात्रा कोमल कमल को स्वर्ण पदक के अलावा दो कुलाधिपति रजत पदक भी हासिल होंगे। इनमें सभी संकायों में स्नात्कोत्तर कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी व विश्वविद्यालय की सर्वश्रेष्ठ छात्रा के लिए प्रदान किया जाएगा।

### 11 को मिलेगा कुलपति स्वर्ण पदक

■ पदकों की सूची में कोमल कमल को कुलपति स्वर्ण पदक के लिए भी चुना गया है। इस तरह से दीक्षांत समारोह में कोमल कमल को पांच पदक से सम्मानित किया जाएगा। इनमें एक पदक डॉ. श्रीमति निर्मला सक्सेना स्मारक स्वर्ण पदक भी शामिल है। कुलपति स्वर्ण पदक से सम्मानित होने वाले अन्य मेधावियों में अदिति श्रीवास्तव, यशिता श्रीवास्तव, श्रुति ओमर, वेदिका वर्मा, आयुष सिंह, मुस्कान सिंह, अंशिका वर्मा व जीत शर्मा शामिल हैं।

विश्वविद्यालय की ओर से इस बार 27 कुलाधिपति कांस्य पदक मेधावियों को हासिल होंगे। इनमें अपने-अपने विषयों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल करने वाले मेधावियों को पदक प्रदान किए जाएंगे। इनमें सलोनी साहू, जुक्ती सिंह, पारुल राजपूत, सिमी सोनी, सौम्या गुप्ता व श्वेता सिंह को यह पदक हासिल होंगे। इनके अलावा बीएससी की परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले दो विद्याथियों को कांस्य पदक व बीकॉम की परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को हासिल होंगे। इनमें आयुषी सोनी, शुभांगी राठौर, यशिता श्रीवास्तव व अलीशा निगम प्रमुख के नाम शामिल हैं।

## पुरानी पेंशन की मांग उठाई

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से शनिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में धरना दिया गया। इस दौरान शिक्षकों ने नारे लगाते हुए आक्रोश भी जताया। प्रदर्शनकारी शिक्षक पुरानी पेंशन लागू किए जाने और आउट सोर्सिंग के माध्यम में भर्तियों पर रोक लगाए जाने की मांग कर रहे थे। शिक्षकों की ओर से शिक्षकों ने 22 मांगों को जल्द पूरा किए जाने का भी आह्वान किया। इनमें सभी सहायता प्राप्त विद्यालयों को राजकीयकरण किए जाने की भी मांग उठाई गई। प्रदर्शन के दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी स्वामी, जिलाध्यक्ष जगदंबा बाजपेई, गुलाब सिह चंदेल सहित अन्य मौजूद रहे।


जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

## एचबीटीयू में नए कोर्स होंगे शुरू

**कानपुर।** एचबीटीयू टीबीआईएफ और सीआईटीईएस के बीच शनिवार को एक एमओयू हुआ। साझेदारी का उद्देश्य तकनीकी उन्नति, नवाचार, शिक्षा और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है। बताया गया कि दोनों संस्थान मिलकर युवाओं और व्यवयासिक लोगों के लिए कैरियर-ओरिएंटेड कोर्स शुरू करेंगे। जिनमें डेटा साइंस विथ एआई एंड मशीन लर्निंग, पाइथन, डेटा विश्लेषण, विजुअलाइजेशन, मशीन लर्निंग और एआई एप्लिकेशन्स शामिल हैं। प्रो. जितेंद्र भास्कर, सीईओ टीबीआईएफ एचबीटीयू ने कहा कि यह एमओयू अकादमिक और उद्योग जगत के बीच की खाई को पाटने की दिशा में एक बड़ा कदम है।


बाबूपुरवा में जलसा हुआ। अमृत विचार

### रसूल के करीब पहुंचने का रास्ता है ईद मीलाद

**कानपुर।** ईद मीलादुन्नबी अल्लाह के रसूल पैगंबर मोहम्मद साहब से मोहब्बत और उनके करीब पहुंचने का जरिया है। ईमान से खाली लोग ही मीलाद पर सवाल खड़े करते हैं। मीलाद मनाना हमेशा से ही आशिकों का तरीका रहा है। तरबिया इस्लामिक इंग्लिश स्कूल के डायरेक्टर मौलाना मोहम्मद सालिम मिस्बाही ने जलसे में ये बात कही। शनिवार को तंजीम बरेलवी उलमा-ए-अहले सुन्नत द्वारा बाबूपुरवा में जश्ने आमदे रसूल का आयोजन किया गया जिसकी सदारत तंजीम के सदर हाफिज व कारी सैयद मोहम्मद फैसल जाफरी ने किया। तंजीम के मीडिया इंचार्ज मौलाना मोहम्मद हस्सान कादरी ने जलसे का नेतृत्व किया। मौलाना मोहम्मद सालिम मिस्बाही ने कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं जो हर साल सवाल लेकर खड़े हो जाते हैं कि हुजूर मीलाद मनाना कैसा है? झंडियां लगाना कैसा है, कयाम करना कैसा है, महफिज सजाना कैसा है, बहारां करना कैसा है। सीना चौड़ा करके जवाब दो कि खुदा के फजल से मीलाद मनाना हमारी किस्मतों में लिखा है और जब तक यह जान बाकी है, तब तक हम बिना किसी दलील के ऐसे ही मीलादे मुस्तफा मनाते रहेंगे। हाफिज तनवीर निजामी ने कुरानपाक की तिलावत की।

# संस्कृति व संस्कार ही राष्ट्र की धुरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दीक्षारंभ समारोह में कथा वाचक शिवाकांत जी महाराज ने व्यक्त किए विचार

**अमृत विचार।** संस्कृति व संस्कार ही व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की धुरी होते हैं, जिन पर चलकर उसकी नैतिक, आध्यात्मिक, और भौतिक विकास का रथ दौड़ता हुआ स्वर्णिम शिखर पर पहुंच सकता है।


आचार्य शिवाकांत। अमृत विचार

यह विचार शनिवार को कथा वाचक आचार्य शिवाकान्त जी महाराज ने व्यक्त किए। वे एचबीटीयू के शताब्दी हॉल में बोल रहे थे। विश्वविद्यालय में बीटेक प्रथम वर्ष के छात्रों के शैक्षिक सत्र के दीक्षारंभ समारोह में उन्होंने युवाओं को ज्ञान के साथ उच्च भारतीय परंपराओं, संस्कृति और संस्कारों पर भी चलने की सीख दी। कहा कि संस्कृति किसी समाज या समुदाय की विशिष्ट पहचान होती है। जिसमें उसकी परंपराएं, रीति-रिवाज, साहित्य, और जीवनशैली शामिल होती है। यह हमें एक साझा विरासत और मूल्यों से जोड़ती है, जो हमें हमारी जड़ों से आत्मीयता का बंधन बना जोड़े रखती है।

**जश्न-ए-चिरागां** | शहर में 500 से अधिक स्थानों पर जलसे, देशभर के उलेमा जुटेंगे, पैगंबर मोहम्मद साहब का 1500 वां जन्मदिन धूम-धाम से मनाएंगे

# जूही लाल कॉलोनी में 55 फिट ऊंचा ताजमहल का मॉडल बनेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पैगंबर मोहम्मद साहब के 1500 वें जन्मदिन (यौमे विलादत) पर जूही लाल कालोनी में ताजमहल का मॉडल बनाया जा रहा है जिसे बनाने के लिए कोलकाता के कारीगर जुटे हैं। जश्ने चिरागां पर शहर के लगभग 500 से अधिक स्थानों पर जलसे आयोजित किये जायेंगे जिसमें देशभर के उलेमा तकरीर करने के लिए आयेंगे।

पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन पर 4 सितंबर की रात में जश्न चिरागां होगा जिसके लिए अपने शहर में लगभग स्थानों पर खूबसूरत कारीगरी की जा रही है। जूही लाल कालोनी स्थित कुआं वाला चौराहा पर उत्तर प्रदेश तंजीमुल मोमनीन की जानिब से 55 फिट ऊंचा ताज महल बनाया जा रहा है। इस ताजमहल को बनाने के लिए कानपुर के बाहर से कारीगरों को बुलाया गया है। इस ताजमहल को बनाने के लिए तंजीम के शाकिर हुसैन, जाकिर हुसैन, मुन्ना काके, मोहम्मद सोनू, तुफैल, वारिस, इनायत, अली, छंगा पठान, इम्तियाज अहमद, अब्दुल वहीद, नासिर हुसैन आदि जुटे हैं। उधर सीपी टिंबर चौराहा बासमंडी, बेकनगंज, चमनगंज, कंघी मोहाल, कुली बाजार, फेथफुलगंज, रेल बाजार, बाबूपुरवा, बेगमपुरवा, जूही सफेद कालोनी जूही लाल कालोनी, मछरिया, काकादेव, रोशन नगर, रावतपुर, सैयद नगर, जाजमऊ, केडीए कालोनी समेत विभिन्न क्षेत्रों में जश्ने चिरागां पर खूबसूरत गेट, विदेशी मस्जिद व अन्य एतिहासिक चीजें बनाई जा रही हैं।


जूही लाल कालोनी में ताजमहल का ढांचा बनाया जा रहा। अमृत विचार

# जुलूस में सादगी के साथ चलें, शोर-शराबा न करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर परेड, सुजातगंज, रावतपुर, जाजमऊ, रेलबाजार समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों से जुलूस निकलेगा। आल इंडिया सुन्नी उलेमा काउंसिल के महामंत्री हाजी मोहम्मद सलीस ने लोगों से गुजारिश की है कि जुलूस में सादगी के साथ चलें, कपड़ों में खूशबू लगायें और लोडर के ऊपर बैठकर कतई नहीं चलें।

शनिवार को आल इंडिया सुन्नी उलेमा काउंसिल की तलाक महल में बैठक हुई जिसमें महामंत्री हाजी मोहम्मद सलीस ने कहा कि जुलूस-ए-मोहम्मदी में दरुद-ओ-सलाम पढ़ते हुए चलें। टोपी जरूर लगाएं, सादगी के साथ चलें। जुलूस में झंडे को आगे पीछे लेकर करने को बहस नहीं करें। अंजुमन मोहम्मदिया के अध्यक्ष मोहम्मद सईद छोटू ने बताया कि 5 सितंबर को सुजातगंज से उठने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी की कयादत (नेतृत्व) कालपी शरीफ के सज्जादानशीन खानकाहे आलिया कादरिया हजरत मीर सैयद गयासुद्दीन अहमद करेंगे। जुलूस की सदारत शहरकाजी मुफ्ती डॉ. यूनुस ओवैसी व मौलाना मुफ्ती शहबाज अनवर नूरी आदि शिरकत करेंगे।



बच्चों को पुरस्कार दिए गए। अमृत विचार

### संचालन के तीन माह पूरे होने पर मेट्रो स्टेशन पर गूंजे गीत

■ **कानपुर।** 30 मई को कानपुर मेट्रो के मोतीझील से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक यात्री सेवा विस्तार हुआ था। अब तक 23 लाख लोग मेट्रो की यात्रा कर चुके हैं। शनिवार को संचालन के तीन माह पूरे होने पर बड़ा चौराहा स्टेशन पर 'शो योर टैलेंट' पहल के अंतर्गत एक माह तक चले गोल्डन प्लेटफार्म कॉन्टेस्ट का ग्रैंड फिनाले आयोजित हुआ। ओपन माइक, गायन और नृत्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जूनियर एवं सीनियर वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। सीनियर वर्ग (गायन) में गोविंद सिंह, सुनील भाटिया, मेहविश अली जूनियर वर्ग (गायन) में पवनी पाल, सीनियर वर्ग (ओपन माइक) में नेहा गुप्ता, सागर शर्मा, राज सिंह और जूनियर वर्ग (ओपन माइक) में सारांश तिवारी को सम्मानित किया गया। मेट्रो ने बताया कि पिछले तीन महीनों में शहरवासियों ने मेट्रो को बड़े पैमाने पर अपनी यात्रा का साधन बनाया। इस दौरान स्टेशनों पर आयोजित बैंड परफॉर्मेंस, बुक फेयर और आर्टवर्क यात्रियों के आकर्षण का केंद्र बने। कानपुर मेट्रो की ट्रेनों ने तीन माह में लगभग 2,54,200 किमी दूरी तय की जो धरती के छह चक्कर लगाने के बराबर है।

**न्यूज ब्रीफ**

### गणेश महोत्सव के अवसर पर भंडारा

**नवाबगंज, उन्नाव :** कस्बा नवाबगंज के बड़े राधा कृष्ण मंदिर में शनिवार को चल रहे गणेश महोत्सव के अवसर पर भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे का शुभारंभ भगवान गणेश की आरती के बाद हुआ, जिसमें 51 कन्याओं को भोजन कराया गया। इसके बाद क्षेत्र के सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और उत्सव का आनंद लिया। वहीं युवा नेता बबलू बाजपेई ने बताया कि 31 अगस्त को यहां जागरण का आयोजन कानपुर की पार्टी द्वारा कराया जाएगा।

### नागरिक सुरक्षा कोर की बैठक संपन्न

**उन्नाव :** कलेक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में नागरिक सुरक्षा कोर के ऑफिसर्स कमांडिंग की बैठक आयोजित की गई। डीएम वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े और नागरिक सुरक्षा के उद्देश्य, उपाय, आपदा के दौरान व आपदा उपरांत की व्यवस्थाओं, नागरिक सुरक्षा संगठन, सेवाओं तथा वार्डन सेवा सहित विभिन्न बिंदुओं पर गंभीर चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नागरिक सुरक्षा कानपुर के डिप्टी कंट्रोलर शिवराज सिंह ने प्रतिभागियों को नागरिक सुरक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। डीएम ने कहा कि आपदा आने पर सभी विभागों की जिम्मेदारी तय है, इसलिए सभी विभाग सक्रिय रहकर कार्य करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, अपर पुलिस अधीक्षक, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, उप जिलाधिकारी सदर क्षितिज द्विवेदी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### आग से झुलसी युवती की हुई मौत

**उन्नाव :** बीघापुर कस्बा निवासी आकांक्षा (18) पुत्री राजेश मिश्रा बीती 20 अगस्त को अपने घर में खाना बनाते समय आग की चपेट में आकर झुलस गई थी। अचानक आज की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गई थी। डॉक्टरों ने उसे 100 बेड अस्पताल से पहले जिला अस्पताल और वहां से लखनऊ रेफर किया था। जहां शुक्रवार देर रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इसकी खबर मिलते परिजनों में कोहराम मच गया।

## गंगा पुल के निर्माण से पहले हुआ सर्वे, जद में आए 47 मकान

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**धनराशि अवमुक्त**

- 50 मीटर दूरी पर 235 करोड़ की लागत से बनेगा नया पुल

**अमृत विचारः** गंगानदी पर क्षतिग्रस्त और लंबे समय से बंद पड़े पुराने यातायात पुल से मिश्रा कॉलोनी की ओर लगभग 50 मीटर दूरी पर 235 करोड़ रुपये की लागत से नया पुल बनाया जाना है। शासनादेश पहले ही जारी हो चुका है और निर्माण कार्य के लिए शासन से 82 करोड़ 33 लाख 97 हजार रुपये की धनराशि भी अवमुक्त हो चुकी है।

शनिवार को पुल निर्माण के लिए स्थलीय सर्वे का कार्य दोबारा किया गया। कानपुर के राज्य सेतु निगम से पहुंचे जेई कुंदन और क्षेत्रीय लेखपाल अशोक सैनी ने टीम के साथ स्थल का निरीक्षण किया। सर्वे के दौरान पुल निर्माण की जद में आने वाले 47 मकानों को चिह्नित किया गया। टीम ने मकान मालिकों से अपने-अपने दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा था, लेकिन कोई भी मकान मालिक आवश्यक दस्तावेज नहीं दिखा सका। सेतु निगम के जेई कुंदन ने बताया कि सर्वे की सूची तैयार कर डीएम को सौंप दी जाएगी। सितंबर माह में पुल निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है, जिसकी शुरुआत कानपुर छोर से हो सकती है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट प्रोजेक्ट मैनेजर बी.के. सेन को भी भेजी जाएगी। प्रस्तावित पुल की कुल लंबाई 1196 मीटर होगी। स्थलीय सर्वे के दौरान राजस्व और सेतु निगम की टीम के साथ क्षेत्रीय लेखपाल अशोक सैनी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



नए पुल को लेकर होता सर्वे का कार्य। अमृत विचार

**सर्वे के दौरान मकान मालिकों में हड़कंप**

सर्वे के दौरान जो मकान जद में आ रहे थे उनके मकान मालिकों से कागज मांगे गये लेकिन वह कागज नहीं दिखा पाये। ऐसे में उन मकान मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है और उन्हें अपने आशियान उजड़ने का डर सताने लगा है।

## ट्रैक पार करते समय महिला की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- उन्नाव-प्रयाग रेलमार्ग पर हुआ हादसा, परिजनों में कोहराम

**अमृत विचारः** उन्नाव-प्रयाग रेलमार्ग पर ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर महिला की जान चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अचलगंज थाना व कस्बा के मोहल्ला अचलेश्वर नगर वार्ड संख्या-5 निवासी मंजू (35) पत्नी गणेश यादव शनिवार सुबह खेत जाने के लिए निकली थी। इसके लिए वह अचलगंज हाल्ट के पास ट्रैक पार कर रही थी। तभी वह प्रयाग जा रही 14218 ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर मौत हो गई। चाबी मैन से मिली जानकारी पर स्टेशन मास्टर के मेमो पर आरपीएफ व अचलगंज पुलिस पहुंची और शव ट्रैक से हटवाकर रूट क्लियर कराया। वहां मौजूद ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन शव देख कर बिलख उठे। जेठ श्रीकृष्ण ने बताया कि मंजू का पति मजदूरी करता है। उसके बच्चे नहीं थे। एसओ राजेश पाठक ने बताया कि शव पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा गया है।

# टूटे पुल के नीचे बने मकान खाली प्रशासन की सख्ती से मचा हड़कंप

### जिलाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई, दोपहर तक लोगों ने हटाया सामान

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** पुराने यातायात पुल के नीचे रह रहे आधा दर्जन से अधिक परिवारों को शनिवार को प्रशासन ने जिला अधिकारी के निर्देश पर मकान खाली करवाया। कार्रवाई के दौरान नगर पालिका ईओ, लेखपाल और कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

ब्रिटिशकालीन यह पुल बीते वर्ष 26 नवंबर में तब चर्चा में आया था जब इसका एक स्पैन टूट गया था और शुक्लागंज छोर की तीन नंबर कोठी में दरारें आ गई थीं। तब प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से पुल के नीचे रह रहे लोगों को मकान खाली कराने के निर्देश दिए थे। शुरुआती दिनों में लोग हट भी गए थे, लेकिन कुछ महीने बाद दोबारा मकान में रहने लगे। इस बीच पुल की दरारें और चौड़ी होती गईं और पूरा ढांचा खतरे की जद में आ गया। मामला संज्ञान में आने पर डीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए मकान खाली कराने के आदेश दिए। शनिवार को अधिशासी अधिकारी मुकेश मिश्रा, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी अनूप शुक्ला, लेखपाल अशोक सैनी और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मुनादी कराते हुए लोगों को दो घंटे में मकान खाली करने का अल्टीमेटम दिया गया। इस पर कई परिवार भड़क उठे और अधिकारियों से नोकझोंक करने लगे। लोगों ने कहा कि सरकार उन्हें वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराए, वरना बच्चों और गृहस्थी के साथ वे कहां जाएंगे। कुछ परिवारों ने मोहलत मांगी जिस पर प्रशासन ने उन्हें चार घंटे का अतिरिक्त समय दे दिया। इसके बाद लोगों ने अपनी गृहस्थी का सामान निकालना शुरू किया। लेखपाल ने बताया कि मौके पर बीस अस्थाई कब्जे हैं। जिसमें आठ अस्थाई कब्जों को हटाया गया है।



कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद ईओ, कोतवाल, लेखपाल व अन्य। अमृत विचार

**जेसीबी की गड़गड़ाहट से फैली दहशत**

नगर पालिका की ओर से मौके पर जेसीबी मशीन पहुंची तो लोगों में दहशत फैल गई। उन्हें लगा कि तुरंत मकान ढहाने की कार्रवाई होगी। कई परिवार रोने-बिलखने लगे। हालांकि अधिकारियों ने उन्हें समझाया कि फिलहाल जबरन तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। राहत की सांस तब मिली जब प्रशासन ने मोहलत देते हुए जेसीबी को वापस कर दिया।

**लोगों ने की स्थायी समाधान की मांगः** पुल के नीचे रह रहे परिवारों ने कहा कि प्रशासन केवल खाली कराता है, लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं देता। उन्होंने आशंका जताई कि जब नया पुल बनेगा तो करीब आधा सैकड़ा मकान और उजड़ जाएंगे। लोगों ने बताया कि वे इस मामले को लेकर कानपुर कमिश्नर, उन्नाव डीएम और जनप्रतिनिधियों से मिलेंगे। यदि स्थायी समाधान नहीं मिला तो आंदोलन का रास्ता अपनाने को वे बाध्य होंगे।

## आधे घंटे का ब्लॉक लेकर ओएचई की मरम्मत

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** बरसात के मौसम में ओएचई लाइन पर कॉर्बन जमने से ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ने की आशंका बनी रहती है। इसी को देखते हुए शनिवार सुबह ओएचई विभाग की ओर से आधे घंटे का ब्लॉक लेकर मरम्मत कार्य किया गया।

सुबह विभाग का टॉवर वैगन गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचा, जहां 11:10 से 11:40 बजे तक ब्लॉक दिया गया। ब्लॉक मिलते ही तकनीकी टीम ने टॉवर वैगन की मदद से ओएचई लाइन की साफ-सफाई और आवश्यक मरम्मत कार्य किया। इस दौरान लाइन पर जमे कॉर्बन को हटाया गया तथा अन्य तकनीकी खामियों को भी दुरुस्त किया गया। निर्धारित समय में कार्य पूरा होने से ट्रेनों का संचालन प्रभावित नहीं हुआ।



टॉवर वैगन से होती ओएचई लाइन की मरम्मत। अमृत विचार

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

**उन्नावः** बारासगवर थाना क्षेत्र के मनी खेड़ा निवासी 30 वर्षीय युवक की तालाब में डूब कर मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को इसकी जानकारी दिए बिना अंतिम संस्कार कर दिया। मनीखेड़ा निवासी अतुल (30) पुत्र राजबिहारी मानसिक बीमार रहता था। वह अक्सर घर से बिना बताए चला जाता था। बीती शुक्रवार शाम 8 बजे वह मौका पाकर घर निकल आया लेकिन देर रात तक नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन पता नहीं चला। शनिवार सुबह उसका शव घर के पास तालाब में उतराता देख ग्रामीणों परिजनों में कोहराम मच गया।

### किशोरी का घर में फंदे से लटका मिला शव

**उन्नाव, अमृत विचार :** माखी थानाक्षेत्र के रुपऊ गांव में 16 वर्षीय किशोरी का शव घर में फंदे से लटका देख परिजनों में चीखपुकार मच गई। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रुपऊ गांव निवासी शिवानी (16) पुत्री हरिश्चन्द्र शनिवार को घर में वह और छोटी बहन शिवांशी थी। तभी शिवानी ने कमरे में साड़ी के फंदे से कुंडे में लटक गई। कमरे में पहुंची छोटी बहन ने उसे लटका देख शोर मचाया। खेत से भाग कर पहुंची मां रामपति ने पड़ोसियों की मदद से फंदा काट कर उसे नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम से जांच कराकर शव को मोर्चरी भेजा है। शिवानी की दो भाइयों सचिन, मयंक व बहन शिवांशी में दूसरे नंबर पर थी। परिजन किशोरी की आत्महत्या करने की वजह नहीं बता सके।

### किशोरी ने निगला कीटनाशक

**उन्नाव, अमृत विचार :** माखी थाना क्षेत्र के नुरदी नगर गांव निवासी पारुल (16) पुत्री विजय इंटर की छात्रा थी। मां उमा देवी ने बताया बेटी शनिवार दोपहर विद्यालय से लौटी और उल्टियां करने लगी। मां के पूछने पर उसने कीटनाशक निगलने की बात बताई। इसी दौरान उसकी हालत अधिक बिगड़ गई। परिजनों की मदद से वह बेटी को जिला अस्पताल लाई। जहां से डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर देख परिजनों ने कानपुर रेफर किया है।

### लोकनगर में महाराजा के दरबार में भव्य सुंदरकांड का आयोजन

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** शनिवार को लोकनगर में नर सेवा नारायण सेवा द्वारा आयोजित श्री गणेश महोत्सव के अंतर्गत महाराजा के दरबार में भव्य व संगीत मय सुंदरकांड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सदर विधायक पंकज गुप्ता, नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी तथा सांसद प्रतिनिधि अमितेश सिंह नंदू ने भगवान श्री गणेश एवं प्रभु श्रीरामचंद्र की पूजा अर्चना कर जनकल्याण का आशीर्वाद लेकर किया ।विमल द्विवेदी ने बताया कि 27 अगस्त को गणेश चतुर्दशी पर श्री गणेश जी की स्थापना की गई थी। प्रतिदिन सायंकाल महाआरती व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी क्रम में प्रात :काल सुंदरकांड का आयोजन किया गया। आगामी 2 सितंबर को शाम सात बजे से भव्य जागरण तथा 3 सितंबर को प्रात : कन्या भोज व भंडारे के उपरांत दोपहर 12 बजे विशाल विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान आशीष पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अनीता विमल द्विवेदी, जिलासंयोजक अजय त्रिवेदी, हिंदू जागरण मंच की वीरांगना अध्यक्ष ज्योति राजपूत, कल्पना तिवारी, नीलमणि सिंह, दीपा त्रिपाठी, ए .के . दीक्षित, योगेंद्र तिवारी सहित सैकड़ों भक्त शामिल हुए।



भजन गाते विधायक पंकज गुप्ता व मौजूद अन्य लोग।

### खंड शिक्षा अधिकारी का सम्मान समारोह संपन्न

**उन्नाव, अमृत विचार :** खंड शिक्षा अधिकारी के .एल . वर्मा के 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को बीआरसी सिकंदरपुर कर्ण में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन प्राथमिक शिक्षक संघ सिकंदरपुर कर्ण की ब्लॉक कार्यकारिणी की ओर से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने की। समारोह में वर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी अरुणोदय सचान और संघ के संरक्षक योगेंद्र प्रताप सिंह ने माल्यार्पण कर सेवानिवृत्त अधिकारी का स्वागत किया। यहां महामंत्री सुधाकर वर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष महेश कुमार, सी . पांडेय, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, मंत्री कौशलेंद्र कुमार, प्रचार मंत्री प्रभात राठौड़, दीपा दीक्षित, एस्प्रीया शुक्ला, नीतू शुक्ला, संरक्षक राजकुमारी, संजय तिवारी, धून प्रसाद, रजत वर्मा, नीति, सूर्यभान आदि रहे।

### हत्या का आरोपी कोर्ट से हुआ दोष मुक्त

**उन्नावः** ट्रक चालक की हत्या के आरोपी साथी चालक को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद बरी कर दिया। बता दे कि बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के भुड्डा चौराहे पर 28 मई-2016 को लहूलुहान हालत में एक ट्रक चालक दिनेश कुमार का शव पड़ा मिला था। उसके भाई रामकिशुन पुत्र खेतपाल निवासी ग्राम परौली सुहागपुर थाना जैथरा जनपद एटा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात हमलावर के खिलाफ अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की। तत्कालीन एसएचओ भूपेंद्र सिंह राठी ने की तो उन्हें जानकारी हुई कि उसका साथी दूसरा ट्रक चालक विक्रम पुत्र सूरजपाल निवासी तुज्जापुर पोस्ट भोगांव जनपद मैनपुरी की पत्नी से दिनेश की बात होती थी। इसी खुन्नस में उसने दिनेश कुमार की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। विक्रम का नाम बढ़ाते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल पुलिस ने जेल भेजा और 31 जनवरी-2017 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी। केस की अंतिम सुनवाई शनिवार को विक्रम को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया।

## सूर्यम बने प्रा. शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष



नई जिम्मेदारी देने के बाद माला पहनाकर खुशी जाहिर करते पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विवेक तिवारी और महामंत्री धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस अवसर पर मयंक चित्रांशी को कार्यवाहक महामंत्री, सूर्यम शुक्ला को जिला उपाध्यक्ष, अशोक कुमार को जिला संगठन मंत्री और श्याम मोहन गौतम को जिला मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया।

जिलाध्यक्ष विवेक तिवारी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शिक्षक हित में सक्रिय रहने और संगठन के दिशा-निर्देशों का पालन करने का संकल्प लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि संगठन के माध्यम से शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करना और उनके अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करना प्राथमिकता होगी। सूर्यम शुक्ला ने नई जिम्मेदारी मिलने पर खुशी व्यक्त की और कहा कि वह शिक्षक हित में पूरी मेहनत और निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। अन्य पदाधिकारियों ने भी संगठन को मजबूत बनाने और क्षेत्र में शिक्षक समुदाय के कल्याण के लिए प्रयास करने का संकल्प लिया।

**उन्नाव डायरी**

### बाबू भगवती चरण की मनाई जयंती



बाबूजी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते पदाधिकारी।

**सफीपुर, उन्नाव :** उपन्यास सम्राट पद्मभूषण बाबू भगवती चरण वर्मा की 122वीं जयंती शनिवार को उनके स्मृति पार्क में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अर्चना परिषद के अध्यक्ष एवं चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई ने किया। रचनाकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बाबू वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। काव्य गोष्ठी का आयोजन सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर संरक्षक दिवाकर द्विवेदी की अध्यक्षता में हुआ। डॉ . शशी रंजना ने सरस्वती वंदना के साथ काव्य पाठ शुरू किया। विनय विप्र, रियाज सफीपुरी, डॉ . प्रमोद कुशवाहा, विश्वनाथ तिवारी विश्व, ओमप्रकाश मिश्र, दिवाकर द्विवेदी, सुमोद तिवारी प्रस्तुति दी। यहां विश्वनाथ तिवारी, नागेंद्र सिंह सेंगर, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रामखेलावन कुरील, सतगुरु प्रसाद मिश्रा, ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, जगदीश शुक्ला, शंभू शुक्ला, अशोक गुप्ता, मुन्ना सेठ, अमरनाथ पांडेय, कंचन गुप्ता, विकास सिंह रहे।



प्रतियोगिता के दौरान मौजूद अंबिका स्कूल के छात्र।

### अंबिका स्कूल में प्रतियोगिताएं सम्पन्न

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने एवं सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन शनिवार को किया गया। विद्यालय परिसर में गुरु तेग बहादुर जी प्रश्न प्रतियोगिता, स्वच्छ भारत अभियान कला प्रतियोगिता बड़े उत्साह से सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया। सुलेख प्रतियोगिता ने सुंदर लेखन के प्रति विद्यार्थियों को प्रेरित किया। खो-खो प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग में रेड हाउस, सीनियर बालिका वर्ग में ग्रीन हाउस तथा बालक वर्ग में ब्लू हाउस विजयी रहा। प्रबंधक अजय त्रिवेदी, प्रधानाचार्या मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में हुए आयोजन में बच्चों की मेहनत व सृजनात्मकता की सराहना की।




बैठक को संबोधित करते जिला अधिकारी।

### बैठक में आये 22 मामले

**उन्नाव :** विकास भवन स्थित सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में उद्यमियों की समस्याओं पर विचार करते हुए एमओयू से संबंधित 8 प्रकरण, पीडब्ल्यूडी से 1 प्रकरण, विद्युत विभाग से 1 प्रकरण, यूपी सीडा से 5 प्रकरण और जिला पंचायत से 7 प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। कुल 22 प्रकरणों को बैठक में रखा गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। यहां सीडीओ कृतिराज, नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज, उपायुक्त उद्योग करुणा राय, अपर मुख्य अधिकारी वर्तिका रहीं।



भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सदर विधायक पंकज गुप्ता के साथ संस्थापक राम शंकर त्रिपाठी, प्रबंधक ओम शंकर त्रिपाठी। अमृत विचार

### राम शंकर का मनाया 98वां जन्मदिवस

**उन्नाव :** सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज सिविल लाइन्स के संस्थापक राम शंकर त्रिपाठी का 98वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। जहां उनके दीर्घायु की कामना की गई। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। राम शंकर त्रिपाठी ने अपने जीवन अनुभव अतिथियों के साथ साझा करते हुए आशीष वचन प्रदान किए। जन्मदिवस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी और सदर विधायक पंकज गुप्ता मौजूद रहे।

**समस्या** पुलिया तोड़े जाने के कारण बंद कर दिया गया रजबहे का पानी, खेतों की सिंचाई प्रभावित

# खाद न मिलने और पानी की कमी से किसानों की बढ़ी मुसीबत

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचारः** जहां सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की योजनाएं बना रही है वहीं, जिम्मेदारों की अनदेखी से क्षेत्रीय किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। जिससे किसानों के चेहरे पर मायूसी झलक रही है। एक ओर क्षेत्र के किसान यूरिया खाद की किल्लत से जूझ रहे हैं। समितियों व निजी दुकानों पर खाद के लिए मारामारी है वहीं, दूसरी ओर मोहान रजबहे की मोहान-औरास मार्ग के चौड़ीकरण के कारण पुल तोड़कर चौड़े किये जा रहे हैं। जिससे मोहान रजबहे का पानी रोक दिया गया है।



सूखा पड़ा रजबहा। अमृत विचार



तोड़ी जाती पुलिया। अमृत विचार

बता दें कि यह रजबहा सैकड़ों गावों के किसानों के लिए एकमात्र पानी का साधन है। इससे लाखों एकड़ फसल बिना पानी के कम पैदावार व रोग जैसी समस्याओं से जूझेगी। जिससे किसानों में आक्रोश है। क्षेत्र के किसानों सत्येंद्र सिंह कोरोकल्यान, दीपू सिंह समदपुर भावा, सतीश गुप्ता ग्राम प्रधान समदपुर हरदास आदि का कहना है कि बिना खाद के वैसे ही खेतों की फसलों की पैदावार में कमी होगी, उस पर अगर समय से खेतों की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिला तो फसलें सूख जाएंगी और रोग लगने की संभावना भी बढ़ेगी। वहीं एसडीएम हसनगंज प्रज्ञा पांडेय ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। इसे तुरंत दिखवाया जाएगा। इस समय फसलों को पानी की अधिक जरूरत है। समस्या का जल्द ही हल निकाला जाएगा।

**ग्रामीणों ने बयां किया अपना दर्द**

**हसनगंज।** समदपुर भावा निवासी रानू सिंह ने कहा कि खाद के लिए वे परेशान हैं। यदि समय से फसल को पानी नहीं मिला तो फसल बर्बाद हो जाएगी। किसान ने बताया कि खेती-किसानी के लिए केसीसी पर लिया गया लोन तक चुकाना मुश्किल है। लग रहा है कि हमारी खेतों की सिंचाई प्रभावित होगी।



रानू सिंह।



रमाशंकर पंडित।

**हसनगंज।** समदपुर भावा निवासी रमाशंकर पंडित ने कहा कि खाद के संकट के चलते पैदावार कम होगी। आलम यह है कि एक-एक बोरी खाद के लिए ज्यादातर किसान परेशान हैं। वहीं अगर पानी ट्यूबवेल से देना पड़ा तो लागत बढ़ेगी और फसलों में रोग लगने की संभावना भी अधिक होगी।



ध्यायतो विषयान्पुंसः सङ्गस्तेषूपजायते। सङ्गात्संजायते कामः कामात्क्रोधोऽभिजायते॥

गीता में श्रीकृष्ण जी कहते हैं, विषय-वस्तुओं के बारे में सोचते रहने से मनुष्य को उनसे आसक्ति हो जाती है। उनमें कामना पैदा होती है और कामनाओं में विघ्न आने से क्रोध की उत्पत्ति होती है। कोशिश करें कि विषयाशक्ति से दूर रहते हुए कर्म में लीन रहा जाए।

# संभल रिपोर्ट: सभी का कर्तव्य है समाज प्रीतिपूर्ण बने

दंगा अंधा युद्ध है। इसमें शत्रु का सही पता नहीं होता। आग लगाने, बम फोड़ने वाले नहीं जानते कि वे किसे मार रहे हैं? दंगा राष्ट्र-राज्य के विरुद्ध हमले की कार्रवाई है। संभल दंगों की रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में अन्य बातों के अलावा संभल के जनसांख्यिकीय चरित्र का भी उल्लेख किया गया है। जनसांख्यकीय चरित्र में बदलाव से राष्ट्र जीवन के तमाम क्षेत्र प्रभावित होते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 1947 में संभल की आबादी 45 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 15 प्रतिशत ही रह गई है। साफ है कि इसी चरित्र के प्रभाव में हिंदू पलायन के लिए विवश हुए हैं। मुस्लिम आबादी के आधार पर ही पाकिस्तान की मांग की गई थी। 1951 की जनगणना में हिंदू 85 प्रतिशत थे और मुसलमान 10 प्रतिशत।

सैयद शहाबुद्दीन के अनुसार सन् 1991 में हिंदू 81.5 प्रतिशत और मुस्लिम 12.6 प्रतिशत थे। यहां मुस्लिम आबादी का प्रतिशत लगातार बढ़ता रहा है। 2011 की जनगणना में हिंदू 79.8 प्रतिशत थे, मुस्लिम 14.2 प्रतिशत। तब से जनगणना नहीं हुई है, लेकिन मोटे तौर पर देश में अब 80.8 प्रतिशत हिंदू होंगे और 16.3 प्रतिशत मुस्लिम होंगे। पड़ोसी देश पाकिस्तान में विभाजन के समय 24 प्रतिशत हिंदू थे। अब 1.6 प्रतिशत हैं। बांग्लादेश बनने के समय हिंदुओं की आबादी 22 प्रतिशत थी अब 7 प्रतिशत है। संभल की भी यही स्थिति है।

आबादी का असंतुलन राष्ट्रीय बेचैनी है। मुस्लिम आबादी नियंत्रण के आधुनिक तरीके नहीं अपनाते। मौलवी हिंदुओं को बुतपरस्त बताकर आलोचना करते हैं। राष्ट्र का अस्तित्व नहीं मानते। राष्ट्र सर्वोपरिता की बात नहीं स्वीकार करते। संभल उदाहरण है। इसके अलावा जहां-जहां हिंदू अल्पसंख्यक हैं, वहां-वहां उनका जीवन दुखमय है। लगातार दहशत और हत्या की आशंका से अल्पसंख्यक हिंदू डरे रहते हैं और पीड़ित होकर पलायन करने को मजबूर हो जाते हैं। यह विषय बहुत गंभीर है।

सरकारें अपना काम करती रहती हैं। सरकारी तंत्र की विवशता है कि वह घटना के बाद सक्रिय होता है। संभल के मामले में भी तुरंत कार्रवाई हुई। जांच समिति भी गठित की गई, लेकिन संभल में ही 75 वर्षों में 209 हिंदू मारे गए। राष्ट्रीय राजनीति में ऐसे नाजुक प्रश्नों को भी सतही राजनीतिक बहस का मुद्दा बनाया जाता है। एक समय संभल में 68 तीर्थ स्थल थे और 19 विशेष प्रकार के पवित्र कुएं थे। इन पर धीरे-धीरे अवैध कब्जे होते रहे। इससे अर्थ निकलता है कि संभल के महत्वपूर्ण मंदिर गिरा दिए गए हैं। संभल के दंगों में ही मूर्तियां और मंदिर नहीं गिराए गए, उनकी यही प्रवृत्ति है। इस विचारधारा में मंदिरों और मूर्तियों को नष्ट करने योग्य माना जाता है।

> संभल की वास्तविकता और हिंसा ने हजारों लोगों को आहत व सावधान किया है। सब अपना-अपना कर्तव्य पालन करें। हिंदुओं का पलायन गंभीर चिंता का विषय है। हिंदू जब किसी पुराने इलाके को छोड़कर जाते हैं, तो उनके मंदिर यहीं रह जाते हैं। कोई यों ही अपना घर नहीं छोड़ता। वह विषम परिस्थितियों का सामना करता है। जब सब तरफ से निराश हो जाता है, तभी अपना घर छोड़ता है। स्वाधीनता से लेकर अब तक संभल में 15 दंगे हुए हैं। हिंदू समुदाय की जनसंख्या के घटने का यही कारण है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

तालिबानियों ने बामियान में मूर्तियों को ढहाया था। भारत के कोने-कोने हजारों सुंदर मंदिर थे। सातवीं शताब्दी में मोहम्मद बिन कासिम से लेकर औरंगजेब तक मूर्ति तोड़ो अभियान चलता रहा था। आखिरकार मूर्तियों से उनका क्या झगड़ा है? समिति ने संभल के दंगों में भी एक वरिष्ठ राजनेता का उत्तेजित करने वाले भाषण का उल्लेख किया है।

महात्मा गांधी हिंदू-मुस्लिम सहअस्तित्व के समर्थक थे। गांधी जी ने मुसलमानों का दिल जीतने के लिए खिलाफत आंदोलन का नेतृत्व किया था। खिलाफत घोर सांप्रदायिक आंदोलन था। इसका भारत से कोई लेना-देना नहीं था। खिलाफत आंदोलन के कारण, भारत से बाहर के थे। तमाम प्रयासों के बाद गांधी जी ने अंत में लिखा, 'हिंदू मुस्लिम एकता के प्रश्न पर मैं अपनी हार स्वीकार करता हूं।'

हिंदू-मुस्लिम एकता के कुछ समर्थक एक साझा आस्था के संघीय स्वरूप पर बल दे रहे थे, अर्थात् हिंदू हजरत मोहम्मद और कुरान को सम्मान दें और मुसलमान राम, कृष्ण, शिव और गीता, वेद आदि-आदि का सम्मान करें। हिंदू मन के लिए यह काम आसान था। मुस्लिम के लिए दुष्कर। हिंदू जीवन रचना में पूरे अस्तित्व को एक सत्ता माना गया है। फिर मजहब के आधार पर अलग मुल्क पाकिस्तान की मांग हुई। इस मांग के समर्थन में सीधी कार्रवाई की गई। लाखों हिंदू मारे गए। पाकिस्तान बना। दोनों अपने-अपने देश को विकसित कर रहे थे। फिर पाकिस्तान से टूट कर बांग्लादेश बना। पाकिस्तान कृत्रिम राष्ट्र है। राष्ट्र मजहब से नहीं बनते। संभल उसी प्रवृत्ति का एक उदाहरण है। असली बात है भारत को कमजोर करने की इसी समूह की मुसलसल 'साजिश'। आखिरकार भारत विरोधी इस विचारधारा के साथ क्या सलूक किया जाए!

राम जन्मभूमि के साक्ष्य एएसआई की खुदाई में मिले। इस विचारधारा और छद्म सेकुलरों ने राम जन्मभूमि के साक्ष्य को स्वीकार नहीं किया। फिर काशी का मसला आया। उन्होंने यहां भी खुदाई से उपलब्ध साक्ष्य का सम्मान नहीं किया। मथुरा का श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर भी इसी श्रेणी में है। आश्चर्यजनक बात यह है कि जहां-जहां भी गहरी खुदाई होती है, वहां-वहां गहराई में कोई मूर्ति, कोई उपासना स्थल, हिंदुत्व के ऐसे ही प्रतीक मिल जाते हैं। उनकी यह विचारधारा फलती-फूलती रहती है। प्रत्येक राष्ट्र भक्त का यह कर्तव्य है कि वह इस विचारधारा का खुलकर प्रतिकार करे।

संभल की वास्तविकता और हिंसा ने हजारों लोगों को आहत व सावधान किया है। सब अपना-अपना कर्तव्य पालन करें। हिंदुओं का पलायन गंभीर चिंता का विषय है। हिंदू जब किसी पुराने इलाके को छोड़कर जाते हैं, तो उनके मंदिर यहीं रह जाते हैं। कोई यों ही अपना घर नहीं छोड़ता। वह विषम परिस्थितियों का सामना करता है। जब सब तरफ से निराश हो जाता है, वह तभी अपना घर छोड़ता है।

स्वाधीनता से लेकर अब तक संभल में 15 दंगे हुए हैं। हिंदू समुदाय की जनसंख्या के घटने का यही कारण है। हर एक दंगा निर्दोषों की जान लेकर अगले दंगे की आशंका छोड़ जाता है। सरकारों के लिए परेशानी का कारण बनता है। कोई भी सरकार अपने यहां दंगा नहीं चाहती। योगी सरकार ने प्रत्येक स्तर पर सख्त कार्रवाई की है। दंगों में शामिल आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की है। पीड़ितों को सरकारी सहायता पहुंचाई गई है। विलुप्त हो चुके अनेक तीर्थ मंदिर और धर्म स्थलों को संवारने की कोशिश हो रही है।

दंगाविहीन समाज बनाना प्रत्येक सामाजिक कार्यकर्ता, जागरूक नागरिक और सरकार का कर्तव्य है कि समाज प्रीतिपूर्ण बने। जनसंख्या में आए नकारात्मक बदलाव को ध्यान से देखना चाहिए, तभी इस रिपोर्ट का कोई सदुपयोग होगा। शुभ है कि तीन सदस्यों की जांच समिति ने तथ्यों को जुटाने में बड़ा परिश्रम किया है। इन तीन सदस्यों (सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति देवेंद्र नाथ अरोड़ा की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त डीजीपी एके जैन और सेवानिवृत्त आईएएस अमित मोहन प्रसाद) ने मिलकर जांच को प्रमाणिक बनाया है। 450 पृष्ठ की इस रिपोर्ट में संभल में होने वाले दंगों की विवेचना है। पिछले वर्ष 23 नवंबर को संभल में हुई हिंसा पर समिति ने विचार किया। संभल अकेला नहीं है। देश के कोने-कोने अनेक संभल हैं। जांच समिति की कार्रवाई अनेक राज्यों में भी अनुकरणीय हो सकती है। समिति की रिपोर्ट पर व्यापक विमर्श होना चाहिए। इस विमर्श से दंगों के प्रेरक तत्वों व दंगाई विचारधारा की कार्यशैली को समझने में आसानी होगी।

# आत्मनिर्भर बनने का अवसर

भारत के सामने ट्रंप टैरिफ की आपदा मुंह बाए खड़ी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। इसमें रूस से तेल खरीदने पर लगने वाला 25 फीसदी जुर्माना भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ को लेकर की जा रही मनमानी के आगे भारत ने घुटने टेकने से साफ मना कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस आपदा को अवसर की तरह देख रहे हैं। साथ ही भारत पूरी दुनिया को बता रहा है कि वह एक मजबूत देश है और दुनिया के तमाम देश उस पर भरोसा करते हैं। उसी क्रम में पीएम मोदी ने 29 अगस्त को जापान की धरती से बड़ा संदेश दिया है। पीएम मोदी ने कहा है, "अब पूरी दुनिया सिर्फ भारत को देख ही नहीं रही, बल्कि उस पर भरोसा भी कर रही है।"



डॉ. आशीष वशिष्ठ
स्वतंत्र पत्रकार

ट्रंप टैरिफ ने भारत के सामने नई चुनौती रखी है। वहीं तस्वीर का दूसरा रूख यह है कि ट्रंप टैरिफ भारत को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देता है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान दिल्ली के लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्म निर्भर भारत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "हमें आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है, लेकिन हताशा में नहीं बल्कि खुद पर गर्व करते हुए। दुनिया भर में आर्थिक स्वार्थ बढ़ रहा है और हमें अपनी मुश्किलों का रोना नहीं रोना चाहिए। हमें इनसे ऊपर उठकर दूसरों के चंगुल से बचना होगा।"

बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में सुजुकी मोटर्स के कार्यक्रम में स्वदेशी की पुरजोर वकालत और उसकी नई व्याख्या से लोगों को चौंका दिया है। उन्होंने कहा, "पैसा किसका लगता है... वो डॉलर है, पाउंड है, वो करंसी काली है, गोरी है, मुझे कोई लेना-देना नहीं है। पैसा किसी का, पसीना हमारा। पैसा कहीं से आए, पसीना यहां का लगे।"

> ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। ट्रंप के ट्रैफिक में भी एक अवसर छिपा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुकानदारों से अपील की है कि वे अपनी दुकानों के बाहर लिखें 'यहां स्वदेशी सामान मिलता है।' यह केवल नारा नहीं, बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में बड़ा कदम है।

जहां तक आत्मनिर्भरता की बात है, तो तमाम प्रधानमंत्री उसका जिक्र करते रहे हैं। लालबहादुर शास्त्री ने तो अमेरिकी कानून पीएल 480 के तहत आने वाले गेहूं का आयात बंद कर दिया था, क्योंकि अमेरिका इससे भारत की विदेश नीति प्रभावित करने की कोशिश में था। अमेरिकी गेहूं का आयात बंद होने से ही हरित क्रांति का रास्ता खुला और देश अनाज के उत्पादन में आत्मनिर्भर हो सका। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी स्वावलंबन के इस नारे को आगे बढ़ाया, लेकिन स्वदेशी को आंदोलन बनाने की घोषणा किसी ने नहीं की। वे बदलती दुनिया के साथ कदमताल को जरूरी मानते थे।

अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की कोशिशें अब भी जारी हैं, लेकिन इसमें सबसे बड़ा रोड़ा भारत की विदेश नीति को पूरी तरह बदलने की ट्रंप की जिद है। कृषि क्षेत्र को ज्यादा से ज्यादा खोलने जैसे मुद्दे भी रुकावट बने हुए हैं। भारत, पाकिस्तान की तरह उसका पिछलग्गू नहीं बन सकता। अपने फैसले खुद लेने की आजादी और राष्ट्रीय गौरव बरकरार रखने की सोचते समय स्वाधीनता संग्राम को याद करना और स्वदेशी का ध्यान आना स्वाभाविक ही है। प्रधानमंत्री ने दुकानदारों से भी अपील की है कि वे अपनी दुकानों के बाहर लिखें, 'यहां स्वदेशी सामान मिलता है।' यह केवल नारा नहीं, बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में बड़ा कदम है।

# श्री राधा-कृष्ण का रहस्यमय स्वरूप

हर साल भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को श्रीराधा-रानी के प्राकट्य उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को राधा अष्टमी भी कहते हैं। राधा अष्टमी का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। इसे राधा-कृष्ण मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तरह ही मनाया जाता है। राधा संस्कृत भाषा का मूल शब्द है। इसका अर्थ आराधना और उपासना है। राधा शब्द के दो अर्थ हैं और दोनों ही सही हैं। राधा का एक अर्थ है वह जो श्रीकृष्ण की प्रार्थना और पूजा करती है। दूसरा अर्थ है, वह जिसकी पूजा ब्रह्म श्रीकृष्ण करते हैं, वह राधा है। ये परस्पर विपरीत अर्थ हैं। इसे राधा इसलिए कहा जाता है, क्योंकि वह ब्रह्म कृष्ण की पूजा करती है और उसे राधा इसलिए कहा जाता है, क्योंकि ब्रह्म कृष्ण उसकी पूजा करते हैं। इस प्रकार दोनों प्रकार के कथन शास्त्रों में पाए जाते हैं। इसलिए, राधा शब्द के दो अर्थ हैं और दोनों ही सही हैं।



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

पर राधा तत्व वास्तव में बहुत गूढ़ है। इसका उत्तर केवल एक शब्द में है, 'अवर्णनीय।' वेदों में राधा के स्वरूप को अवर्णनीय बताया गया है। दूसरे शब्दों में, यह वाणी, मन या बुद्धि का विषय नहीं है। फिर भी कुछ बुनियादी ज्ञान देने और भक्तों को उनके भक्ति मार्ग में सहायता करने के लिए सभी रसिक संतों, शास्त्रों और वेदों ने राधा का वर्णन किया है। भारतीय धर्म शास्त्रों के महान विद्वान स्वामी करपात्री जी महाराज के अनुसार, ''कृष्ण का अर्थ सदानंद हैं। उसमें भी सत्तारूप आनंद और आनंदरूप सत्ता दोनों एक ही बात है।

सत्तारूप राधा एवं आनंदरूप कृष्ण हैं। श्रीकृष्णचंद्र परमानंदकंद और राधा वैसे ही अभिन्न हैं, जैसे सत्ता और आनंद। आनंद सत्ता न हो तो सत्ता असत् हो जाए। फिर जो वह असत् है वह आनंद कैसे? वैसे ही आनंद से वियुक्त शुद्ध सत्ता नहीं है। जड़ों की सत्ता दूषित, सविशेष सप्रपंच है, किंदु शुद्ध सत्ता निरूपद्रव, निर्विशेष आनंदरूप ही है और सब विनश्वर सत्ता है। यों तो वैषयिक आनंद भी विनश्वर है, अतः सदानंद कहां? आनंद, सत्ता दोनों परस्पर विशेषण हैं। वह आनंद अबाध्य हैं, जगदानंद बाध्य, इसीलिए वह श्रीकृष्ण का स्वरूप वास्तविक सद्रूप एवं आनंदरूप है, जो अत्यंद बाध्य नित्य स्वप्रकाश है। उसके साथ जब सत् लगा, तब सांसारिक से विलक्षणता, नित्यता आई एवं सत् में आनंद न लगाते तो प्रापंचिक सत्ता आती। अतः सत् और आनंद और दोनों को लगाया। यह सत् और आनंद परस्पर वियुक्त कभी नहीं होते, इसलिए राधा और श्रीकृष्ण परस्पर अंतरात्मा हैं।

एक तो यह कि जैसे जल में तरंग, वैसे परमरसामृतमूर्ति श्रीकृष्ण में ब्रजांगना, जैसे चंद्रमामें चंद्रिका, जैसे भानु से प्रभाका, वैसा उनका अविघटित स्वाभाविक संबंध हैं, किंतु इसमें भी अंतरंग यह संबंध है। जैसे अमृत में मधुरिमा एवं जहां परमरसामृतमूर्ति श्रीकृष्ण, वहां उनकी माधुर्याधिष्ठात्री राधा। अमृत से मधुरिमा को अलग किया, फिर अमृत्व ही क्या? वेदांती गुण-गुणीका तादात्क्य मानते हैं, इसलिए सत्ता-आनंदरूप राधा और श्रीकृष्ण दोनों एक ही हैं। एक ही सदानंदरूप भगवान् गौरतेज-श्यामतेजरूप में-राधा माधव उभय रूप में प्रकट हुए।

# औरत की मेहनत पर टिकी दुनिया

इतिहास की किताबें अकसर राजाओं और क्रांतिकारियों का बखान करती हैं, जिसमें पुरुष ही नायक होता है, जबकि स्त्रियों का रोल भी इनसे कम नहीं मिलेगा, लेकिन इतिहास उन अनगिनत औरतों के संघर्ष का जिक्र नहीं करता है, जिन्होंने खामोशी से समाज में बदलाव लाने के लिए अनगिनत कदम उठाए हैं। वे औरतें जिन्होंने पुरुषों की तरह अपने पसीने से भविष्य को गढ़ा है, लेकिन उनकी कहानियां इतिहास की परछाइयों में खो जाती हैं। असल में समाज और इतिहास दोनों ने औरत की मेहनत को स्वाभाविक मानकर उसे दर्ज करने की जरूरत ही नहीं समझी। रसोई से लेकर खेतों तक औरत का जो श्रम लगा, उसे कभी उपलब्धि के तौर पर देखा ही नहीं गया। इसी सोच और दृष्टिकोण के कारण उसका संघर्ष इतिहास की मुख्यधारा से बाहर रखा गया और उसकी असली ताकत हमें सिर्फ स्मृतियों और कहानियों में ही मिलती है, जबकि आज भी उनका संघर्ष किसी न किसी रूप में रोजाना जारी है।

> इतिहास की किताबें राजाओं और क्रांतिकारियों का बखान करती हैं, जिसमें पुरुष ही नायक होता है। स्त्रियों का रोल भी इनसे कम नहीं है, लेकिन इतिहास उन अनगिनत औरतों के संघर्ष का जिक्र नहीं करता, जिन्होंने खामोशी से बदलाव लाने के लिए कदम उठाए हैं।

किरण देवी की कहानी भी ऐसे ही संघर्षों से जुड़ी है। राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूंकरणसर ब्लॉक के नाथवाना गांव की रहने वाली किरण देवी का जन्म एक साधारण और गरीब परिवार में हुआ। बचपन में उनके खेलने और पढ़ने के सपने उस समय बिखर गए, जब मात्र पंद्रह वर्ष की उम्र में उनका विवाह कर दिया गया। यही वह समय था, जब उनके हाथों में किताबें होनी चाहिए थीं, लेकिन समाज ने उन्हें बर्तन, चूल्हा और जिम्मेदारियों से भर दिया। शादी के शुरुआती सालों में उन्होंने जीवन को जैसे-तैसे संभाला, लेकिन बाईस वर्ष की उम्र में उनकी दुनिया पूरी तरह बिखर गई। जब उनके पति की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उस समय उनका बड़ा बेटा सात साल का था और वह खुद छह महीने की गर्भवती थीं, लेकिन असली मुश्किलें तब शुरू हुईं जब ससुराल वालों ने उन्हें घर से निकाल दिया।



नाजिया
लेखिका

एक कच्ची झोपड़ी में बच्चों के साथ उन्होंने जीवन की नई शुरुआत की जो किसी भी तरह से आसान नहीं था। वह सुबह से शाम तक मजदूरी करतीं और इससे मिलने वाले पैसे बचा-बचा कर अपने सिर पर एक मजबूत छत खड़ी करने में सफल हुईं। मजदूरी में भी उन्हें बराबरी नहीं मिलती। पुरुष मजदूरों को काम जल्दी मिलता, जबकि उन्हें बार-बार टाल दिया जाता। मनरेगा जैसी सरकारी योजना में भी उन्हें प्राथमिकता नहीं दी जाती।

आंकड़े बताते हैं कि भारत में महिलाओं द्वारा किया गया अनपेड घरेलू श्रम 2022–23 में राष्ट्रीय GDP का 26% से लेकर 36% तक का मूल्य रखता है। यह एक बेहद चौंकाने वाला और अनदेखा तथ्य है। वहीं महिलाओं द्वारा घरेलू कार्य में बिताया गया समय औसतन 4.6 घंटे प्रतिदिन दर्ज किया गया है, जबकि पुरुषों का समय सिर्फ़ 2.2 घंटे देखा गया है।

उधर, पति की मौत पर मिलने वाला मुआवजा भी किरण देवी को अधूरा मिला। वह कहती हैं, "शिक्षित नहीं होने के कारण मैं अपने अधिकारों की पूरी लड़ाई नहीं लड़ सकी। इस दौरान किसी ने भी मेरा साथ नहीं दिया।" आर्थिक तंगी का असर बच्चों के जीवन पर भी पड़ा। बेटों को पांचवीं कक्षा के बाद ही पढ़ाई छोड़कर काम पर लगना पड़ा। बेटियों की शिक्षा भी छूट गई। यह वही चक्र है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी औरतों को सपनों से दूर कर देता है।

इस बीच उम्मीद की एक किरण जलती रही। उनकी बड़ी बेटी सीमा ने मां के संघर्ष को देखकर ठान लिया कि शिक्षा का सपना अधूरा नहीं रहेगा। आज सीमा 27 साल की उम्र में फिर से पढ़ाई कर रही हैं और ओपन बोर्ड से दसवीं की परीक्षा देने जा रही हैं। वह कहती है, "मैंने मां को जीवन भर संघर्ष करते देखा है। अब मैं पढ़-लिखकर एक सफल व्यवसायी बनना चाहती हूं।" सीमा की बातों से किरण की आंखों में चमक बढ़ जाती है। किरण देवी कहती हैं "हालात बदलते ही लोगों का नजरिया भी बदलने लगा है।

किरण देवी की कहानी सिर्फ गांव की एक औरत के संघर्ष की दास्तान नहीं है। यह पूरे समाज की तस्वीर है। यह हमें याद दिलाती है कि इतिहास की धारा को बदलने का काम सिर्फ राजा-महाराजा नहीं करते, बल्कि संघर्ष करने वाली औरतें भी करती हैं. लेकिन उनका इतिहास अब तक लिखा नहीं गया है। अगर इतिहास को सचमुच पूरा लिखना है तो उसमें किरण जैसी औरतों की कहानियां भी शामिल करनी होंगी क्योंकि औरत का संघर्ष हाशिए पर नहीं, बल्कि इतिहास के केंद्र में होना चाहिए।

# जिंदगी के चौराहे पर भी लागू होते हैं नियम

सड़कों पर चलते वक्त कोई चौराहा आता है और अचानक चौराहे पर लगी लाल बत्ती जल जाती है, तो आमने-सामने की ओर से आते वाहन रुक जाते हैं और दूसरी तरफ से जली हरी बत्ती की ओर से वाहन आने-जाने लगते हैं। ट्रैफिक का यह नियम इसलिए होता है, ताकि दुर्घटना और जाम न लगने पाए। कुछ इसी तरह जिंदगी के चौराहे पर भी नियम लागू किए जाने चाहिए। क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष आदि मन के चौराहे पर आ जाए तो कोई निर्णय लेने से बचना चाहिए। मन के वाहन पर तत्काल ब्रेक लगाना चाहिए।



सलिल पांडेय
वरिष्ठ पत्रकार

अब सवाल उठता है कि मन का ब्रेक क्या हो? तो सबसे उत्तम यही है कि एकांत में बैठकर गहरी सांस लें तथा ध्यान लगाने की कोशिश करनी चाहिए। इससे लाभ यह होगा कि क्रोध में कोई निर्णय नहीं लिया जा सकेगा तथा ईर्ष्या-द्वेष से थोड़ी मुक्ति मिलेगी, क्योंकि क्रोध, ईर्ष्या एवं द्वेष का असर दूसरों पर भले न पड़े पर अपने मन पर जरूर पड़ता है। इसे इसलिए दुष्प्रवृत्तियां कहा गया है, क्योंकि इससे मन के बाद तन पर भी असर पड़ता है। इस तरह की दुष्प्रवृत्तियों से पेट में जलन, आंखों में तथा कानों में जलन और गला सूखने लगता है। पूरा शरीर तक बेकाबू होने लगता है, इसीलिए इसे मन का रोग कहा गया है, जो आगे चलकर स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। असमय तमाम बीमारियां आने लगती हैं। धर्म ग्रंथों में तो यहां तक कहा गया है कि क्रोध करने से जोड़ों का दर्द वाला रोग आर्थराइटिस हो जाता है। इसका उल्लेख महाभारत ग्रंथ में विदुर जी ने धृतराष्ट्र से वार्तालाप के दौरान भी किया है।

इस तरह मन के चौराहे पर दुर्घटना न हो, इसकी पहली जिम्मेदारी खुद की सूझबूझ की है। यदि मन में ट्रैफिक की तरह निरंतर हरी बत्ती जलती रहे, तो जैसे चौराहे पर हरी बत्ती जलने पर आवागमन चालू रहता है, ठीक उसी तरह मन में प्रसन्नता के वाहन निरंतर दौड़ते रहेंगे। अवसाद-विषाद के जाम नहीं लगेंगे। जहां जाएंगे, वहां का वातावरण महक उठेगा जब मनोरोगी जहां जाएगा, वहां तनाव का माहौल बनने लग जाएगा। ऐसे लोगों से लोग-बाग बचने की कोशिश करते हैं।

# सांस्कृतिक विविधता और एकता का प्रतीक है उर्दू

अपने को उर्दू का सबसे बड़ा प्रवक्ता बताने वाले कुछ विद्वान यह कहते मिल जाते हैं कि अब भारत में उर्दू का कोई मुस्तकबिल (भविष्य) नहीं है। ये खत्म हो रही है। क्या इस तरह की कोई बात है? कतई नहीं। बीते दिनों बिहार की राजधानी पटना में भारत में उर्दू इतिहास, वर्तमान और भविष्य पर चर्चा हुई। निष्कर्ष यह निकला कि उर्दू का भारत में भविष्य रोशन है। ये एक भाषा होने के साथ-साथ, एक तहजीब, परंपरा और प्यार की भाषा भी है, जो भारत की कोख से जन्मी है और हर भारतीय भाषा, क्षेत्र, समाज, धर्म और संस्कृति की सुगंध शामिल है इसमें। यह भारत की आत्मा से जुड़ी भाषा है। यह विकसित भारत की भाषा है।



अगर बात हिंदी और उर्दू के संबंधों की करें, तो हिंदी और उर्दू, दोनों ही हिंदुस्तानी भाषा की दो प्रमुख शाखाएं हैं। ये दोनों भाषाएं व्याकरणिक संरचना और मूल शब्दावली में लगभग समान हैं, लेकिन लिपि, शब्दावली का चयन और सांस्कृतिक प्रभावों के कारण अलग-अलग पहचान रखती हैं। सिनेमा और मीडिया में भी दोनों भाषाएं एक-दूसरे के पूरक के रूप में दिखाई देती हैं, जैसे बॉलीवुड फिल्मों में हिंदी-उर्दू का मिश्रित प्रयोग।



विवेक शुक्ला
लेखक

हालांकि, राजनीतिक और सांप्रदायिक कारणों ने इन भाषाओं को अलग करने की कोशिश की गई, फिर भी इनके साझा मूल और सांस्कृतिक विरासत ने इन्हें एक-दूसरे से जोड़े रखा है। हिंदी और उर्दू का यह अनोखा रिश्ता भारतीय उपमहाद्वीप की सांस्कृतिक विविधता और एकता का प्रतीक है। उर्दू के साथ सब से बड़ी नाइंसाफी यह हुई कि इसे मुसलमानों की भाषा समझ लिया गया। इसे विभाजन और पाकिस्तान बनाने का जिम्मेदार तक समझ लिया गया, जोकि बिलकुल गलत है। उर्दू के गैर-मुस्लिम लेखकों और शायरों की भी कोई कमी नहीं है। इनमें फिराक गोरखपुरी, कृष्ण चंदर, मोहिंदर सिंह बेदी, राजेंद्र सिंह बेदी, जगन्नाथ आजाद, कृष्ण बिहारी नूर, गोपी चंद नारंग आदि शामिल हैं।

क्या केंद्र की मौजूदा सरकार देश में उर्दू के हक में काम कर रही है? इस बारे में सहमति थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने उर्दू से जुड़ी सभी संस्थाओं और संस्थानों को अपने राष्ट्र विकास मंत्र, 'सब का साथ, सब का विकास, सब का विश्वास और सब का प्रयास' से जोड़ा है। इसका जीता जगता उदाहरण राष्ट्रीय उर्दू भाषा परिषद विकास (नेशनल काउंसिल फॉर प्रमोशन ऑफ उर्दू लैंग्वेज) का पटना में अंतरराष्ट्रीय स्तर का त्रि-दिवसीय समागम, 'उर्दू भाषा का भविष्य, विकसित भारत @ 2047', था।

उर्दू की मधुरता, इसकी शायरी, गजलें, और कविताएं भारतीय साहित्य और कला को एक अनूठा आयाम प्रदान करती हैं। यह भाषा भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है, जो हिंदू-मुस्लिम एकता और सौहार्द का संदेश देती है। उर्दू संस्कृत, प्राकृत, फारसी, अरबी और तुर्की जैसी भाषाओं के मेल से विकसित हुई। इसकी उत्पत्ति दिल्ली और इसके आसपास के क्षेत्रों में हुई, जहां इसे 'हिंदवी' या 'देहलवी' के रूप में जाना जाता था। भारत के संविधान में उर्दू को 22 अनुसूचित भाषाओं में शामिल किया गया है, जो इसकी महत्ता को दर्शाता है। उर्दू की सबसे बड़ी खूबसूरती इसकी समावेशी प्रकृति में निहित है। मिर्जा गालिब, दाग देहलवी, मीर तकी मीर, और फैज अहमद फैज जैसे शायरों ने उर्दू को एक ऐसी ऊंचाई दी, जो विश्व साहित्य में बेमिसाल है।

उर्दू ने विकसित और सुरक्षित भारत के लिए, 'चमन', 'गुलजार', 'गुलशन', 'बाग-ओ-बहार', 'गुल-ए-बहार' आदि शब्दों का प्रयोग किया है। मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति फिरोज बख्त अहमद कहते हैं कि उर्दू विकसित भारत की आन, बान, शान, जान और पहचान है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि उर्दू का वर्तमान और भविष्य रोशन है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# ट्रेडिशन और वेस्टर्न का फ्यूजन

# स्टार स्टाइल और फिल्मी फैशन



*बॉलीवुड केवल फिल्में ही नहीं बनाता है, फैशन और लाइफ स्टाइल भी तय करता है। लोगों के पहनावे और रहन-सहन को प्रभावित करता है। रेखा की कांजीवरम साड़ियां हों या दीपिका के डिजाइनर लहंगे अथवा सलमान खान का रफ डेनिम लुक, बॉलीवुड पारंपरिक पहनावे से लेकर वेस्टर्न स्ट्रीट स्टाइल तक, हर परिधान को अक्सर नया आकार देता है।*

बॉलीवुड नई फिल्मों के साथ नए फैशन मूवमेंट का लॉन्च पैड

- चाहे पारंपरिक पहनावा हो या समकालीन स्ट्रीट स्टाइल, बॉलीवुड हस्तियां अपने ऑन स्क्रीन और ऑफ स्क्रीन विकल्पों से फैशन का ट्रेंड सेट करती हैं। यही वजह है, फिल्मों में कलाकारों द्वारा पहने जाने वाले परिधान जल्दी ही फैशन ट्रेंड बन जाते हैं। फिल्में डिजाइनरों को अपनी कृतियों को बड़े पैमाने पर प्रदर्शित करने और व्यापक दर्शकों तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करती हैं। इसके लिए कई फैशन डिजाइनर नए स्टाइल पेश करने के लिए बॉलीवुड सितारों के साथ मिलकर काम करते हैं।
- मनीष मल्होत्रा, सब्यसाची मुखर्जी और अनीता डोंगरे जैसे प्रमुख डिजाइनर बॉलीवुड के साथ अपने संबंधों के कारण घर-घर में पहुंच चुके हैं। उन्होंने फिल्म प्रमोशन, शादियों और रेड कार्पेट इवेंट्स के लिए तमाम बड़े सितारों को तैयार किया है।

## पुनर्जीवित हुए पारंपरिक परिधान

- बॉलीवुड ने पारंपरिक भारतीय फैशन को भी जीवित और विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रेखा की सदाबहार कांजीवरम साड़ियां आज भी हर पीढ़ी की महिलाओं को प्रेरित करती हैं, तो प्रियंका चोपड़ा ने शिफॉन साड़ियों में आधुनिक और पारंपरिक दोनों शैलियों का मिश्रण करके नया ट्रेंड सेट किया था। इसी तरह आलिया भट्ट के लहंगों ने शादी के फैशन के नए ट्रेंड स्थापित किए थे।

## सोशल मीडिया ने फैशन संस्कृति को दी नई उड़ान

- कई इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर अब बॉलीवुड लुक्स को रीक्रिएट करते हैं, जिससे वे आम लोगों के लिए और भी ज्यादा सुलभ हो जाते हैं। इन्फ्लुएंसर, बॉलीवुड सितारों से प्रेरित आउटफिट्स को स्टाइल करके, अक्सर ऐसे ट्रेंड सेट करते हैं जो तेजी से वायरल हो जाते हैं।



## सेलिब्रिटी की नकल करता है फास्ट फैशन

किसी डिजाइनर आउटफिट में किसी स्टार की एक झलक पूरे देश में एक ट्रेंड को जन्म दे सकती है, चाहे वह एथनिक चिक लुक हो या मॉडर्न मिनिमलिज्म। सोशल मीडिया के कारण फैशन पर बॉलीवुड का प्रभाव पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। प्रशंसकों की अब सेलिब्रिटीज के लुक्स पर सीधी पहुंच है, और इसी वजह से फास्ट फैशन का उदय हुआ है, जहां सेलिब्रिटीज द्वारा पहने जाने वाले डिजाइनर कपड़ों की किफायती प्रतिकृतियां झटपट तैयार होकर लोगों के लिए उपलब्ध हो जाती हैं। हाई स्ट्रीट ब्रांड बॉलीवुड हस्तियों द्वारा पहने जाने वाले डिजाइनर परिधानों के किफायती संस्करण जल्द तैयार कर लेते हैं, जिससे विशिष्ट फैशन जनता के लिए सुलभ हो जाता है।

### सितारों ने अपना फैशन सीधे बाजार में उतारा

आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण की तरह कई नए सितारों ने अपनी स्टाइल को सीधे बाजार में उतारा है। इससे प्रशंसकों को पसंदीदा सितारों द्वारा डिज़ाइन किए गए और क्यूरेट किए गए कपड़े खरीदने का मौका मिलता है। इससे बॉलीवुड की पहुंच स्क्रीन से आगे बढ़कर रिटेल तक पहुंच गई है। दीया मिर्जा और भूमि पेडनेकर जैसी अभिनेत्रियां पर्यावरण-अनुकूल ब्रांडों का प्रचार कर रही हैं, जबकि सोनम कपूर और अनुष्का शर्मा नैतिक फैशन लेबल का समर्थन कर रही हैं।



*लेखक : मनोज त्रिपाठी*

# सोशल मीडिया जो दिखाए दुल्हन के मन को वही भाए

परिधानों का ट्रेंड समय के साथ बदलता रहता है, लेकिन दुल्हन के लिबास की बात आती है, तो लहंगे का आकर्षण आज भी बरकरार है। हालांकि शादी समारोह में अन्य अवसरों के लिए सोशल मीडिया पर युवतियां नए जमाने के वेडिंग गाउन खोजकर अपना ट्रेंड सेट कर रही हैं। शादियों में पहने जाने वाले परिधानों के ट्रेंड में बदलाव का दौर समय-समय पर देखने को मिलता रहा है। लेकिन आज के दौर में ट्रेंड सोशल मीडिया सेट कर रहा है। हालांकि गाउन के ट्रेंड के बावजूद ब्राइडेल लहंगे का आज भी कोई जवाब नहीं है। 50 सालों से दुल्हन के परिधानों के व्यवसाय में जुड़े संयम गुप्ता ने बताया कि अब शादियों में दुल्हन लहंगे के साथ अपने लिए गाउन जरूर खरीदती हैं। बॉल गाउन, मरमेड गाउन, शीथ ड्रेस, ए-लाइन ड्रेस, टी-लेंथ ड्रेस, कॉलम ड्रेस, ट्रम्पेट ड्रेस में से किसी एक को इंगेजमेंट, कॉकटेल पार्टी या बैचलर्स पार्टी के लिए दुल्हन जरूर चुनती हैं।

## परिधानों का ट्रेंड बदलता रहता पर लहंगा कढ़ाई साड़ी व गाउन की चमक बरकरार




### सगाई में दुल्हन की शान बढ़ाता बार्बी डॉल गाउन

- गाउन पसंद करते समय डिजाइन ज्यादा देखी जाती है, क्योंकि कढ़ाई का काम इस पर अधिक नहीं होता। सगाई समारोह में सर्वाधिक बार्बी डॉल गाउन ही पसंद किए जाते हैं। फैब्रिक की बात करें तो पहले सिल्क, जार्जट, नेट जैसे गिने-चुने फैब्रिक थे, लेकिन अब बहुत वैरायटी आ चुकी हैं। सर्वाधिक प्रचलन में ऑर्गेंजा व टिश्यू फैब्रिक है, इसके बाद प्योर सिल्क भी पसंद किया जा रहा है।

### क्रॉप टॉप और श्रग वाले लांचें पेस्टल रंग हर किसी पर फबता

*दुल्हा-दुल्हन की बहनें व अन्य करीबी भी शादी में सुंदर दिखना चाहते हैं। यह लोग पेस्टल रंग (हलके रंग) के क्रॉप टॉप, श्रग वाले लांचें पसंद करते हैं। मौसम के अनुसार भी रंग की पसंद बदलती है। सर्दी में गहरे तो गर्मी में हल्के रंग का ट्रेंड हमेशा जिंदा रहता है।*

### मशीन वर्क कीमत में कम इसलिए जल्दी आता पसंद

- साड़ी कारोबारी जीतेश गुप्ता के अनुसार लहंगे, साड़ियों, गाउन, सूट पर हैंडवर्क यानी जरी, जरदोजी आदि की कढ़ाई से अधिक अब मशीन की कढ़ाई पसंद की जा रही है। मशीन की कढ़ाई में सफाई ज्यादा और दाम हैंडवर्क से कम है। मध्यम वर्गीय परिवारों का रुझान मशीन वर्क की तरफ है तो एलीट क्लास के लोग हैंडवर्क को तवज्जो देते हैं। जहां एक लहंगे पर उसकी कीमत 5000 रुपये से शुरू होती है, वहीं हैंडवर्क की कीमत 10 हजार से शुरू होती है। जो डिजाइन व फैब्रिक के अनुसार बढ़ती जाती है।

*लेखिका: शब्या सिंह तोमर*
*बरेली*

## नई रिलीज



### बागी-4 में गैंगस्टर संजय दत्त की टाइगर श्रॉफ से टक्कर

- पांच सितंबर, शुक्रवार को कई बड़ी फिल्में रिलीज होंगी। लेकिन दर्शकों को सबसे बड़ा इंतजार धमाकेदार एक्शन से भरी फिल्म बागी-4 का है। टाइगर श्रॉफ इस फिल्म में हीरो के रोल में हैं, तो संजय दत्त विलेन के किरदार में गैंगस्टर बने हैं। दोनों के बीच जबर्दस्त टक्कर दिखाई गई है। सोनम बाजवा ने टाइगर श्रॉफ के साथ जोड़ी बनाई है, जबकि मिस यूनिवर्स 2021 हरनाज संधू इस फिल्म से डेब्यू कर रही हैं।



### विवादों को जन्म दे सकती है 'द बंगाल फाइल्स'

- 'द कश्मीर फाइल्स' की सफलता के बाद विवेक अग्निहोत्री की दूसरी कंट्रोवर्सी फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' को लेकर दर्शकों का एक वर्ग खासतौर पर एक्साइटेड है। इस फिल्म की रिलीज में हुई देरी ने उत्सुकता और बढ़ा दी है। यह फिल्म बंगाल की राजनीति और वहां की सच्चाइयों को पर्दे पर दिखाएगी। यह फिल्म एक बार फिर से डिबेट और विवादों को जन्म दे सकती है। इस फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती, अनुपम खेर, पल्लवी जोशी ने अभिनय किया है।

## प्राइवेट जेट में शादी करेंगी बिग बॉस फेम तान्या मित्तल

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' के घर में तान्या मित्तल अपनी हरकतों से सुर्खियों में हैं। तान्या कभी घरवालों को नखरे दिखाती हैं, तो कभी नौटंकी करती हैं। दरअसल, तान्या फैंस को यह बताने की कोशिश कर रही हैं कि वो बिग बॉस के घर की नाजुक कली हैं। अपनी शादी का जिक्र करके तान्या ने सोशल मीडिया पर हाईप बटोरी है। बिग बॉस के घर में उनसे पूछा गया कि वे कैसी शादी करना चाहती हैं, जवाब में तान्या ने कहा, मेरे शादी को लेकर काफी बड़े प्लान हैं। मैं दुबई में एक प्राइवेट जेट में शादी करना चाहती हूं। अपनी शादी में मैं बिग बॉस के सितारों को भी न्योता दूंगी। तान्या की ऐसी बड़ी-बड़ी बातें सुनकर घरवालों ने उनका मजाक बनाना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर लोग तान्या का खूब मजाक बनाते हुए कह रहे हैं कि उसे इतना फेंकना बंद कर देना चाहिए।



# कानपुर का रोबोट रेस्टोरेंट

## यहां रोबोट करता वेटर का काम ढाई मिनट में सर्व करता खाना

आप एक रेस्टोरेंट में बैठे हैं और वहां आपकी भूख मिटाने के लिए आपका खाना कोई वेटर नहीं, बल्कि एक रोबोट ला रहा है, यह देखकर एकबारगी आप चौंक जरूर जाएंगे। यकीनन आप अपना खाना भूल जाएंगे और रोबोट को देखना शुरू कर देंगे, उससे बात करने की कोशिश करेंगे। यह मजेदार अनुभव आप कानपुर के रोबोट रेस्टोरेंट में ले सकते हैं। रोबोट वाले वेटर्स का यह शहर में पहला रेस्टोरेंट है, जो लोगों को खाना परोसता है। मेक इन इंडिया के तहत तैयार किए गए तरह-तरह के रोबोट रिटेल बिजनेस, ई-कॉमर्स, वेयर हाउसिंग कुरियर, मल्टीस्टोर फूड एंड ब्रेवरीज के क्षेत्र में पहले ही काम कर रहे थे, अब होटल और रेस्टोरेंट में भी इनका तेजी से इस्तेमाल शुरू हो गया है। कानपुर में खुले पहले एआई आधारित रोबोट रेस्टोरेंट की खासियत है कि यह खाना ऑर्डर होने के बाद टेबल टू टेबल खाना लेकर आता है। इसके लिएरेस्टोरेंट में एक कमांड सेंटर बनाया गया है।



जिसके जरिए पूरा संचालन होता है। रोबोट केवल ढाई मिनट में 18 टेबल पर खाना पहुंचा देता है। फिलहाल रेस्टोरेंट में दो रोबोट लाए गए हैं। ये रोबोट पूरी तरह जीपीएस और एआई सिस्टम पर काम कर रहे हैं। रेस्टोरेंट में 18 टेबल हैं। हर टेबल से जीपीएस कनेक्ट है। इसके जरिए ही रोबोट टेबल तक पहुंचता है और खाना सर्व करता है।



## एथर एनर्जी ने दो दोपहिया का नया मंच किया पेश

**बेंगलुरु।** इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन विनिर्माता एथर एनर्जी ने शनिवार को विभिन्न खंडों में इलेक्ट्रिक स्कूटरों की नई पीढ़ी के लिए एक नया दोपहिया मंच पेश किया। कंपनी ने अन्य महत्वपूर्ण उत्पाद और प्रौद्योगिकी विकास की भी घोषणा की, जिसमें कॉन्सेप्ट मोटो-स्कूटर रेडक्स और एथरस्टैक 7.0 शामिल है। यह प्रौद्योगिकी को 'लाइव लोकेशन' साझा करने, गड्ढों और दुर्घटनाओं की सूचना देने तथा टायर दबाव जैसी जानकारी देने में मदद करेगी।

अमृत विचार
कानपुर, रविवार, 31 अगस्त 2025
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

## केरल में विदेश से लौटने वाले पेशेवरों की संख्या बढ़ी

**कोच्चि।** लिंक्डइन टैलेंट इनसाइट्स रिपोर्ट के अनुसार केरल में विदेश से कुशल पेशेवरों की वापसी में भारी वृद्धि देखी जा रही है। यह रिपोर्ट शुक्रवार को केरल सरकार की सलाहकार संस्था केरल विकास एवं नवाचार रणनीतिक परिषद (के-डीआईएससी) द्वारा आयोजित 'स्किल केरल ग्लोबल समिट' में जारी की गई। के-डीआईएससी की विज्ञप्ति के अनुसार, अध्ययन से पता चला है कि पिछले पांच वर्षों में 9,800 से अधिक पेशेवर संयुक्त अरब अमीरात से केरल लौट चुके हैं, जो लौटने वालों का सबसे बड़ा हिस्सा है। इसके बाद सऊदी अरब और ब्रिटेन से 1,600 से अधिक, कतर से 1,400 से अधिक और अमेरिका से 1,200 से अधिक पेशेवर वापस आए हैं। घरेलू प्रवासन की बात करें तो कर्नाटक से लगभग 7,700 पेशेवर वापस केरल आए, जिसके बाद तमिलनाडु से 4,900, महाराष्ट्र से 2,400, तेलंगाना से 1,000 और हरियाणा से 800 पेशेवर वापस केरल आए हैं।

## 4.4% राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल करने की राह पर सरकार

**नई दिल्ली।** आर्थिक मामलों की सचिव अनुराधा ठाकुर ने शनिवार को कहा कि सरकार बजट में निर्धारित राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है। उन्होंने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार के 4.4 प्रतिशत के महत्वाकांक्षी राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल न कर पाने की आशंकाओं को दूर किया। आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) की सचिव का यह बयान इस नजरिये से महत्वपूर्ण है, क्योंकि केंद्र का राजकोषीय घाटा जुलाई के अंत में पूरे वर्ष के लक्ष्य के 29.9 प्रतिशत तक बढ़ गया। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह बजट अनुमान (बीई) का केवल 17.2 प्रतिशत था। उन्होंने कहा, यह सवाल (लक्ष्य हासिल करने का) ताजा आंकड़ों के कारण उठ रहा है। मैं कहना चाहूंगी कि तिमाही आधार या मासिक आधार पर राजकोषीय घाटे के आंकड़ों का आकलन समय के अंतर के कारण सही तस्वीर नहीं दे सकता है। एक साक्षात्कार में कहा, कुल राजकोषीय घाटे के आंकड़ों के आधार पर, हमारा अब तक का आकलन यही है कि हम लक्ष्य हासिल कर लेंगे।

# वाणिज्य मंत्रालय शुल्क से निपटने को तैयार

## अल्पकालिक, मध्यम और दीर्घकालिक कार्य योजनाओं पर कर रहा काम

नई दिल्ली, एजेंसी



वाणिज्य मंत्रालय भारत से अमेरिका जाने वाले सामानों पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क से निपटने में निर्यातकों की मदद करने के लिए अल्पकालिक, मध्यम और दीर्घकालिक कार्य योजनाओं पर काम कर रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि कई विशेष आर्थिक क्षेत्र की नीतियों में लचीलापन लाने वाले नियमों पर भी विचार किया जा रहा है। सरकार ई-कॉमर्स निर्यात को बढ़ावा देने को केंद्र शुरू कर रही है।

इन केंद्रों में सामान वापस भेजने, राज्यों के बीच आवाजाही और जीएसटी रिफंड की प्रक्रिया को आसान बनाया जाएगा। अधिकारी ने यह भी बताया कि एक नया इन्वेंट्री मॉडल भी लाया जाएगा। यह मॉडल तीसरे पक्ष की कंपनियों को नियमों का पालन करने और सामान को एक जगह से दूसरी जगह भेजने का काम संभालने की अनुमति देगा। इससे एमएसएमई पर काम का बोझ कम होगा और वे अपने उत्पादों की गुणवत्ता और ब्रांडिंग पर ध्यान दे पाएंगे। अधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत निर्यातकों को तुरंत वित्तीय राहत देने, कमजोर क्षेत्रों में ऑर्डर और रोजगार को बनाए रखने, संरचनात्मक सुधारों के जरिए आपूर्ति श्रृंखलाओं में लचीलापन लाने और मौजूदा व्यापार समझौतों का लाभ उठाते हुए नए बाजारों तक पहुंच बनाने पर जोर दिया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि घरेलू उद्योग की सुरक्षा और निर्यात से बचे उत्पादन को समायोजित करने के लिए सरकार विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) और डीटीए (घरेलू शुल्क क्षेत्र) के विनिर्माताओं को राहत देने पर विचार कर रही है। इस समय डीटीए को शुल्क भुगतान के बाद सेज से बिक्री की अनुमति है। इन क्षेत्रों की इकाइयों ने शुल्क छूट के आधार पर बिक्री की अनुमति देने का अनुरोध किया है।

सरकार निर्यात के लिए ई-कॉमर्स के इन्वेंट्री-आधारित मॉडल में एफडीआई की अनुमति दे सकती है। कहा कि तत्काल या अल्पकालिक राहत उपायों में नकदी को आसान बनाने, दिवालियापन को रोकने, सेज में इकाइयों के लिए अधिक लचीलापन देने जैसे कई कदमों पर विचार किया जा रहा है।

### जल्द तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

**इंदौर।** प्रधानमंत्री जन-धन योजना को देश की वृद्धि दर बढ़ाने में मददगार करार देते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शनिवार को कहा कि देश जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। उन्होंने यह बात ऐसे वक्त कही जब देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में उम्मीद से बेहतर 7.80 प्रतिशत रही है। अमेरिका के भारी शुल्क लगाए जाने से पहले की पांच तिमाहियों में यह सबसे अधिक है। मल्होत्रा ने इंदौर के रंगवासा गांव में सरकारी क्षेत्र के बैंकों के वित्तीय समावेशन अभियान संतृप्ति शिविर में कहा कि 11 साल पहले केंद्र सरकार और रिजर्व बैंक ने बैंकों के साथ मिलकर प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत वित्तीय समावेशन का अभियान शुरू किया था, जिससे पूरे देश में विकास हो रहा है।

### निर्यातकों को बचाने के लिए काम कर रही सरकार: सीईए

**कोलकाता/नई दिल्ली।** केंद्र सरकार, अमेरिका के अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क से निर्यात क्षेत्रों को बचाने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर लगातार काम कर रही है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) अनंत नागेश्वरन ने शनिवार को यह बात कही। अमेरिका ने 27 अगस्त से अपने यहां आने वाले भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगा दिया है। नागेश्वरन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि संकट चाहे छोटा हो या बड़ा, अक्सर उत्प्रेरक का काम करता है। इससे सरकार, निजी क्षेत्र और परिवार सहित समाज-व्यवस्था के सभी वर्ग जरूरी कार्रवाई करने के लिए सक्रिय होते हैं।

# किफायती घरों की कमी से आठ बड़े शहरों में हालात चिंताजनक

- रियल एस्टेट की परामर्शदाता कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया और नारेडको की रिपोर्ट ने चौंकाया

नई दिल्ली, एजेंसी



देश के शहरी क्षेत्रों में किफायती घरों की कमी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में किफायती मकानों की मांग तो बढ़ रही है, लेकिन उन्हें बनाने की रफ्तार बहुत धीमी हो गई है, जिससे इस क्षेत्र में एक बड़ा असंतुलन पैदा हो गया है।

रियल एस्टेट की परामर्शदाता कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया और नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) की एक रिपोर्ट में बताया गया कि देश के आठ बड़े शहरों (मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, पुणे, कोलकाता और अहमदाबाद) में हालात चिंताजनक हैं। पहले 2019 में जहां हर एक घर की मांग पर एक से ज्यादा घर बन रहे थे, वहीं 2025 की पहली छमाही (जून तक) में यह आंकड़ा गिरकर 0.36 रह गया है।

इसका मतलब है कि मांग के मुकाबले सिर्फ एक-तिहाई घर ही बन रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि देश में शहरी किफायती घरों की वर्तमान कमी 94 लाख इकाई है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण के कारण 2030 तक यह कमी बढ़कर तीन करोड़ इकाई तक पहुंच सकती है।

### पहली तिमाही में मजबूत जीडीपी वृद्धि से संपत्ति की बढ़ेगी मांग

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट एजेंटों के संगठन क्रेडाई और नारेडको ने शनिवार को कहा कि जून तिमाही में मजबूत आर्थिक वृद्धि से उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ेगा और आवासीय तथा व्यावसायिक संपत्तियों की मांग भी बढ़ेगी। क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा, 7.8 प्रतिशत की मजबूत जीडीपी वृद्धि हमारी अर्थव्यवस्था के लचीलेपन और क्षमता को दर्शाती है। यह सकारात्मक गति रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए उत्साहजनक है और निवेशकों तथा उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि उद्योग प्रस्तावित जीएसटी सुधारों का इंतजार कर रहा है, जिससे मांग में और तेजी आएगी। नारेडको के अध्यक्ष जी हरि बाबू ने भी कहा कि जीडीपी वृद्धि रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए शुभ संकेत है क्योंकि इससे मांग बढ़ेगी, आगामी त्योहारी मौसम के दौरान। अर्थव्यवस्था अप्रैल-जून में उम्मीद से ज्यादा 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो पिछली पांच तिमाहियों में सबसे तेज गति है।

# वैश्विक प्रदर्शनियों में भागीदारी के लिए निर्यातकों को 2,500 करोड़ दे सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- जीटीआरआई ने निर्यात संवर्धन निधि में गिरावट पर व्यक्त की चिंता

आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने शनिवार को निर्यात संवर्धन निधि में गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार को बाजार पहुंच पहल (एमएआई) के तहत वैश्विक प्रदर्शनियों में भाग लेने के लिए निर्यातकों को 2,500 करोड़ रुपये आवंटित करने पर विचार करना चाहिए। एमएआई को चालू वित्त वर्ष में कोई धनराशि नहीं मिली है। कहा कि अप्रैल और अगस्त के बीच निर्यातकों ने विदेशी मेलों में भाग लेने के महत्वपूर्ण अवसर खो दिए हैं।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, पिछले वर्षों में, इस योजना का बजट केवल 250 करोड़ रुपये था, जो 440 अरब डॉलर से अधिक की निर्यात अर्थव्यवस्था के लिए बहुत कम था। इसे सालाना 2,500 करोड़ के बढ़े हुए बजट के साथ फिर से शुरू किया जाना चाहिए। भारतीय फर्मों को वैश्विक मेलों में अच्छी जगह मिल सके, इसके लिए कोष को कम से कम एक साल पहले जारी किया जाना चाहिए। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ब्याज समानीकरण योजना को फिर से शुरू करने, निर्यात प्रोत्साहन मिशन व ई-कॉमर्स निर्यात केंद्र को शुरू करने का भी आह्वान किया।

## हवाई अड्डों के पास इमारतों की ऊंचाई तय करने के लिए जल्द होगा अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने शनिवार को कहा कि आगामी हवाई अड्डों के पास इमारतों की ऊंचाई पर अंकुश लगाने के लिए जल्द ही एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन शुरू होगा। इसके अलावा, सरकार हवाई अड्डों और उनके आसपास सेवाओं को बढ़ाने के तरीकों पर भी विचार कर रही है।

भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में एक है और पिछले 11 वर्षों में देश में चालू हवाई अड्डों की संख्या 88 बढ़कर 162 हो गई है। रियल एस्टेट संस्था नारेडको के 17वें राष्ट्रीय सम्मेलन में नायडू ने आगामी हवाई अड्डों के आसपास रियल एस्टेट विकसित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में 50 नए हवाई अड्डे बनाना है और देश में 350 से अधिक हवाई अड्डे बनाने की क्षमता है।

# कालीन उद्योग ने मांगा विशेष राहत पैकेज

भदोही (उप्र), एजेंसी



- केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह से प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

अमेरिका के भारतीय आयात पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क के चलते कालीन उद्योग ने केंद्र सरकार ने राहत पैकेज देने की मांग की है। अखिल भारतीय कालीन निर्माता संघ (एआईसीएमए) और कपड़ा मंत्रालय के अधीन कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (सीईपीसी) ने इस संबंध में केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह से मुलाकात की थी।

भदोही के विधायक जाहिद बेग (सपा) ने भी निर्यातकों को राहत देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से 10 प्रतिशत का विशेष राहत पैकेज देने का अनुरोध किया है। सीईपीसी के भदोही कार्यालय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अखिलेश सिंह के अनुसार पिछले वित्त वर्ष में भारत का कालीन निर्यात 16,800 करोड़ रुपये का था। इसमें से 60 प्रतिशत अमेरिका और 40 प्रतिशत यूरोपीय देशों को निर्यात किया गया। बताया कि देश के कुल कालीन निर्यात में अकेले भदोही का 60 प्रतिशत हिस्सा है, जिससे यह स्पष्ट है कि अमेरिकी शुल्क का सबसे ज्यादा असर जिले के निर्यातकों पर पड़ेगा। दोनों संगठनों ने जोर देकर कहा कि उनकी प्राथमिकता अपने अमेरिकी आयातकों को जोड़े रखना है। अगर ये आयातक उन देशों से आयात करना शुरू कर देते हैं, जहां अमेरिका ने कम शुल्क लगाए हैं, जैसे चीन, तुर्की और पाकिस्तान, तो उन्हें वापस पाना बेहद मुश्किल होगा। मुख्यमंत्री योगी को लिखे पत्र में कहा कि भारत में बनने वाले 99 प्रतिशत कालीन निर्यात किए जाते हैं, जिनमें से 60 प्रतिशत अमेरिका जाते हैं।



# मराठा आरक्षण: सरकार के साथ वार्ता विफल

## जरांगे विरोध प्रदर्शन जारी रखने पर अड़े, सेवानिवृत्त न्यायाधीश को बातचीत के लिए भेजने की आलोचना की

मुंबई, एजेंसी



मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के बाहर मराठा आरक्षण की मांग को लेकर एकत्र हुए आदोलनकारी। ● एजेंसी

मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे और सरकार द्वारा नियुक्त प्रतिनिधिमंडल के बीच शनिवार को मुंबई में हुई बातचीत बेनतीजा रही जिससे कोई प्रगति नहीं दिखी। जारंगे ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश संदीप शिंदे को बातचीत के लिए भेजने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की भी आलोचना की।

सेवानिवृत्त न्यायाधीश शिंदे मराठों को आरक्षण देने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष हैं। दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में दो दिन से जारी अपनी भूख हड़ताल जारी रखने का संकल्प लेते हुए जरांगे ने कहा, मराठों को आरक्षण देने की घोषणा करने वाला सरकारी प्रस्ताव (जीआर) जारी करना न्यायमूर्ति शिंदे का काम नहीं है। सरकार ने मराठा नेता से बातचीत के लिए दिन में ही प्रतिनिधिमंडल भेजा था, जिन्होंने शुक्रवार को आजाद मैदान में विरोध प्रदर्शन का यह नया दौर शुरू किया है। जरांगे ओबीसी श्रेणी के तहत मराठों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे हैं। वह चाहते हैं कि सभी मराठों को ओबीसी के तहत आने वाली कृषि प्रधान जाति कुनबी के रूप में मान्यता दी जाए ताकि समुदाय के लोगों को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण मिल सके।

उन्होंने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन आरक्षण पाने के लिए समुदाय की अंतिम लड़ाई है। सरकारी प्रतिनिधिमंडल ने दोपहर में जरांगे से मुलाकात की। जरांगे ने कहा कि सेवानिवृत्त न्यायाधीश शिंदे की अध्यक्षता वाली समिति ने पिछले 13 महीनों से इस मुद्दे से संबंधित राजपत्रों का अध्ययन किया और अब समय आ गया है कि समिति अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे ताकि मराठों को कुनबी का दर्जा मिलने का मार्ग प्रशस्त हो। जरांगे ने कहा, मराठवाड़ा में मराठों को कुनबी घोषित किया जाना चाहिए और उन्हें आरक्षण दिया जाना चाहिए।

### मुंबई पुलिस ने आरक्षण आंदोलन के लिए एक और दिन की अनुमति दी

**मुंबई।** पुलिस ने शनिवार शाम को मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे के दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में आंदोलन की अनुमति एक दिन के लिए और बढ़ा दी। एक अधिकारी ने बताया कि दो दिनों में यह दूसरी बार है जब मुंबई पुलिस ने आंदोलन के आयोजकों को अनुमति दी है। उन्होंने बताया कि इससे पहले, आजाद मैदान पुलिस को जरांगे के प्रदर्शन को एक और दिन के लिए अनुमति देने का आवेदन मिला था। मैदान पर प्रदर्शन की समय सीमा शाम छह बजे तक थी। आवेदन पर कार्यवाही करते हुए आयोजकों को जरांगे के विरोध प्रदर्शन के लिए एक और दिन के लिए आजाद मैदान का इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी गई है।

## सेना के जवान की हत्या में 5 माओवादियों पर आरोप पत्र दायर

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में भारतीय सेना के जवान की हत्या में कथित संलिप्तता के लिए प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के पांच सदस्यों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों भवन लाल जैन, सुरेश कुमार सेलाम, शैलेंद्र कुमार बघेल, अंदुराम सेलाम और सोनू हेमला का नाम शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में एक विशेष एनआईए अदालत के समक्ष दायर पूरक आरोपपत्र में दर्ज है। एनआईए ने कहा कि फरवरी 2023 में अपने परिवार से मिलने गए सेना के जवान मोतीराम अचला को उसेली के एक गांव में भाकपा (माओवादी) के कार्यकर्ताओं ने गोली मार दी थी। जैन, सुरेश सेलाम, बघेल और अंदुराम सेलाम भाकपा (माओवादी) के सक्रिय ओवरग्राउंड वर्कर थे, जबकि हमला संगठन के उत्तर बस्तर संभाग की कुयेमारी एरिया कमेटी का एक सशस्त्र कार्यकर्ता था।

# दुष्कर्म मामले में कलंक अपराधी पर लगे, पीड़िता पर नहीं : दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी




- दुष्कर्म का मुकदमा रद्द करना पीड़िता के हित में होगा आरोपी की इस टिप्पणी को कोर्ट ने घृणित बताया

दिल्ली हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी एक व्यक्ति की इस दलील को घृणित करार दिया कि उसके खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा रद्द करना नाबालिग पीड़िता के हित में होगा, जिसे अन्यथा कलंक का सामना करना पड़ेगा। न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया ने 29 अगस्त को पारित फैसले में कहा कि कलंक गलत कृत्य की शिकार पीड़िता पर नहीं, बल्कि गलत काम करने वाले पर लगना चाहिए। इसी के साथ उन्होंने आरोपी की याचिका खारिज करते हुए उस पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगा दिया।

न्यायमूर्ति कठपालिया ने कहा, याचिकाकर्ता के वकील की दलील है कि वर्तमान कार्यवाही को रद्द करना अभियोक्ता के हित में होगा, अन्यथा उसे कलंक का सामना करना पड़ेगा। मैं इस दलील को घृणित मानता हूं।

उन्होंने कहा, कलंक गलत कृत्य की शिकार पीड़िता पर नहीं, बल्कि गलत काम करने वाले अपराधी पर लगना चाहिए। समाज की मानसिकता में आमूल-चूल बदलाव लाना होगा। कलंक दुष्कर्म जैसी भयावह पीड़ा झेलने वाली लड़की पर नहीं, बल्कि अपराधी पर लगाना होगा।

## अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कल्याण पर विधायी समितियां गठित करें राज्य

**भुवनेश्वर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को उन राज्यों से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए विधायी निकाय बनाने का आग्रह किया जिन राज्यों में इनका गठन किया गया है। इन संसदीय और राज्य समितियों के प्रमुखों की बैठक यहां समाप्त हुई। बिरला ने संवाददाताओं को बताया कि 'भुवनेश्वर एजेंडा 2025' के तहत विभिन्न सुझाव प्राप्त हुए हैं और संबंधित संसदीय समिति उन्हें अमल में लाने के लिए केंद्र और राज्यों से विचार विमर्श करेगी।

उन्होंने कहा कि औसतन, संसदीय समिति की 70 से 80 प्रतिशत सिफारिशें सरकार द्वारा स्वीकार कर ली जाती हैं, जिससे कार्यपालिका को जवाबदेह और पारदर्शी बनाने में उसकी महत्ता का संकेत मिलता है। बिरला ने कहा कि इस मुद्दे पर संसदीय समिति ने कई सशक्त निर्णय लिए हैं, जिनमें 1.5 लाख से अधिक नौकरियों को नियमित करना और विभिन्न क्षेत्रों में आरक्षण का लाभ प्रदान करना शामिल है।

# राहुल गांधी के लिए जीडीपी आंकड़े तमाचा

- कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने कहा- मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की लिख रहा गाथा

नई दिल्ली, एजेंसी



भाजपा ने शनिवार को कहा कि अप्रैल-जून में भारत की अर्थव्यवस्था के उम्मीद से अधिक 7.8 प्रतिशत की दर से विकास करने को दर्शाने वाले नवीनतम आंकड़ों को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए वास्तविकता का सबसे कड़ा तमाचा बताया, जिन्होंने हाल ही में भारत को मृत अर्थव्यवस्था करार दिया था।

शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी जो अमेरिका द्वारा विनाशकारी शुल्क लगाए जाने से पहले की पांच तिमाहियों में सबसे अधिक थी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण हुई। जीडीपी आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत एक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए, भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, कड़वा बोलने वाले, भ्रमित, निराश और खारिज किए गए राहुल गांधी के लिए, वही व्यक्ति जिसने भारत को मृत अर्थव्यवस्था करार दिया था, जीडीपी के नवीनतम आंकड़े वास्तविकता का सबसे कड़ा तमाचा हैं।

### पीएम के लिए अपशब्दों के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** बिहार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए इस्तेमाल की गई अपमानजनक भाषा के खिलाफ भाजपा के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। उन्होंने कांग्रेस सदस्यों पर बिहार में एक राजनीतिक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और उनकी मां का अपमान करने का आरोप लगाया। बिहार में राहुल गांधी चुनाव प्रचार कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की और राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की। सचदेवा ने कहा, यह एक अक्षम्य अपराध है। राहुल गांधी और सोनिया गांधी को प्रधानमंत्री के खिलाफ इस्तेमाल की गई अभद्र भाषा के लिए माफी मांगनी चाहिए।

## वैष्णो देवी यात्रा 5वें दिन भी स्थगित, बारीदार समुदाय का प्रदर्शन

**कटरा/जम्मू।** बारीदार समुदाय के सदस्यों के एक समूह ने शनिवार को श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और रियासी जिले में मंदिर जाने वाले पुराने मार्ग पर हाल ही में हुए भूस्खलन की घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की। इस भूस्खलन में 34 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 20 अन्य लोग घायल हुए थे। वैष्णो देवी तीर्थयात्रा शनिवार को लगातार पांचवें दिन भी स्थगित रही, जिससे सैकड़ों तीर्थयात्री कटरा में ही फंस गए। हाल ही में हुई भारी बारिश के बाद सड़क और रेल मार्ग से कटरा का संपर्क टूट गया है। बारीदार समुदाय में वैष्णो देवी मंदिर से जुड़े पुजारियों के परिवार शामिल हैं। काले झंडे लेकर श्राइन बोर्ड के खिलाफ नारे लगाते हुए समुदाय के सदस्य सड़कों पर उतरे।

### गणपति बप्पा मोरया



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई में भगवान गणेश की लालबागचा राजा मूर्ति के दर्शन किए। ● एजेंसी

## वर्ल्ड ब्रीफ

### इजराइल गाजा में रोकेगा मानवीय मदद आपूर्ति

**यरूशलम।** इजराइल हमास के खिलाफ अपने सैन्य अभियान का विस्तार करते हुए उत्तरी गाजा के कुछ हिस्सों में मानवीय सहायता की आपूर्ति जल्द ही रोक देगा या धीमी कर देगा। इजराइल के एक अधिकारी ने गाजा शहर को युद्ध क्षेत्र घोषित किए जाने के एक दिन बाद शनिवार को यह बात कही। अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि इजराइल आने वाले दिनों में गाजा सिटी में हवाई मार्ग से मानवीय सहायता पहुंचाने पर रोक लगा देगा और क्षेत्र के उत्तरी हिस्से में मदद सामग्री पहुंचाने वाले ट्रकों की संख्या में कटौती करेगा, जबकि वह क्षेत्र के दक्षिणी भाग से लाखों लोगों को हटाने की तैयारी कर रहा है।

### हैती में अपहृत आयरिश समेत आठ लोग रिहा

**पोर्ट ऑ प्राइस (हैती)।** हैती में एक महीने पहले एक अनाथालय पर बंदूकधारियों के हमले के बाद से बंधक बनाकर रखे गए आठ लोगों को अपहरणकर्ताओं ने रिहा कर दिया है। अधिकारियों और बंधकों के रिश्तेदारों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रिहा किए गए लोगों में आयरलैंड की एक नागरिक और तीन साल का एक बच्चा भी शामिल है। आयरलैंड की जेना हेराटी 1993 से हैती में काम कर रही हैं। वह सेंट-हेलेन अनाथालय में बच्चों और वयस्कों के लिए विशेष आवश्यकता कार्यक्रम की निदेशक हैं। हेराटी के परिवार ने कहा, हम जो राहत महसूस कर रहे हैं, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हम सभी के प्रति बहुत आभारी हैं।

### पाकिस्तान : हमले में पुलिसकर्मी की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को आतंकवादियों ने एक पुलिस वाहन पर घात लगाकर हमला किया, जिससे एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना जिले में कोहाट के लाची तहसील में दारमालक पुलिस चौकी के पास हुई, जहां अज्ञात हमलावरों ने पुलिस वाहन पर गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि एक पुलिस उप-निरीक्षक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो आरक्षी घायल हो गए।

### रूस के दक्षिणी यूक्रेन में हमले, एक की मौत

**कीव।** रूस ने शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात को दक्षिणी यूक्रेन में बड़े पैमाने ड्रोन और मिसाइल से हमले किये, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई घायल हुए हैं। दो दिन पहले मध्य कीव पर रूस के हवाई हमले में 23 लोग मारे गए थे और यूरोपीय संघ के राजनयिक कार्यालयों को नुकसान पहुंचा था। गवर्नर इवान फेडोरोव ने बताया कि झापोरिज्जिया क्षेत्र में शुक्रवार रात को हुए हमले में कम से कम एक नागरिक की मौत हो गई और बच्चों सहित 28 लोग घायल हो गए।

## मोबाइल देखते हुए गाड़ी चला रहे भारतीय को दुर्घटना पर 2 साल कैद

सिंगापुर, एजेंसी

- सिंगापुर की अदालत ने प्रोफेसर की मौत के बाद सुनाई सजा

सिंगापुर में 2023 में एक सड़क दुर्घटना में 'नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर' के वरिष्ठ प्रोफेसर की मौत के मामले में देश की एक अदालत ने शुक्रवार को एक भारतीय नागरिक को दो साल एक महीने जेल और 2,000 सिंगापुर डॉलर के जुर्माने की सजा सुनाई।

यह मामला सात जुलाई 2023 का है जब मोबाइल फोन देखते हुए लॉरी चला रहे नटराजन मोहनराज (28) ने एनयूएस के प्रोफेसर टैन यॉक लिन की कार को टक्कर मार दी थी। घायल प्रोफेसर को अस्पताल ले जाया गया लेकिन गंभीर चोटों के कारण उनकी मौत हो गई। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' के अनुसार, नटराजन पहले भी लापरवाही से वाहन चलाने के मामलों में शामिल रहा है।

यातायात पुलिस ने जून 2023 में उसे नोटिस जारी किया था कि वह 25 जुलाई से पहले अपना ड्राइविंग लाइसेंस जमा कर दे लेकिन हादसा इस तारीख से दो सप्ताह पहले ही हो गया। खबर में बताया गया कि नटराजन ने लापरवाही से वाहन चलाने सहित कई आरोपों को स्वीकार किया है। अदालत ने उसे सिंगापुर में जीवन भर के लिए वाहन चलाने से प्रतिबंधित कर दिया है। अदालत के दस्तावेजों से यह भी सामने आया कि घातक दुर्घटना के बाद भी नटराजन ने फिर से वही गलती की।

## साल दर साल बढ़ती ही जा रही है

# भारत में ड्रग्स की खपत



एनडीपीएस एक्ट की शुरुआत के बाद पिछले तीन दशकों में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से दो राष्ट्रव्यापी ड्रग सर्वेक्षण 2004 और 2019 में प्रकाशित किए गए हैं। इन सर्वेक्षणों के परिणाम बताते हैं कि भारत में नशीली दवाओं का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। पिछली रिपोर्ट के मुताबिक ओपिओइड यानी नशीली दवाओं का उपयोग 0.7 प्रतिशत से बढ़कर 2 प्रतिशत से भी अधिक हो गया है। ज्यादा परेशान करने वाली बात यह है कि हेरोइन ने प्राकृतिक ओपिओइड यानी अफीम और पोस्त की भूसी को सर्वाधिक दुरुपयोग किए जाने वाले ओपिओइड के रूप में बदल दिया है। पंजाब के एक बड़े पैमाने पर हुए अध्ययन ने भी पुष्टि की है कि सिंथेटिक दवाओं और कोकीन के उपयोग में काफी वृद्धि हुई है। भारत में ड्रग्स की वजह से हर दिन सैकड़ों मौतें होती हैं।

### देश में ड्रग्स की कितनी खपत

- आंकड़ों के अनुसार देश में लगभग 100 मिलियन पदार्थ व्यसनी हैं और नार्कोटिक उपभोग में 70% की वृद्धि हुई है।
- लगभग 2.1% भारतीय आबादी ओपियोइड्स का उपयोग करती है, जिसमें हेरोइन और फार्मास्यूटिकल ओपियोइड्स शामिल हैं।
- लगभग 2.8 प्रतिशत भारतीय आबादी कैनाबिस का उपयोग करती है जिसमें भांग, गांजा और चरस जैसा नशा शामिल हैं।
- इसके अलावा 1.08 प्रतिशत आबादी सेडेटिव्स का उपयोग करती है जो गैर चिकित्सकीय और गैर निर्धारित नशे की श्रेणी है।

### ड्रग्स की वजह से कितनी मौतें

- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के मुताबिक वर्ष 2003 से 2013 के बीच ड्रग्स के कारण देश में 25,000 से अधिक मौतें हुईं।
- वर्ष 2014 में ड्रग्स की वजह से आत्महत्या के 3,647 मामले सामने आए, सर्वाधिक 1,372 महाराष्ट्र से थे।
- केरल में ड्रग्स से जुड़ी मौतों की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक रही है, जबकि पंजाब में 2014 में ड्रग्स से मौत के 38 मामले सामने आए थे।

### तस्करी नेटवर्क

- भारत में ड्रग्स की तस्करी मुख्य रूप से अफगानिस्तान, पाकिस्तान और म्यांमार से होती है।
- बड़े पैमाने पर तस्करी के लिहाज से थाईलैंड, लाओस, म्यांमार गोल्डन ट्रायंगल कहलाते हैं।
- अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान को ड्रग्स तस्करी में गोल्डन क्रेसेंट कहते हैं।

### राज्यों में नशे का रुझान

- पंजाब, सिक्किम और छत्तीसगढ़ में लोग नशे के लिए ज्यादातर कैनाबिस का उपयोग करते हैं।
- उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, बिहार में हेरोइन और स्मैक की खपत ज्यादा है।
- सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम में ओपियोइड्स की खपत अधिक है।

### भारत में कानून और सख्ती

- एनडीपीएस एक्ट भारत का मुख्य कानून है जो प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी, उत्पादन, बिक्री और उपयोग पर कड़े नियंत्रण के लिए बना है।
- इसके तहत व्यावसायिक मात्रा में ड्रग्स तस्करी पर लंबी जेल, भारी जुर्माना और कुछ मामलों में आजीवन कारावास तक की सजा होती है।
- एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक 2023 में भारत में 74,000 ड्रग्स संबंधी मामलों में 98,000 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

### कई देशों में मृत्युदंड

- सिंगापुर, इंडोनेशिया, सऊदी अरब जैसे कई देशों में ड्रग्स तस्करी पर मृत्यु दंड जैसी कड़ी सजा है।

# भारतीय राज्यों और जापान के प्रांतों के बीच सहयोग बढ़ाने पर सहमति

## मोदी ने 16 गवर्नरों के साथ बैठक में किया दोनों देशों के बीच अपार संभावनाओं का जिक्र

टोक्यो, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को तोक्यो में जापान के 16 प्रांतों के गवर्नर से मुलाकात की और भारत-जापान विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी के तहत 'राज्य-प्रांत सहयोग' को मजबूत किए जाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और जापान की साझेदारी अपार संभावनाओं के द्वार खोल सकती है।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने मोदी और जापानी प्रांतों के गवर्नर के बीच बातचीत की विस्तृत जानकारी देते हुए 'एक्स' पर लिखा, भारत-जापान के मजबूत संबंधों को और सुदृढ़ करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टोक्यो में 16 प्रांतों के गवर्नर से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने भारत के राज्यों और जापान के प्रांतों के बीच सहयोग की संभावनाओं पर प्रकाश डाला और साझा प्रगति के लिए 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान इस संबंध में शुरू की गई राज्य-प्रांत साझेदारी पहल के तहत कदम उठाने का आग्रह किया।

मंत्रालय ने बताया कि चर्चा में प्रौद्योगिकी, नवोन्मेष, निवेश, कौशल, 'स्टार्ट-अप' और लघु एवं मध्यम उद्यमों के क्षेत्र में भारतीय राज्यों एवं जापानी प्रांतों के बीच बढ़ती साझेदारी को और गहरा करने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार मोदी ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों पर आधारित भारत-जापान संबंध निरंतर मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि टोक्यो और नई दिल्ली पर परंपरागत रूप से ध्यान केंद्रित करने से आगे बढ़कर राज्य-प्रांत संबंधों को नए सिरे से बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि राज्य-प्रांत साझेदारी पहल व्यापार, प्रौद्योगिकी, पर्यटन, कौशल, सुरक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगी। प्रधानमंत्री ने जापान के विभिन्न प्रांतों के गवर्नर और भारतीय राज्य सरकारों से विनिर्माण, गतिशीलता, अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे, नवोन्मेष, 'स्टार्ट-अप' और लघु व्यवसायों में सहयोग को मजबूत करने का आह्वान किया।



जापान के प्रधानमंत्री के साथ बुलेट ट्रेन में यात्रा करते प्रधानमंत्री मोदी।

### मोदी ने इशिबो के साथ की बुलेट ट्रेन में यात्रा

**टोक्यो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान यात्रा के दूसरे दिन शनिवार को प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ बुलेट ट्रेन में यात्रा की। मोदी ने जापान में बुलेट ट्रेन की सवारी की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। जापान के प्रधानमंत्री इशिबा ने मोदी के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, प्रधानमंत्री मोदी के साथ सेंडई की ओर जा रहा हूं। कल रात से ही सिलसिला जारी है और मैं आपके साथ कार में रहूंगा। प्रधानमंत्री मोदी और जापानी प्रधानमंत्री दोनों ने बुलेट ट्रेन से जापान के सेंडाई शहर तक की सवारी की। इस दौरान उन्होंने पूर्वी जापान रेलवे कंपनी में प्रशिक्षण ले रहे भारतीय ट्रेन ड्राइवरों से मुलाकात की। बुलेट ट्रेन की यात्रा के बाद प्रधानमंत्री ने सेंडई में एक सेमीकंडक्टर फैक्ट्री का दौरा किया।

### सेंडाई के सेमीकंडक्टर प्लांट का दौरा, सहयोग की उम्मीद जताई

चीन रवाना होने से प्रधानमंत्री मोदीपहले शनिवार को जापान में मियागी प्रांत के सेंडाई स्थित सेमीकंडक्टर प्लांट 'टोक्यो इलेक्ट्रॉन मियागी लिमिटेड' में पहुंचे, जापान की यह अग्रणी कंपनी भारत के साथ सहयोग की योजनाओं पर काम कर रही है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस यात्रा से दोनों देशों के नेताओं को सेमीकंडक्टर आपूर्ति शृंखला, निर्माण और परीक्षण के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए दोनों देशों के बीच मौजूद अवसरों की व्यावहारिक समझ मिली। दोनों पक्षों ने इस क्षेत्र में सहयोग को गहरा करने, जापान-भारत सेमीकंडक्टर आपूर्ति शृंखला साझेदारी पर सहयोग ज्ञापन के साथ भारत-जापान औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता साझेदारी एवं आर्थिक सुरक्षा संवाद के अंतर्गत साझेदारियों को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मोदी और इशिबा के इस संयंत्र के संयुक्त दौरे ने मजबूत, लचीली और विश्वसनीय सेमीकंडक्टर आपूर्ति शृंखलाएं विकसित करने के भारत और जापान के साझा दृष्टिकोण को भी रेखांकित किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने उनके साथ संयंत्र का दौरा करने के लिए जापान के प्रधानमंत्री इशिबा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

## तबाही के निशां



देश के पर्वतीय इलाके लगातार बारिश और भूस्खलन की आपदा से जूझ रहे हैं। शनिवार को भारी बारिश के कारण जम्मू जिले में तवी नदी के तटीय क्षेत्रों में आई बाढ़ ने कई मकानों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। एजेंसी

### इजराइली के हवाई हमले में मारे गए हुती प्रधानमंत्री, कई मंत्री

**काहिरा।** ईरान समर्थित हुती विद्रोहियों ने शनिवार का पुष्टि की कि यमन की राजधानी सना में इजराइली हवाई हमले में विद्रोही नियंत्रित सरकार के प्रधानमंत्री की मौत हो गई।

विद्रोहियों ने कहा कि अहमद अल-रहावी बृहस्पतिवार को सना में हुए हमले में मारे गए। कई मंत्री भी हताहत हुए हैं। इजराइली सेना ने कहा कि उसने सना क्षेत्र में हुती आतंकवादी शासन के सैन्य ठिकाने पर सटीक हमला किया। विद्रोहियों ने कहा है कि अल-रहावी अगस्त 2024 से हुती नेतृत्व वाली सरकार के प्रधानमंत्री थे। इजराइल ने तब हमला किया कि जब रहावी पिछले वर्ष की गतिविधियों और प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए एक कार्यशाला में शामिल हुए थे।

## अमेरिका ने फलस्तीनी राष्ट्रपति को संरा महासभा में भाग लेने से रोका

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- अब्बास ने कहा- अमेरिका का कदम अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन

अमेरिका की ओर से फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास और उनके 80 अधिकारियों का वीजा रद्द करने के बाद उन्हें अगले महीने न्यूयॉर्क में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र में भाग लेने से रोक दिया गया है।

फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने फलस्तीनियों पर 'एक काल्पनिक राज्य की एकतरफा मान्यता' की मांग पर अड़े रहने के कारण शांति के लिए वैश्विक प्रयासों को कमजोर करने का आरोप लगाया है। इजराइल ने अब्बास के वीजा रद्द किए जाने का स्वागत किया है। इजराइल के विदेशमंत्री गिदोन सार ने रुबियो के प्रति आभार भी जताया है।

अमेरिका की ओर से यह प्रतिबंध एक नियोजित पहल के तहत लगाया गया है। फ्रांस और कनाडा जैसे कई देशों ने वार्षिक वैश्विक सम्मेलन के दौरान फलस्तीन को एक राष्ट्र के तौर पर मान्यता देने की घोषणा की है। अब्बास ने अमेरिका के इस कदम पर निराशा व्यक्त की है और कहा है कि अमेरिका के विदेश विभाग का निर्णय अंतरराष्ट्रीय कानून के विपरीत है। उन्होंने कहा, अमेरिकी विदेश विभाग का निर्णय अंतरराष्ट्रीय कानून के विपरीत है। अमेरिकी प्रशासन को अपना निर्णय वापस लेना चाहिए और फलस्तीनी प्रतिनिधिमंडल को प्रवेश की अनुमति देनी चाहिए।

## इंडोनेशिया में सांसदों को ज्यादा भत्ता देने पर भीड़ ने क्षेत्रीय संसद भवन में आग लगाई

जकार्ता, एजेंसी

- तीन की मौत, पांच घायल, रातभर लपटों में घिरी रहा संसद भवन

इंडोनेशिया में सांसदों को न्यूनतम वेतन से 10 गुना ज्यादा आवास भत्ता देने से गुस्साए लोगों की भीड़ ने एक प्रांतीय राजधानी में संसद भवन में आग लगा दी। इस घटना कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य झुलस गए।

दक्षिण सुलावेसी प्रांत की राजधानी मकास्सर में शुक्रवार देर रात आग लगा दी गई। टेलीविजन पर खबरों में दिखाया गया कि प्रांतीय परिषद की इमारत रात भर जलती रही। स्थानीय आपदा अधिकारी फदली ताहर ने बताया कि बचावकर्मियों ने शनिवार सुबह तक तीन शव बरामद किए, जबकि इमारत से कूदने के बाद पांच लोगों को जलने या हड्डियां टूटने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पश्चिमी जावा के बांडुंग शहर में प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार को एक क्षेत्रीय संसद को भी आग के हवाले कर दिया, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इंडोनेशिया के दूसरे सबसे बड़े शहर सुरबाया में प्रदर्शनकारियों ने बाड़बंदी को नष्ट करने और वाहनों में आग लगाने के बाद क्षेत्रीय पुलिस मुख्यालय पर धावा बोल दिया।

जकार्ता में शनिवार को अधिकारियों ने जली हुई कारों और पुलिस कार्यालयों और बस स्थलों से मलबे को हटाया। जकार्ता में सोमवार को पांच दिन का विरोध उन खबरों के बाद शुरू हुआ जिनमें कहा गया कि सभी 580 सांसदों को उनके वेतन के साथ पांच करोड़ रुपिया (3,075 अमेरिकी डॉलर) मासिक आवास भत्ता मिलता है। पिछले साल शुरू हुआ यह भत्ता जकार्ता के न्यूनतम वेतन से लगभग 10 गुना ज्यादा है।

# न युद्ध रुकवाने का दावा माना न नोबेल पर समर्थन, इसलिए बिगड़े संबंध

## मोदी के साथ संबंधों में खटास आने के बाद अब ट्रंप ने किया क्वाड सम्मेलन में भारत न आने का फैसला

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस साल के अंत में क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने की अब कोई योजना नहीं है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने शनिवार को अपनी खबर में यह दावा किया। अखबार ने अपनी खबर में सिलसिलेवार बताया है कि किस तरह पिछले कुछ महीनों में ट्रंप और मोदी के बीच संबंध बिगड़े हैं।

अखबार ने 'नोबेल पुरस्कार और एक कठिन फोन कॉलः ट्रंप-मोदी संबंध कैसे बिगड़े' शीर्षक से प्रकाशित खबर में ट्रंप के कार्यक्रम से परिचित लोगों का हवाला देते हुए कहा, मोदी को यह बताने के बाद कि वह इस वर्ष के अंत में क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए भारत की यात्रा करेंगे, ट्रंप ने इस योजना को रद्द कर दिया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के दावे पर अमेरिका या भारत की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।



- द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी एक खबर में किए कई खुलासे

### ट्रंप की अपेक्षा ने मोदी को कर दिया नाराज

अखबार ने घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले लोगों के हवाले से लिखा है, ट्रंप की मोदी से फोन पर हुई वार्ता का स्पष्ट निहितार्थ था कि पाकिस्तान की तरह मोदी भी नोबेल के लिए उनका समर्थन करें लेकिन इससे भारतीय नेता भड़क गए। उन्होंने ट्रंप से कहा कि संघर्ष विराम में अमेरिका की कोई संलिप्तता नहीं है। यह भारत-पाकिस्तान के बीच सीधे तौर पर तय हुआ था। न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा, ट्रंप ने मोदी की टिप्पणियों को काफी हद तक नजरअंदाज कर दिया, लेकिन असहमति और मोदी के नोबेल पुरस्कार पर बातचीत से इन्कार से दोनों नेताओं के बीच संबंधों में खटास पैदा करने में बड़ी भूमिका निभाई है।

भारत इस वर्ष के अंत में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने लेख में बताया गया है कि किस प्रकार ट्रंप और मोदी के संबंध मई में भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिवसीय सैन्य झड़प में मध्यस्थता के ट्रंप के बार-बार दावों के बाद बिगड़ गए। लेख के मुताबिक, ट्रंप द्वारा भारत-पाकिस्तान संघर्ष के समाधान के बार-बार दावों से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नाराज हो गए। दावा किया गया कि मोदी का ट्रंप के प्रति धैर्य जवाब दे रहा है।

अखबार के मुताबिक ट्रंप और मोदी ने 17 जून को 35 मिनट फोन पर बात की थीजो ट्रंप के कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन से वाशिंगटन लौटने के बाद हुई थी। सम्मेलन में मोदी भी शामिल हुए थे। मोदी और ट्रंप का कनानास्किस में जी7 नेताओं के सम्मेलन के दौरान मिलने का कार्यक्रम था, लेकिन ट्रंप वाशिंगटन लौट आए। इससे पहले मोदी ने वाशिंगटन में ट्रंप से फोन पर बात की। कहा गया है कि 17 जून को फोन पर ट्रंप ने फिर से कहा कि सैन्य संघर्ष को समाप्त करने पर उन्हें कितना गर्व है और उन्होंने उल्लेख किया कि पाकिस्तान उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करने जा रहा है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 अगस्त, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, अष्टमी 1 सितंबर 12.57 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- वर्षा।

चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अनुराधा 05.27 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष:** आज घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ पूजा-पाठ में रुचि लेंगे। अपनी इच्छाशक्ति से कठिनाइयों को दूर कर लेंगे। आज आप ललित कलाओं में रुचि ले सकते हैं। व्यापार में कुछ नुकसान की आशंका है।

**वृष:** आज अपने व्यवहार को लेकर आत्मनिरीक्षण अवश्य करें। किसी छोटी बात को लेकर परिजनों से झगड़ा न करें। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। सामाजिक विषयों को लेकर आप परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन:** आज परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। व्यापार में धन लाभ हो सकता है। घर में बैठकर किसी रोचक वेबसीरीज का आनंद उठा सकते हैं। जीवन में अनुशासन लाने का प्रयास करें। स्थान परिवर्तन की योजना को लेकर जल्दबाजी न करें।

**कर्क:** आज किसी बड़े धनवान व्यक्ति से भेंट हो सकती है। अपच हो जाए तो परेशानी होगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थियों के लिए समय बहुत ही अच्छा है। अपने प्रेमी को कुछ उपहार दे सकते हैं।

**सिंह:** आज महिलाओं को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। छाती में कफ जम सकता है। रोजगार में कुछ बदलाव कर सकते हैं। दूसरों की सहायता करने में संकोच न करें। अपने व्यापार को लेकर त्वरित निर्णयों से आपको लाभ मिलेगा।

**कन्या:** आज अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। रियल एस्टेट से जुड़े प्रोजेक्ट्स काफी तेजी से आगे बढ़ेंगे। रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। आयुर्वेदिक दवाइयों से स्वास्थ्य लाभ होगा। इनका नित्य सेवन अवश्य करते रहें। अपनी गुप्त बातों को किसी से शेयर न करें।

**तुला:** आज आपको अच्छी नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। पर्यटन से जुड़े लोगों के लिए दिन अपेक्षाकृत शुभ रहेगा। सोशल मीडिया में अत्यन्त सक्रियता दिखायेंगे। अपनी क्षमता से लोगों को प्रभावित करेंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

**वृश्चिक:** आज शारीरिक थकान के कारण थोड़ा क्रोधित हो सकते हैं। आज आपको व्यायाम अवश्य करना चाहिए, इससे आप में ऊर्जा बनी रहेगी। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगा। जिस काम को अधूरा छोड़ दिये थे उसे पूरा कर लेंगे।

**धनु:** आज जीवनसाथी से आपको काफी सहायता मिलेगी। करियर में बदलाव करना चाहते हैं तो थोड़ा धैर्य रखें। सम्मानित व्यक्तियों से महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। आपको प्रत्येक स्थिति में सभी के साथ सामंजस्य बनाकर रखना होगा।

**मकर:** आज नए संबंधों में अधिक विश्वास न करें। संतान को लेकर कुछ निर्णय ले सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। विदेश यात्रा बाधित हो सकती है। वैवाहिक अड़चनें दूर करने के लिए आपको थोड़ा समय देना होगा। बड़ों की राय लेने से आपको सफलता मिलेगी।

**कुंभ:** आज अपनी योजनाओं से संतुष्ट रहेंगे। आपसी रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। परिजनों के साथ एकमत रहेंगे। गायन और अभिनय से जुड़े लोगों को उत्तम अवसर मिल सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद व्यतीत होगा।

**मीन:** आज नए घर की योजना बना सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। करियर में बदलाव कर सकते हैं। जीवन में स्थिरता आयेगी। आकस्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं। बुजुर्गों के प्रति मन में श्रद्धा भाव रखें।

## सुडोकू-85

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 3 | | 4 | | | 6 |
| | | 8 | | 6 | | | 3 | |
| | | | 2 | | 1 | | 9 | |
| 7 | | 3 | | 9 | | 5 | | |
| | 9 | | | | | | | |
| | | 6 | | 2 | | 9 | | 8 |
| | 4 | | 5 | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | | 2 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | 8 | |

### सुडोकू - 84 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 5 | 6 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 |
| 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 4 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |



> दलीप ट्रॉफी में मुझे जितने ओवर मिले, उससे मुझे बहुत अच्छा लगा। 15-17 ओवर के बाद मेरा शरीर ठीक महसूस करता है और गेंद भी अच्छी तरह से आ रही है। आज ज्यादा विकेट नहीं मिले, लेकिन भविष्य में जरूर मिलेंगे।
>
> -अर्शदीप सिंह


स्टेडियम

कानपुर नगर, रविवार, 31 अगस्त 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### द्रविड़ ने मुख्य कोच का पद छोड़ा

**नई दिल्ली :** पूर्व दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले सत्र से पहले राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच का पद छोड़ देंगे।



फ्रेंचाइजी ने शनिवार को यह घोषणा की। द्रविड़ को आईपीएल 2025 सत्र से पहले रॉयल्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। दिलचस्प बात यह है कि रॉयल्स ने यह घोषणा ऐसे समय में की है जबकि अटकलें लगाई जा रही हैं कि कप्तान संजू सैमसन भी फ्रेंचाइजी छोड़ना चाहते हैं। रॉयल्स ने एक्स पर एक बयान में कहा राहुल कई वर्षों से रॉयल्स के सफर के अहम अंग रहे हैं। उनके नेतृत्व में खिलाड़ियों की एक पीढ़ी तैयार हुई है। उन्होंने फ्रैंचाइज़ी की संस्कृति पर एक अमिट छाप छोड़ी है। बयान के अनुसार राहुल को फ्रैंचाइज़ी में एक बड़े पद की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया।

### हमारा ध्यान विश्व कप पर : सलीमा टेटे

**बेंगलुरु :** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने एशिया कप के लिए चीन के हांगझोउ रवाना होने से पहले शनिवार को यहां कहा कि टीम अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह पक्की करने के लिए प्रतिबद्ध है। टीम महिला एशिया कप में भाग लेने के लिए शनिवार को रवाना हुई। अगले वर्ष होने वाले विश्व कप में अपना स्थान पक्का करने के लिए भारत की 20 सदस्यीय टीम को यह टूर्नामेंट जीतना होगा। सलीमा ने एक विज्ञप्ति में कहा यह टूर्नामेंट हमारे लिए अगले वर्ष होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में अपना स्थान सुरक्षित करने का अच्छा अवसर है और हम इस पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### चोपड़ा करेंगे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : सुमारिवाला

**नई दिल्ली :** विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में डायमंड लीग फाइनल में औसत प्रदर्शन करने के बावजूद तोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद जताई। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 साल के चोपड़ा डायमंड लीग फाइनल में अपने सर्वश्रेष्ठ लय में नहीं दिखे। उन्होंने 85.01 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

### पाकिस्तान की जूनियर हॉकी टीम भारत आएगी

**राजगीर (बिहार) :** हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने शनिवार को पुष्टि की कि पाकिस्तान इस साल के अंत में एफआईएच जूनियर विश्व कप में भाग लेने के लिए भारत आएगा। दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष के बाद सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पाकिस्तान ने बिहार में चल रहे एशिया कप से हटने का फैसला किया। इससे यह संदेह पैदा हो गया था कि पाकिस्तान नवंबर-दिसंबर में चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप में भाग लेगा या नहीं।

# गिल का सीओई में फिटनेस टेस्ट होगा

## एशिया कप की तैयारी : बुमराह, जायसवाल और सुंदर के साथ रोहित शर्मा भी पहुंचे

**बेंगलुरु, एजेंसी**



बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड में रोहित शर्मा, शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह और शार्दुल ठाकुर। एजेंसी

भारतीय टेस्ट कप्तान और टी20 उपकप्तान शुभमन गिल आगामी एशिया कप के लिए दुबई जाने से पहले फिटनेस आकलन और तैयारियों के लिए यहां बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) पहुंच गए हैं। एशिया कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाले खिलाड़ियों को नौ सितंबर को मेजबान संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच से पहले चार सितंबर को दुबई में इकट्ठा होना है।

सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भी फिटनेस आकलन के लिए सीओई पहुंच गए हैं। फिटनेस की जांच रविवार से शुरू हो सकती है और सभी की निगाह एक दिवसीय टीम के कप्तान रोहित पर टिकी रहेगी जो टी20 और टेस्ट क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं।

यह 38 वर्षीय खिलाड़ी अक्टूबर में होने वाली वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर सकता है, लेकिन यह देखना बाकी है कि वह कानपुर में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 30 सितंबर, तीन अक्टूबर और पांच अक्टूबर को होने वाले एकदिवसीय मैचों में खेलते हैं या नहीं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के मैच 19, 23 और 25 अक्टूबर को खेले जाएंगे। फ्लू के कारण गिल पूर्वी क्षेत्र के खिलाफ चल रहे दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाए जहां उन्हें उत्तर क्षेत्र की कप्तानी करनी थी। गिल बेंगलुरु आने से पहले चंडीगढ़ स्थित अपने घर पर बीमारी से उबर रहे थे। यह संभव है कि गिल बेंगलुरु से दुबई के लिए उड़ान भरें, क्योंकि इस बार खिलाड़ी अपने-अपने स्थानों से सीधे दुबई पहुंचेंगे, जबकि पहले टीम यात्रा करने से पहले मुंबई में एकत्र होती थी। गिल के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा भी टूर्नामेंट से पूर्व तैयारियों के लिए सीओई पहुंच चुके हैं। पीटीआई को पता चला है कि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, वाशिंगटन सुंदर, यशस्वी जायसवाल और शार्दुल ठाकुर भी सीओई पहुंचने वाले हैं। ठाकुर दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं, जबकि एशिया कप के लिए स्टैंडबाय में रखे गए जायसवाल और सुंदर भी इस घरेलू टूर्नामेंट में खेलेंगे। एशिया कप के लिए भारतीय टीम में चुने गए कुछ अन्य खिलाड़ी जैसे अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा (उत्तरी क्षेत्र) और कुलदीप यादव (मध्य क्षेत्र) पहले से ही दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल खेल रहे हैं।

### बोरिंग टाइम का भी लुत्फ उठाना सीख लिया

**बेंगलुरु :** टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के लंबे होते इंतजार के बीच तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के साथ बातचीत ने उन्हें इस उबाऊ दौर से उबरना और एशिया कप के लिए मानसिक रूप से तैयार होना सिखाया है। इंग्लैंड दौरे पर शुरुआती तीन टेस्ट में एकादश से बाहर रहने के बाद अर्शदीप के पास चौथे और पांचवें टेस्ट में पदार्पण का मौका था लेकिन बाएं अंगूठे की दुर्भाग्यपूर्ण चोट के कारण ऐसा नहीं हो सका। अर्शदीप ने यहां दलीप ट्रॉफी के इतर कहा मैंने पिछले दो महीनों में मानसिक रूप से उबाऊ समय का लुत्फ उठाना सीख लिया है। टेस्ट क्रिकेट या लाल गेंद के मैचों में एक समय ऐसा आता है जब आपका काम थोड़ा उबाऊ हो जाता है। जैसे लंच के बाद का सत्र जब गेंद से ज्यादा मदद नहीं मिलती है। तब आप उसका लुत्फ कैसे ले सकते हैं?

### गर्मी के कारण मैचों का समय आधा घंटा पीछे खिसकाया गया

**दुबई :** अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शनिवार को घोषणा की कि संयुक्त अरब अमीरात में भीषण गर्मी के कारण आगामी एशिया कप के 19 में से 18 मैचों का शुरू होने का समय मूल कार्यक्रम से आधे घंटे पीछे कर दिया गया है। संशोधित समय के अनुसार अब मैच स्थानीय समयानुसार शाम 6.30 बजे (भारतीय समयानुसार रात 8 बजे) शुरू होंगे। इस बार टी-20 प्रारूप में आयोजित होने वाला यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट नौ से 28 सितंबर तक दुबई और अबू धाबी में खेला जाएगा। ईसीबी ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा एशिया कप 2025 के 19 मैचों में से 18 के शुरू होने का समय अपडेट कर दिया गया है। ये मैच अब स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे शुरू होंगे। बयान के अनुसार सोमवार, 15 सितंबर को यूएई और ओमान के बीच मैच स्थानीय समयानुसार दोपहर बाद चार बजे शुरू होगा। यह टूर्नामेंट का दिन में खेले जाने वाला एकमात्र मैच होगा। एशियाई क्रिकेट परिषद ने इससे पहले जो कार्यक्रम जारी किया था उसके अनुसार मैच स्थानीय समयानुसार शाम छह बजे शुरू होने थे।



विश्व चैंपियनशिप में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी। एजेंसी

# सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में, पदक पक्का

**पेरिस, एजेंसी**

- पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराया

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने यहां पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक सुनिश्चित किया।

भारतीय जोड़ी पिछले साल पेरिस ओलंपिक में मलेशिया की इस जोड़ी से हार गई थी, लेकिन शुक्रवार देर रात खेले गए मैच में वह इसका बदला लेने में सफल रही। सात्विक और चिराग की विश्व की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 43 मिनट में 21-12, 21-19 से शानदार जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। चिराग ने मैच के बाद कहा बहुत अच्छा लग रहा है। यह ओलंपिक जैसा ही मैच था। और मुझे लगता है कि आखिरकार हम कुछ हद तक बदला लेने में सफल रहे। यह वही कोर्ट था जिस पर ठीक एक साल पहले हम हार गए थे। मैं आज जीत हासिल करके वास्तव में बहुत खुश हूं। सात्विक और चिराग ने 2022 में इस टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता था और इस तरह से उनका विश्व चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक होगा। इससे 2011 में ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा के कांस्य पदक जीतने के बाद से भारत का प्रत्येक विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतना भी सुनिश्चित हो गया। एशियाई खेलों के चैंपियन का अगला मुकाबला चीन की 11वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी चेन बो यांग और लियू यी से होगा।

यह पूछे जाने पर कि क्या चीनी टीम अंडरडॉग होगी, सात्विक ने कहा बिल्कुल नहीं। सेमीफाइनल खेल रहे हैं, कोई अंडरडॉग नहीं है। कुछ ही घंटे पहले पीवी सिंधू के क्वार्टर फ़ाइनल में बाहर होने से भारत महिला एकल में पदक से वंचित रह गया था। जब सात्विक और चिराग कोर्ट पर उतरे तो उन पर उम्मीदों का बोझ साफ दिख रहा था।

# भारत को सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा

**राजगीर (बिहार), एजेंसी**

- हॉकी एशिया कप में जापान से मुकाबला आज
- भारत इस टूर्नामेंट में सर्वोच्च रैंकिंग वाली है टीम

**समय : दोपहर 3:00 बजे**



भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह युवा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए।

भारत पहले मैच के अपेक्षाकृत लचर प्रदर्शन को पीछे छोड़कर रविवार को यहां पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में खतरनाक दिख रही जापान के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगा।

विश्व में सातवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम ने शुक्रवार को पूल ए के अपने पहले मैच में विश्व में 23वें नंबर की टीम चीन पर 4-3 से करीबी जीत हासिल की लेकिन उसका यह प्रदर्शन प्रभावशाली नहीं था। भारत इस टूर्नामेंट में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है और एशिया कप जीतने का प्रबल दावेदार है। इस टूर्नामेंट की विजेता टीम अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के बीच सीधे क्वालीफाई करेगी।

भारत ने चीन के खिलाफ शानदार शुरुआत की, लेकिन खेल आगे बढ़ने के साथ उसकी लय गड़बड़ा गई। भारतीय रक्षा पंक्ति को तेज तर्रार जापानी टीम के खिलाफ सतर्क रहना होगा, जिसने अपने पहले मैच में कजाकिस्तान के खिलाफ सात गोल दागे थे। चीन के खिलाफ भारत के सभी चार गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए, जिसमें कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने हैट्रिक बनाई, लेकिन वह एक पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलने से चूक गए थे। जुगराज सिंह, हरमनप्रीत, संजय और अमित रोहिदास जैसे चार ड्रैगफ्लिकर के साथ भारत को पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की दर में भी सुधार करना होगा।

> इस टूर्नामेंट में भाग ले रही अधिकतर टीम जवाबी हमला करने के लिए इंतजार करती हैं। चीन के खिलाफ मैच हमारे लिए अच्छा सबक है। हमारी रक्षा पंक्ति को दमदार प्रदर्शन करना होगा।
>
> **- हरमनप्रीत सिंह, कप्तान**

भारतीय मध्य पंक्ति ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया और कई मौके बनाए, लेकिन उसे इन अवसरों को गोल में बदलना होगा। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन भी अपने फॉरवर्ड खिलाड़ियों की गोल करने में असमर्थता को लेकर चिंतित होंगे। हालांकि मनदीप सिंह, संजय, दिलप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह जैसे खिलाड़ी विपक्षी सर्कल के अंदर चुस्त दिखे, लेकिन वे स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराने में असफल रहे।

फुल्टन ने कहा, हमने (चीन के खिलाफ) मैच जीता लेकिन हम अपनी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। हमने कुछ मौके गंवाए और कुछ आसान गोल भी खाए। हम सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम हैं और यहां प्रबल दावेदार हैं, इसलिए हर टीम हमसे खेलने के लिए खुद को अच्छी तरह से तैयार करेगी और हमें उस चुनौती का सामना करना होगा।

### टीम

- **भारत :** कृष्ण बी पाठक (गोलकीपर), सूरज करकेरा (गोलकीपर), सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह।
- **जापान :** शोटा यामादा, युतो हिगुची, यामातो कावाहारा, सेरेन तनाका, नारू किमुरा, काजुमासा मात्सुमोतो, मनाबू यामाशिता, रायकी फुजीशिमा (कप्तान), केन नागायोशी, युसुके कावामुरा, कोसी कावाबे, ताकाशी योशिकावा (गोलकीपर), किशो कुरोदा (गोलकीपर), कीता वतनबे, रयोसुके शिनोहारा, ह्योटा यामादा।

# मलेशिया ने कोरिया को 4-1 से हराया बांग्लादेश ने चीनी ताइपे को 8-3 से रौंदा

**हॉकी एशिया कप**

**राजगीर (बिहार), एजेंसी**



कोरिया के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते मलेशियाई खिलाड़ी। एजेंसी



चीनी ताइपे के खिलाफ गोल करने के बाद जश्न मनाते हुए बांग्लादेश के खिलाड़ी।

कोरिया की हॉकी एशिया कप खिताब बचाने की मुहिम को शनिवार को मलेशिया से मिली 1-4 की करारी हार से करारा झटका लगा जबकि बांग्लादेश ने हॉकी टूर्नामेंट के पूल बी के अपने दूसरे मैच में चीनी ताइपे को 8-3 से रौंद दिया।

दिन के दूसरे मैच में पांच बार की चैंपियन कोरिया ने दूसरे मिनट में ही जियोन्ह्यो जिन के मैदानी गोल से बढ़त बना ली। लेकिन मलेशिया ने अखिमुल्लाह अनवार (29वें, 34वें, 58वें) की हैट्रिक और अशरान हमसानी के मैदानी गोल दागकर शानदार वापसी कर कोरिया को हरा दिया। हालांकि विश्व रैंकिंग में मलेशिया (12वें) और कोरिया (13वें) के बीच सिर्फ एक पायदान का अंतर है। फिर भी कोरिया इस मुकाबले में प्रबल दावेदार मानी जा रही थी। दिन के पहले मैच में बांग्लादेश ने पूरी तरह से दबदबा बनाया और आखिरी दो क्वार्टर में पांच गोल दागे। मोहम्मद अब्दुल्ला (चौथे और 26वें मिनट), रकीबुल हसन (42वें और 43वें मिनट) और अशरफुल इस्लाम (45वें और 58वें मिनट) ने बांग्लादेश के लिए दो-दो गोल किए जबकि सोहनुर सोबुज (36वें मिनट) और रेजाउल बाबू (56वें मिनट) ने भी गोल दागे। चीनी ताइपे के लिए त्सुंग-यू हसीह (10वें और 18वें मिनट) ने दो गोल किए जबकि त्सुंग-जेन शिह (60वें मिनट) ने अंतिम हूटर बजने से पहले गोल कर दिया।

# अंकित और धुल के शतक से उत्तर क्षेत्र सेमीफाइनल के करीब

**दलीप ट्रॉफी**



उत्तर क्षेत्र के कप्तान अंकित कुमार और यश धुल रन लेते हुए। एजेंसी

**बेंगलुरु :** पूर्वी क्षेत्र के खिलाफ कप्तान अंकित कुमार और उभरते हुए बल्लेबाज यश धुल के शानदार शतकों ने उत्तर क्षेत्र को शनिवार को यहां दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल की दहलीज पर पहुंचा दिया।

उत्तर क्षेत्र ने 183 रन की बढ़त के बावजूद फिर से बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अंकित (नाबाद 168 रन) और धुल (133 रन, 157 गेंद) ने शानदार बल्लेबाजी की जिससे उनकी टीम ने क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 388 रन बनाकर कुल 563 रन की बढ़त बना ली। अंकित और धुल ने दूसरे विकेट के लिए 290 गेंद पर 240 रन जोड़े। धुल पूरी तरह आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे थे जबकि अंकित ने संयम से खेलते हुए शतक जड़ा।

### पूर्वोत्तर के खिलाफ मध्य क्षेत्र की 678 रनों की बढ़त

**बेंगलुरु :** मध्य क्षेत्र ने पहली पारी में 347 रनों की बड़ी बढ़त के साथ दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली थी, लेकिन शनिवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ उसकी बढ़त 678 रनों तक पहुंच गई। इससे मैच में महज औपचारिकता रह गयी है। पूर्वोत्तर क्षेत्र की पहली पारी को 185 रनों पर समेटने के बाद मध्य क्षेत्र ने अपनी दूसरी पारी में स्टंप्स तक सात विकेट पर 331 रनों पर घोषित कर दी। शुभम शर्मा (122 रन) की धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी और कप्तान रजत पाटीदार (66 रन) तथा यश राठौड़ (78 रन) के तेज अर्धशतकों ने मुकाबले को महज औपचारिकता बना दिया है।

## यूपी योद्धाज ने तेलुगू टाइटंस को 5 अंक से हराया

**विशाखापट्टनम :** गगन गौड़ा (14 अंक, 2 सुपर रेड), गुमान सिंह (7 अंक) और सुमित सांगवान (8 अंक, हाई-5) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत यूपी योद्धाज ने प्रो कबड्डी लीग सीजन-12 के अपने पहले मैच में मेजबान तेलुगू टाइटंस को 40-35 से हरा दिया। टाइटंस की यह लगातार दूसरी हार है।

आज यहां विश्वनाथ स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टाइटंस ने दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए एक समय फासला 3 का कर दिया था लेकिन अंतिम मिनट में गगन के सुपर रेड ने मैच का पासा पलट दिया। टाइटंस के लिए कप्तान विजय मलिक ने शानदार 14 अंक जुटाए। इनके अलावा कोई और खिलाड़ी प्रभावित नहीं कर सका। अपना पहला मैच हार चुकी टाइटंस और सीजन का पहला मैच खेल रही यूपी ने सावधान शुरुआत की।

**यूएस ओपन**

मैच की शुरुआत में पीठ की समस्या से उबरते हुए दिखाया दम

# जोकोविच 38 साल की उम्र में चौथे दौर में पहुंचे

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**



पीठ की समस्या के बावजूद शानदार प्रदर्शन करते हुए नोवाक जोकोविच। एजेंसी

नोवाक जोकोविच मैच की शुरुआत में पीठ की समस्या से उबरते हुए शुक्रवार रात कैम नोरी को हराकर 1991 में जिमी कोनर्स के बाद अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए।

जोकोविच ने 38 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की। कोनर्स जब 1991 में इस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंचे थे तब उनकी उम्र भी 38 साल थी। जोकोविच ने 6-4, 6-7 (4), 6-2, 6-3 से जीत हासिल की, जिसमें उन्होंने 18 ऐस लगाए, जो उनके अनुसार टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन फ्लशिंग मीडोज़ में मैच के शुरू में चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी लेकिन उन्होंने शानदार खेल दिखाया।

इस बीच महिला वर्ग में 2021 की चैंपियन एम्मा राडुकानू का सफर एलेना रयबाकिना से 6-1, 6-2 से हार के साथ समाप्त हुआ। गत चैंपियन एरिना सबालेंका और 2024 की उपविजेता जेसिका पेगुला भी अगले दौर में जगह बनाने में सफल रही। पुरुष वर्ग में नंबर छह बेन शेल्टन और नंबर 17 फ्रांसेस टियाफो दोनों को हार का सामना करना पड़ा।

### चंद्रशेखर व प्रशांत की भारतीय जोड़ी जीती

**न्यूयॉर्क :** अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने यहां अमेरिका के क्रिश्चियन हैरिसन और इवान किंग की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को तीन सेटों में हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। चंद्रशेखर और प्रशांत ने एक घंटे 42 मिनट में 3-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की।

### चोटिल अल्काराज की आसान जीत

**न्यूयॉर्क :** कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को आर्थर ऐश स्टेडियम में दाहिने घुटने में चोट लगने के बावजूद सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया। अमेरिकी ओपन में 2022 में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज टूर्नामेंट में पहली बार चोटिल हुए। उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया और एक ट्रेनर से अपने पैर की मालिश करवाई। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि इसका असर अपने खेल पर नहीं पड़ने दिया और 32वें नंबर के लुसियानो डार्डेरी को 6-2, 6-4, 6-0 से हरा दिया।